हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 11

खेल



सूर्यकुमार यादव का खराब फॉर्म जारी, टी-20 मुंबई लीग में 11 गेंद पर 19 रन बनाकर आउट

Page 09

देश



संगीत कलाकारों ने पूर्व मंत्री पर लगाया कटमनी लेने का आरोप, मुख्यमंत्री शुभेंदु...

कृष्ण पक्ष, उत्तराषाढ़ा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • गुरूवार • 04 जून 2026 • वर्ष 28 • अंक 182 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,43,200 | ₹ 2,80,000 |



## आज का इतिहास

**1946 :** दक्षिण भारतीय पार्श्व गायक, अभिनेता और संगीत निर्देशक बालू का जन्म हुआ।

**1936 :** हिन्दी सिनेमा की प्रसिद्ध अदाकारा में से एक नूतन का जन्म हुआ था।

## न्यूज बाइट्स

### भारत समेत दुनिया में तीन महीने सूखे की आशंका

**नई दिल्ली (ए.)** । भारत समेत दुनिया के कई देशों में आगामी महीनों के दौरान सूखे जैसी परिस्थितियां बनने की आशंका जताई गई है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के बाद संयुक्त राष्ट्र की मौसम एजेंसी (डब्ल्यूएमओ) ने भी वैश्विक जलवायु को लेकर चेतावनी जारी की है। एजेंसी के अनुसार प्रशांत महासागर में समुद्री जल के तेजी से गर्म होने के कारण जून से अगस्त के बीच अल नीनो विकसित होने की संभावना 80 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जबकि नवंबर तक इसके बने रहने की संभावना 90 प्रतिशत से अधिक है। डब्ल्यूएमओ के अनुसार अल नीनो के प्रभाव से भारत सहित दुनिया के कई हिस्सों में सूखा, बाढ़, समुद्री और स्थलीय हीटवेव जैसी चरम मौसमीय घटनाएं देखने को मिल सकती हैं। इसी को देखते हुए केंद्र सरकार ने भी राज्यों को सतर्क रहने और संभावित परिस्थितियों से निपटने के लिए अग्रिम तैयारी करने का निर्देश दिया है।

### डीके शिवकुमार बने कर्नाटक के नये मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली (ए.)** । डीके शिवकुमार ने बुधवार को बेंगलुरु के लोक भवन में कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस दौरान वे हाथ में संविधान रखे हुए थे। शिवकुमार को 30 मई को कांग्रेस विधायक दल की बैठक में नेता चुना गया था। वहीं जी परमेश्वर ने नए डिप्टी चीफ मिनिस्टर पद की शपथ ली। शिवकुमार के अलावा 13 विधायक भी शपथ ले रहे हैं। इनमें पूर्व सीएम सिद्धारमैया के एमएलसी बेटे यतींद्र सिद्धारमैया भी शामिल हैं। शिवकुमार पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की जगह राज्य की कमान संभालेंगे। सिद्धारमैया ने 28 मई को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। सिद्धारमैया 20 मई 2023 से 28 मई 2026 तक मुख्यमंत्री रहे।

दिल्ली के मालवीय नगर के होटल में लगी आग, धुएं से घिरे मेहमानों ने होटल की खिड़कियों से लगाई छलांग

# आग लगने से 21 की मौत



## आग ने छह मंजिला इमारत को घेरा, 40 लोगों को निकाला गया सुरक्षित, अधिकांश विदेशी नागरिक

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लरिश स्टे होटल में बुधवार को लगी भीषण आग में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 35 अन्य घायल हो गए। मृतकों में 11 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, जिनमें नौ अफ्रीकी देशों के और दो तुर्कमेनिस्तान के नागरिक बताए गए हैं। हादसे के बाद राहत एवं बचाव अभियान देर रात तक जारी रहा तथा होटल से लगभग 40 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार आग छह मंजिला इमारत के भूतल पर संचालित बी-एन-बी रेस्टोरेंट में लगी, जो कुछ ही देर में पूरे होटल में फैल गई। घटना के समय होटल में बड़ी संख्या में लोग ठहरे हुए थे। मृतकों में 10 भारतीय नागरिक भी शामिल हैं, जिनमें से आठ लोग आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। इनमें तीन राजस्थान और पांच हरियाणा के निवासी थे। घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जिनमें 19 की हालत गंभीर बनी हुई है। आग लगने के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है और मामले की जांच की जा रही है। होटल प्रेस एन्क्लेव रोड पर स्थित है, जहां एम्स और मैक्स अस्पताल जैसे प्रमुख चिकित्सा संस्थान भी हैं। इन अस्पतालों में इलाज कराने आने वाले मरीजों के परिजन अक्सर इस होटल में ठहरते थे। हादसे के बाद दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उच्चस्तरीय बैठक कर अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को होटलों, नर्सिंग होम, कोचिंग संस्थानों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की विशेष जांच कराने तथा नियमों के उल्लंघन की स्थिति में सीलिंग की कार्रवाई करने को कहा है। वहीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घटना की विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।



### पीएम और मुख्यमंत्री ने जताया दुख, मुआवजे की घोषणा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मालवीय नगर आग की घटना में जानमाल के नुकसान पर दुख जताया है। उन्होंने मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। आग की घटना पर रेखा गुप्ता ने एक सोशल मीडिया पोस्ट लिखा है जिसमें उन्होंने मालवीय नगर में लगी भयानक आग की घटना में लोगों की दुखद मौत पर दुख जताया है। उन्होंने लिखा है कि दुखी परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मैं घायलों के जल्दी ठीक होने और इस दिल दहला देने वाली त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों को ताकत और हिम्मत देने की प्रार्थना करती हूं। हम इस त्रासदी से प्रभावित लोगों को हर मुमकिन मदद देने के लिए तैयार हैं।

### अपनों का इलाज कराने आए थे दिल्ली, खुद की जिंदगी गंवा बैठे

एक पल में किस तरह पूरी जिंदगी बिखर जाती है और कैसे परिवार तबाह हो जाते हैं उसका बड़ा उदाहरण है दिल्ली के मालवीय नगर का रेस्टोरेंट अग्निकांड। यहां एक पल में अपनों का इलाज कराने आए लोग खुद ही मौत के मुंह में चले गए। हादसे के वक्त रेस्टोरेंट में नाश्ता परोसा जा रहा था और वहां 60 से ज्यादा लोग मौजूद थे। बेसमेंट में रेस्टोरेंट के साथ-साथ कई कमरे भी बने हैं, जिनमें उस समय लोग मौजूद थे। आग लगने की वजह साफ नहीं हो पाई है। हालांकि रेस्टोरेंट के शेफ ने इलेक्ट्रिक चूल्हे में धमाके से आग लगने की बात कही है।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा

# बिहार में 11 मेगा पार्क और सभी जिलों में बनेंगे फूड पार्क

**निज संवाददाता** | पटना



बिहार में औद्योगिक विकास को नई गति देने और बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने राज्य में 11 मेगा इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित करने तथा सभी 38 जिलों में फूड पार्क विकसित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उद्योगों को भूमि उपलब्ध कराने के लिए 50 हजार एकड़ का लैंड बैंक तैयार करने की भी घोषणा की गई। पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित उद्योग विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में सम्राट चौधरी ने अधिकारियों को औद्योगिक विकास, उद्यमिता और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिहार को देश के प्रमुख औद्योगिक राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए बड़े और छोटे उद्योगों को आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराना जरूरी है।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार को 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए उद्योग स्थापना से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाना होगा। निवेशकों को सभी आवश्यक स्वीकृतियां और सुविधाएं निर्धारित समय पर उपलब्ध कराई जाएं, ताकि राज्य में निवेश का माहौल और मजबूत हो सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य के सभी 38 जिलों में फूड पार्क विकसित करने और 11 मेगा पार्क की स्थापना की दिशा में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिहार कृषि प्रधान राज्य है और यहां खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं। फूड पार्कों के विकास से किसानों को बेहतर बाजार मिलेगा, वहीं स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

### औरंगाबाद के नबीनगर में बनेगा आईटीआई

जिले के नबीनगर में नया औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) स्थापित किया जाएगा। यह संस्थान राज्य सरकार और भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड के बीच हुए समझौते के तहत स्थापित किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2026-27 से 5 विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा। संस्थान के संचालन के लिए कुल 38 नए पदों का सृजन किया जाएगा। संस्थान पर हर वर्ष 2 करोड़ 11 लाख 89 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। नबीनगर में भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड द्वारा निर्मित भवन और अन्य सुविधाएं समझौते के अनुसार राज्य सरकार को निःशुल्क हस्तांतरित की जाएंगी।

## भीषण गर्मी के बीच बिजली आपूर्ति पर सख्त हुए ऊर्जा सचिव, ट्रिपिंग रोकने और त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

**निज संवाददाता** | पटना



बिहार में भीषण गर्मी के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ऊर्जा विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। ऊर्जा विभाग के सचिव एवं बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक अजय यादव ने बुधवार को राज्य में बिजली आपूर्ति व्यवस्था और ट्रिपिंग की घटनाओं की समीक्षा को लेकर फील्ड अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में ऊर्जा सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्युत आपूर्ति से जुड़े सभी कार्य निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार किए जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की बिजली बाधा या तकनीकी खराबी के कारण होने वाली ट्रिपिंग की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

अजय यादव ने वितरण व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर देते हुए डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर (डीटी), बिजली पोल, विद्युत लाइनों तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं का नियमित निरीक्षण और समयबद्ध रखरखाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने फील्ड स्तर पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन और बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा। ऊर्जा सचिव ने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है, ऐसे में सभी आवश्यक संसाधनों और मानवबल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत बनाने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड एवं उत्तर बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेडके प्रबंध निदेशक राहुल कुमार सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। ऊर्जा विभाग का मानना है कि समय पर निगरानी और रखरखाव से गर्मी के मौसम में बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने में मदद मिलेगी।

बिहार में दलहन क्रांति की तैयारी, उत्पादन तीन गुना बढ़ाने का लक्ष्य

## राष्ट्रीय दलहन आत्मनिर्भरता मिशन से बिहार के किसानों को मिलेगा बड़ा लाभ : मंगल पांडेय

**निज संवाददाता** | पटना



बिहार के पूर्व स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय दलहन आत्मनिर्भरता मिशन राज्य के कृषि क्षेत्र और किसानों की आय में व्यापक बदलाव लाने का माध्यम बन रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर फरवरी 2026 से लागू इस मिशन के तहत बिहार को 93.75 करोड़ रुपये की विशेष सहायता राशि प्राप्त हुई है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री के प्रति बिहार की जनता और किसानों की ओर से आभार व्यक्त किया। मंगल पांडेय ने कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 में घोषित तथा 1 अक्टूबर 2025 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत यह मिशन देश को पोषण सुरक्षा और दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने बताया कि फरवरी माह में मध्य प्रदेश के सीहोर स्थित दलहन अनुसंधान केंद्र में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिहार सरकार को इस योजना की सहायता राशि प्रदान की थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बिहार का दलहन उत्पादन 3.93 लाख मीट्रिक टन है, जिसे अगले पांच वर्षों में बढ़ाकर 11.27 लाख मीट्रिक टन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के बाद बिहार अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के साथ-साथ अन्य राज्यों को भी दाल की आपूर्ति करने में सक्षम होगा। मिशन के तहत बिहार की जलवायु और मिट्टी के अनुरूप अरहर, चना, मसूर, उड़द और मूंग को प्रमुख फसलों के रूप में चिन्हित किया गया है। इन फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए राज्य में राष्ट्रीय स्तर का सीड हब स्थापित किया जाएगा, जिससे किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराए जा सकेंगे।

### सात सरकारी पॉलिटेक्निक के 10 कोर्स को मिली एनबीए मान्यता

**पटना (नि.सं.)**। बिहार में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले राज्य के 7 सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों के 10 विभिन्न पाठ्यक्रमों को नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रिडिटेशन (एनबीए) से मान्यता प्राप्त हुई है। इसे राज्य की तकनीकी शिक्षा व्यवस्था के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। मान्यता प्राप्त संस्थानों में राजकीय पॉलिटेक्निक, **औरंगाबाद का मैकेनिकल इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम,** राजकीय पॉलिटेक्निक, छपरा का इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम, राजकीय पॉलिटेक्निक, किशनगंज और सुपौल के मैकेनिकल इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम शामिल हैं।




# जिले की ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण हेतु जिला पदाधिकारी ने पुरातात्विक स्थलों का लिया जायजा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा** क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के नेतृत्व में जिला पुरातात्विक समिति द्वारा जिले के संरक्षित एवं सुरक्षित घोषित पुरास्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में वारिसलीगंज प्रखंड स्थित ऐतिहासिक पुरास्थल अपसढ़ (तालाब) तथा काशीचक प्रखंड स्थित पार्वती पहाड़ी का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध पुरातात्विक धरोहरों, संरक्षण कार्यों एवं आधारभूत सुविधाओं की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।

पार्वती पहाड़ी के निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को पुरास्थलों के संरक्षण, संवर्धन एवं सौंदर्यीकरण के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पार्वती पहाड़ी स्थित डाक बंगला पूर्णतः क्षतिग्रस्त अवस्था में पाया गया।

इस पर जिला पदाधिकारी ने वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों को अनावश्यक व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगाने तथा परिसर की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने का निर्देश दिया।जिला पदाधिकारी ने पुरास्थलों की नियमित साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, सूचना पट्टों की स्थापना तथा पर्यटकों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुरास्थलों के ऐतिहासिक महत्व के व्यापक प्रचार-प्रसार



तथा पर्यटन की संभावनाओं को विकसित करने हेतु भी आवश्यक कदम उठाने पर बल दिया।

इसके उपरांत जिला पदाधिकारी ने वारिसलीगंज प्रखंड स्थित अपसढ़ तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तालाब परिसर के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही तालाब के चारों ओर नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा हाई मास्ट लाइट स्थापित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

इसके पश्चात उन्होंने अपसढ़ गांव में स्थित ऐतिहासिक धरोहरों का भी अवलोकन किया तथा संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को पुरास्थलों से संबंधित लंबित कार्यों की समीक्षा कर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अतिक्रमण एवं पुरास्थलों को किसी प्रकार की क्षति से बचाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को भी कहा।

इसी क्रम में जिला पदाधिकारी ने काशीचक प्रखंड के रेवरा जगदीशपुर में संचालित होने वाले डिग्री कॉलेज के लिए विद्यालय के भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन की स्थिति का जायजा लेते हुए उन्होंने संबंधित एलईओ को भवन की आवश्यक मरम्मत एवं रंग-रोगन कराने का निर्देश दिया। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया कि भवन की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए सभी आवश्यक शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा 01 जुलाई 2026 से डिग्री कॉलेज का संचालन प्रारंभ कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें।

निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर श्री अमित अनुराग, गोपनीय शाखा प्रभारी श्री राजीव कुमार, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सुश्री प्रतिभा कुमारी, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मनरेगा कार्यों को 1 जुलाई से पहले पूरा करने का निर्देश

**कौआकोल।** प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित मनरेगा कार्यालय भवन में बुधवार को मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी (पीओ) असलम हुसैन की अध्यक्षता में मनरेगा कर्मियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कौआकोल प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान पीओ असलम हुसैन ने सभी कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि मनरेगा के तहत चल रहे सभी कार्यों को हर हाल में 1 जुलाई से पहले पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा होने से आगामी योजनाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई से "जी राम जी" योजना लागू किए जाने की तैयारी चल रही है। इसे देखते हुए वर्तमान में संचालित योजनाओं को समय पर पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने सभी कर्मियों को कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा गुणवत्ता के साथ समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में मनरेगा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्रखंड के मनरेगा कर्मी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### खेत में मूँग तोड़ने गई किशोरी की सर्पदंश से मौत

**कौआकोल।** प्रखंड अंतर्गत पहाड़पुर पंचायत के मधुरापुर गांव में विषैले सांप के काटने से एक किशोरी की मौत हो गई। मृतका की पहचान मधुरापुर गांव निवासी सुरेश यादव की 17 वर्षीय पुत्री मनीता कुमारी के रूप में की गई है। स्वजनों ने बताया कि मनीता कुमारी खेत में मूंग तोड़ने गई थी। इसी दौरान उसे विषैले सांप ने काट लिया। जहाँ घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।गांव में भी शोक का माहौल व्याप्त हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

### 10 हजार रुपये रिश्वत लेते आवास सहायक गिरफ्तार, निगरानी विभाग की बड़ी कार्रवाई

**नवादा।** जिले के मेसकौर प्रखंड कार्यालय के पास बुधवार को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो (विजिलेंस), पटना की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आवास सहायक बीरू कुमार को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी की पुष्टि निगरानी डीएसपी मिथलेश कुमार ने की है। जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित कार्य एवं लाभ दिलाने के नाम पर लाभुक से रिश्वत की मांग की गई थी। इसकी शिकायत निगरानी विभाग से की गई। शिकायत मिलने के बाद विभाग ने मामले का सत्यापन कराया, जिसमें आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। इसके बाद विशेष धावादल का गठन कर जाल बिछाया गया। बुधवार को पूर्व निर्धारित योजना के तहत जैसे ही आवास सहायक ने शिकायतकर्ता से 10 हजार रुपये की रिश्वत ली, निगरानी टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। कार्रवाई के दौरान रिश्वत की राशि भी बरामद कर ली गई। गिरफ्तारी के बाद आरोपित को अपने साथ पटना ले जाया गया, जहां उससे पूछताछ के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस कार्रवाई से मेसकौर प्रखंड कार्यालय में हड़कंप मच गया। वहीं आम लोगों ने निगरानी विभाग की तत्परता की सराहना करते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रखने की मांग की है।

### राशन कार्ड से नाम कटने पर भड़के लाभुक, बीडीओ से लगाई गुहार




शिकायत करने प्रखण्ड मुख्यालय पहुचे लाभुक

**नरहट (नवादा):** प्रखंड क्षेत्र में राशन कार्ड सूची से नाम हटाए जाने के बाद दर्जनों लाभुकों का आक्रोश बुधवार को सामने आया। विभिन्न पंचायतों से पहुंचे लाभुकों ने प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर बीडीओ से शिकायत की और मामले की जांच कर पात्र लोगों का नाम पुनः जोड़ने की मांग की। शिकायत करने वालों में पतरोल की रेखा देवी व सुनीता देवी, मदनपुर की साबो देवी व हलखी देवी, सोरहीपुर की कमला देवी, बनिया बिगहा की विगनी देवी, ओलिपुर की सुगनी देवी, बाजितपुर की गीता देवी, जलालपुर की शर्मिला देवी व ममता देवी तथा सैदपुर की उषा देवी समेत कई लोग शामिल थे। लाभुकों ने बताया कि जब वे जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों पर राशन लेने पहुंचे तो डीलरों ने उनका नाम सूची में नहीं होने की बात कहकर खाद्यान्न देने से इनकार कर दिया। पूछताछ करने पर पता चला कि उनका नाम राशन कार्ड सूची से हटा दिया गया है। इससे उनके परिवारों के समक्ष खाद्यान्न संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। लाभुकों ने प्रशासन से मांग की कि पात्र परिवारों की पहचान कर उनका नाम शीघ्र सूची में जोड़ा जाए तथा लंबित राशन भी उपलब्ध कराया जाए। इस संबंध में बीडीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की विस्तृत जानकारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ही दे सकते हैं। वहीं, बीएसओ सुमित कुमार ने बताया कि सरकार का कंडीशन को फुलफिल नही करने वाले लाभुकों का नाम काटा गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभुकों, दोपहिया अथवा चारपहिया वाहनधारकों सहित कुछ श्रेणियों के करीब तीन हजार लोगों के नाम आधार लिंकिंग के आधार पर सूची से हटे हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी पात्र लाभुक का नाम कटा है तो पोर्टल खुलने के बाद उसका नाम पुनः जोड़ा जाएगा।

### विश्व साइकिल दिवस पर खेल एवं साइकिल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन




**कौआकोल।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत के बैनर तले कौआकोल प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत दुधपनियाँ गांव के खेल मैदान में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन युवा स्वयंसेवक गौतम कुमार के देखरेख में किया गया। इस अवसर पर कबड्डी,साइकिल दौड़ एवं दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में स्थानीय वार्ड सदस्य बैजनाथ मांझी,सहयोगी कुंदन कुमार यादव,अनिल कुमार महतो,विजय यादव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। साइकिल दौड़ प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में पीहू कुमारी (बिझो गांव) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं निशु कुमारी (बिझो गांव) द्वितीय एवं रानी कुमारी (तरौन गांव) तृतीय स्थान पर रहीं। कबड्डी प्रतियोगिता में तरौन गांव की टीम विजेता बनी,जबकि मननियांतरी गांव की टीम उपविजेता रही। सफल प्रतिभागियों सहित विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने साइकिल के उपयोग को पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य संवर्धन एवं ईंधन बचत के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए लोगों से दैनिक जीवन में अधिक से अधिक साइकिल अपनाने की अपील की। इधर दूसरी ओर विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर सोखोदेवरा आश्रम में भी साईकिल दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## साईकल रैली निकाल कर मनाया विश्व साईकल दिवस



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**वारिसलीगंज।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर युवा हिम्मत क्लब चांदनी चौक नरहट के बैनर तले सैकड़ो युवाओं ने साइकिल रैली में भाग लिया और इस दिवस को मनाया युवा हिम्मत क्लब नरहट के अध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा के निर्देशन में यह कार्यक्रम का आयोजन हुआ विश्व साइकिल दिवस का मुख्य थीम यह था की साइकिल की हर पैंडल के साथ स्वास्थ एवं पर्यावरण सुरक्षा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संतोष कुमार वर्मा ने युवाओं को बताया कि साइकिल चलाने के कई फायदे हैं जिसमें पहला फायदा पर्यावरण संरक्षण के तहत साइकिल परिवहन का ऐसा साधन है जो शुन्य प्रदूषण फैलता है दूसरा फायदा स्वास्थ्य एवं फिटनेस के तहत एक बेहतरीन हृदय संबंधी व्यायाम है साथ ही वजन को भी नियंत्रित करता है और मांसपेशियों को मजबूत बनाकर मानसिक तनाव को कम करता है तीसरा फायदा की किफायती एवं सुलभ के तहत यह परिवहन सबसे सस्ता और सरल साधन है जो समाज के सभी वर्गों के लिए सुलभ टिकाऊ एवं कम दाम में मरम्मती होता है साथ ही यातायात की भीड़ को कम करने में प्रमुख भूमिका निभाता है इस अवसर पर राजेश कुमार राकेश कुमार मुकेश संगम स्काउट प्रशिक्षक संतु कुमार ने सहयोग दिया एवं लोगों को इसके फायदे के बारे में जानकारी दिया गया।

## एसडीएम ने किया रजौली अनुमंडल अस्पताल का निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त करने का दिया निर्देश

◆ मरीजों से ली सुविधाओं की जानकारी, दवा भंडार और साफ-सफाई का किया अवलोकन, कहा- असुविधा नहीं होनी चाहिए



अस्पताल का निरीक्षण करते एसडीएम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** अनुमंडल पदाधिकारी रजौली स्वतंत्र कुमार सुमन ने बुधवार को अनुमंडल अस्पताल रजौली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध नागरिक सुविधाओं, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई व्यवस्था तथा मरीजों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के क्रम में एसडीएम ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत की। उन्होंने मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। मरीजों ने इलाज और दवाओं को लेकर अपनी बात रखी। एसडीएम ने गंभीरता से सभी बिंदुओं को सुना।

अनुमंडल पदाधिकारी ने अस्पताल परिसर की स्वच्छता व्यवस्था का अवलोकन किया। वार्ड, शौचालय और परिसर की सफाई देखी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को साफ-सफाई बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि अस्पताल में गंदगी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इसके अतिरिक्त एसडीएम ने दवा भंडार का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आवश्यक औषधियों की उपलब्धता की समीक्षा की। स्टॉक रजिस्टर की जांच की और सुनिश्चित किया कि जरूरी दवाएं मरीजों को समय पर मिलें। साथ ही चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति का भी सत्यापन किया। रोस्टर के अनुसार ड्यूटी की जांच की गई।

निरीक्षण के बाद अनुमंडल पदाधिकारी ने अस्पताल प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हों। मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन सतत प्रयासरत है। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। एसडीएम के निरीक्षण से अस्पताल कर्मियों में हड़कंप रहा। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि निरीक्षण के बाद अस्पताल की व्यवस्था में सुधार आएगा।

## खनवां में भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक संपन्न, किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** भारतीय किसान संघ प्रखंड इकाई नरहट की कार्यकारिणी की मासिक बैठक बुधवार को प्रखंड के खनवां गांव में रामाश्रय सिंह के पुत्र संजय सिंह के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राम अनुग्रह प्रसाद ने की। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व भगवान बलराम एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया गया।




बैठक करते संघ से जुड़े कार्यकर्ता

बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं, संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों एवं किसान हित से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रखंड अध्यक्ष ने संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने तथा किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में नियमित मासिक बैठक की समीक्षा, स्थानीय समस्याओं, किसान आईडी, बीज एवं खाद की उपलब्धता तथा आगामी आंदोलन की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किए गए। निर्णय लिया गया कि अगली मासिक बैठक 03 जुलाई 2026 को वाजितपुर गांव में आयोजित की जाएगी। साथ ही खनवां पंचायत में पईन (आहर) की सफाई कराने, फसलों को नुकसान पहुंचा रही नीलगाय की समस्या के स्थायी समाधान तथा क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग उठाई गई। किसानों को समय पर बीज एवं खाद उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में सभी सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक किसानों को भारतीय किसान संघ से जोड़ने का आग्रह किया गया। मौके पर संजय कुमार, अवनीक कुमार सिंह, राजीव कुमार, चन्द्रशेखर कुमार सिंह, सुनील कुमार, विशाल कुमार, विनोद प्रसाद, मनोज कुमार निराला, गगनदेव सिंह, मौसम राज, कुश कुमार भास्कर, लव कुमार भास्कर, निलेश कुमार, रितिक कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फरार अभियुक्तों के घर पुलिस ने चिपकाया इस्तेहार



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल थाना कांड संख्या- 91/26 के मामले में फरार चल रहे अभियुक्तों के घर पर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर बुधवार को इस्तेहार चिपकाया है। इस दौरान मंझिला गांव निवासी नीतीश कुमार (पिता- रविन्द्र चौधरी) तथा सोखोदेवरा गांव निवासी त्रिलोकी चौधरी (पिता- फगुनी चौधरी), बबलू चौधरी (पिता- देवकी चौधरी) और अखिलेश चौधरी (पिता- शंकर चौधरी) के घर पर कार्रवाई की गई। अपर थानाध्यक्ष एवं एएसआई रिंकू कुमार ने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर फरार अभियुक्तों के विरुद्ध यह कानूनी कार्रवाई की गई है।उन्होंने कहा कि यदि अभियुक्त शीघ्र आत्मसमर्पण नहीं करते हैं,तो आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## भोरमबाग में तीन दिवसीय नवकुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरू, निकली भव्य कलश यात्रा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखण्ड के देवनगढ़ पंचायत अंतर्गत भोरमबाग गांव में तीन दिवसीय नवकुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ।महायज्ञ के प्रथम दिन श्रद्धालु महिलाओं एवं युवतियों ने सिर पर कलश धारण कर पूरे गांव का भ्रमण किया। कलश यात्रा गांव भ्रमण करते हुए भोरमबाग महादेव मठ पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जल भराई की गई। इसके उपरांत मंडप में कलश स्थापना एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम गायत्री परिवार से जुड़े प्रमुख सुरेश प्रसाद के मार्गदर्शन एवं देखरेख में संपन्न हो रहा है। महायज्ञ को सफल बनाने में ग्रामीण ईश्वरी दयाल,अरविंद कुमार,रामरतन प्रसाद,रामगुलाब यादव,सुबोध कुमार सहित अन्य ग्रामीण सक्रिय सहयोग कर रहे हैं। महायज्ञ को लेकर पूरे गांव का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि प्रतिदिन संध्या समय प्रवचन,गायत्री आरती एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे,जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

## जिला पदाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, वारिसलीगंज का किया औचक निरीक्षण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का दिया निर्देश



**नवादा।** क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, वारिसलीगंज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर का भ्रमण कर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने ओपीडी कक्ष का जायजा लिया। इस दौरान उन्हें बताया गया कि निरीक्षण तक कुल 250 मरीजों का ओपीडी पंजीकरण किया जा चुका था तथा लगभग 240 मरीजों की वाइटल जांच एवं अन्य प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच पूरी की जा चुकी थी। जिला पदाधिकारी ने मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आरती अर्चना से अस्पताल में उपचाररत एवं ओपीडी में आए मरीजों से भी बातचीत कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। मुड़ला चक से आईं सुलेखा देवी से उनके हाल-चाल के बारे में जानकारी ली। उन्हें बेहतर उपचार हेतु एमओआईसी को निर्देश दिया। उन्होंने विभिन्न वार्डों, जांच व्यवस्था, दवा वितरण काउंटर, स्वच्छता व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाओं का नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाए। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी ने औषधि भंडारण कक्ष का निरीक्षण किया तथा दवाओं की उपलब्धता एवं रख-रखाव की स्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवश्यक एवं जीवनरक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। जिला पदाधिकारी ने अस्पताल में स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, मरीजों के बैठने की व्यवस्था, जांच सुविधाओं तथा अन्य आधारभूत व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर अमित अनुराग, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार सहित अन्य पदाधिकारी अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

पर्यटन मंत्रालय MINISTRY OF TOURISM
INSTITUTE OF HOTEL MANAGEMENT BODHGAYA
(AN AUTONOMOUS BODY UNDER MINISTRY OF TOURISM GOVT OF INDIA & DEPT OF TOURISM GOVT OF BIHAR)
NCHMCT
BIHAR TOURISM
DEGREE & DIPLOMA IN HOTEL MANAGEMENT
3 Years B.Sc. in Hotel Management Fee:Rs.3,50,000/- Approx.
1½ Year Diploma in F & B Service Fee:Rs.60,000/- Approx.
1½ Year Diploma in Food Production Fee:Rs.82,000/- Approx.
DRCC Facility Available (बिहार सरकार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड) for Hotel Management Degree Course
Degree Awarded by JNU,New Delhi
100 % Job Assistance (देश एवं विदेश के विभिन्न पांच सितारा होटलों, एयर लाइन्स, क्रूज लाइन्स सहित सरकारी एवं अर्धसरकारी विभागों में नौकरी की सुविधा)
हेल्पलाइन नंबर : +91-8987276070, +91-9608271879, 0631-2952143
पता - गया - डोभी रोड, बोधगया - 824234
वेबसाइट : www.ihmbodhgaya.com
ई-मेल : ihmbodhgaya@gmail.com
आयु सीमा की कोई बाध्यता नहीं है


## संक्षिप्त समाचार

### हॉर्न बजाने पर स्कूल संचालक के घर में घुसकर मारपीटःनालंदा में 20 लोगों ने लाठी-डंडों से किया हमला



**नालंदा।** नालंदा में हॉर्न बजाने को लेकर विवाद में करीब 20 लोगों ने स्कूल संचालक के घर पर हमला कर दिया। बदमाशों ने परिवार को लाठी-डंडे, ईंट-पत्थर और लोहे के रॉड से पीटा। इस दौरान हवाई फायरिंग भी की गई। हमले में 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक युवक अनुभव की हालत नाजुक है। उसे ICU में भर्ती कराया गया है। घर में लूटपाट करने का भी आरोप है। घटना दीपनगर थाना क्षेत्र के मघड़ा गांव की है। पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। इसमें अनुसार विद्यापीठ कांसेप्ट स्कूल और मां शारदा लाइब्रेरी के संचालक रोहित कुमार अपने भाई प्रिंसिपल मोहित कुमार के साथ साठोपुर से घर लौट रहे थे। इसी दौरान मीठी कुआं के पास नशे में धुत्त गोपाल पासवान और गोरेलाल पासवान ने रास्ता रोक लिया। घर थोड़ी ही दूरी पर था। रोहित ने जब साइड मांगने के लिए हॉर्न बजाया तो दबंगों ने गालियां देनी शुरू कर दी। विरोध करने पर दबंगों ने गोली मारने की धमकी दी और रोहित की जेब से 23,650 रुपए और उनके भाई मोहित के गले से 13 ग्राम की सोने की चेन जबरन छीन ली। जब रोहित और उनके भाई ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने फोन कर अपने अन्य सहयोगियों को बुला लिया।

**ईंट-पत्थर और लोहे की रॉड से पीटाः** रोहित कुमार ने बताया कि देखते ही देखते सिंटू पासवान, रोहित पासवान उर्फ दुल्हा, गब्बर पासवान, बबलू पासवान सहित लगभग 20 लोग पिस्टल और हथियार लहराते हुए आ गए। ईंट-पत्थर और रॉड से वार किया। बीच-बचाव करने आए रोहित के चचेरे भाई अनुभव वैद्य (उर्फ प्रिंस) को जान मारने की नीयत से जमीन पर पटक कर अधमरा कर दिया गया। इसके अलावा बहन नयनशी पांडेय, माता अनिता पांडेय, भाई हर्ष राज, कृष राज और पंकज कुमार पांडेय के साथ भी बर्बरता से मारपीट की गई।

**गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही हैः** रोहित कुमार ने बताया कि मुख्य आरोपी गोपाल कुमार का पहले भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। मारपीट के दौरान गोपाल ने धमकी दी थी कि अगर पुलिस में शिकायत की गई, तो वह पूरे परिवार को 'एससी-एसटी एक्ट' के झूठे केस में फंसा देगा। पीड़ित परिवार पूरी तरह से दहशत में है और पुलिस से सभी आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की गुहार लगाई है। दीपनगर थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि मामूली विवाद को लेकर हुई मारपीट और रोड़ेबाजी की घटना है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित रोहित कुमार के बयान पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली है। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### भोजपुर के युवक की मिली लाश, दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता था, परिजन ने भतीजे के मुंडन में आने के लिए बुलाया था

**नालन्दा।** नालंदा में माहुरी हॉल्ट के पास बख्तियारपुर-राजगीर रेलखंड पर एक युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान भोजपुर के सिन्हा थाना क्षेत्र छीने गांव निवासी रंजन प्रसाद के बेटे अजय कुमार प्रसाद (27) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि अजय दिल्ली में रहकर एक प्राइवेट कंपनी में मजदूरी का काम करता था। पिछले 5 महीने से वहीं था। 2020 में उसकी शादी हुई थी और उसके दो बेटे भी हैं। एक की उम्र 5 और दूसरे की 3 साल है। मृतक के चचेरे भाई धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि अजय से घरवालों की आखिरी बातचीत 27 मई को हुई थी। उस वक्त अजय ने बताया था कि उसे कंपनी से छुट्टी नहीं मिल पाई है, जिसके कारण वह अपने भांजे के मुंडन कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकेगा। अजय अचानक आरा के बजाय नालंदा कैसे और क्यों पहुंच गया, यह परिजनों के लिए एक अनसुलझी पहेली बनी हुई है। देर रात सिलाव पुलिस से अजय की मौत की खबर मिलने के बाद परिजन नालंदा पहुंचे। मामला सिलाव थाना क्षेत्र का है।

**पहचान पत्र से हुई शिनाख्तः** सिलाव थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर शव पड़े होने की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। शव बुरी तरह से क्षत-विक्षत हो चुका था। पुलिस ने मृतक की जेब की तलाशी ली, जिसमें मिले पहचान पत्र के आधार पर उसकी शिनाख्त अजय कुमार के रूप में की गई और तुरंत परिजनों को दूरभाष पर इसकी सूचना दी गई।

**ट्रेन से गिरने की आशंका, जांच में जुटी पुलिसः** थानाध्यक्ष ने बताया कि घटनास्थल और शव की स्थिति को देखकर प्रथम दृष्टया मामला चलती ट्रेन से गिरकर मौत का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की हर एंगल से तफ्तीश कर रही है। परिजनों की ओर से लिखित आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है कि युवक किन परिस्थितियों में इस रूट पर सफर कर रहा था।

### निकली साइकिल रैली, 250 से अधिक छात्र-छात्राएं हुए शामिल, तीन प्रतिभागियों ने जीता गोल्ड मेडल

**नालन्दा।** विश्व साइकिलिंग दिवसः नालंदा में भव्य साइकिल रैली का आयोजन, खेल से जुड़कर युवा बनाएं करियर विश्व साइकिलिंग दिवस पर बुधवार को नालंदा जिला साइकिलिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में जिले में एक विशाल साइकिल रैली और 'अस्मिता खेलो इंडिया पूर्वी जोन' साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 250 से अधिक छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया और नशामुक्त समाज और स्वच्छता का संदेश दिया। साइकिलिंग जागरूकता रैली के दौरान स्वच्छताग्राही रिंकू कुमारी, रजनी कुमारी, नीतू प्रीतम और मोनिका सिन्हा ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। उन्होंने आम लोगों के बीच "स्वच्छ भारत, सुन्दर बिहार, सुशोभित नालंदा" का प्रभावशाली संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एक भव्य साइकिल रैली से हुआ। रैली में बेन प्रखंड की प्रमुख संजू देवी, केपीएस ग्रुप जहानाबाद के सीएमडी चंदन कुमार, नालंदा जिला साइकिलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार पांडे, सचिव प्रमोद कुमार, संयुक्त सचिव रिंकू कुमारी, उपाध्यक्ष रजनी कुमारी और कोच कुंदन कुमार पांडे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा पंचायत समिति (पूर्वी बेन) के सत्य प्रकाश, बेन के सहायक थाना प्रभारी विनोद कुमार और सचदेवा क्लासेस के निदेशक वरुण ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

# सोशल मीडिया पर हथियार लहराकर बना रहा था दबंगई की पहचान

- इमामगंज पुलिस ने 24 घंटे में दबोचा
- थानाध्यक्ष अमित कुमार की सक्रियता और सटीक रणनीति से मिली सफलता, देसी कट्टा बरामद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




गिरफ्तार आरोपी के संबंध में प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते इमामगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार एवं अन्य पुलिस अधिकारी।

**इमामगंज।** सोशल मीडिया पर अवैध हथियार के साथ फोटो और वीडियो वायरल कर क्षेत्र में दबंगई का संदेश देने की कोशिश कर रहे एक युवक को इमामगंज पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा भी बरामद किया है। इस कार्रवाई की स्थानीय लोगों द्वारा सराहना की जा रही है। गया के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन और आपत्तिजनक गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस को सूचना मिली कि इमामगंज थाना क्षेत्र का एक युवक हथियार के साथ फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर रहा है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अमित कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी।

उनके नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर छतरपुर गांव में छापेमारी कर आरोपी अरुण कुमार को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने लोगों के बीच अपना प्रभाव और भय स्थापित करने के उद्देश्य से हथियार के साथ फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए थे।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध इमामगंज थाना कांड संख्या 173/26 दर्ज कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस सफल कार्रवाई में थानाध्यक्ष अमित कुमार, सब इंस्पेक्टर उपेंद्र कुमार एवं पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विशेष रूप से थानाध्यक्ष अमित कुमार की सक्रिय निगरानी, त्वरित निर्णय क्षमता और अपराध नियंत्रण के प्रति प्रतिबद्धता की क्षेत्र में चर्चा हो रही है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन कर कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। युवाओं से अपील है कि वे सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें और किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि से दूर रहें। कानून का उल्लंघन करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि इमामगंज पुलिस सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर बनाए हुए है और अपराध तथा अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

# हर महीने के पहले शनिवार को 'लोक संवाद गोष्ठी'



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** मगध क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को अधिक मानवीय और जन-केंद्रित बनाने की दिशा में पुलिस प्रशासन ने एक बड़ा कदम उठाया है। मगध रेंज के आईजी के विशेष आदेश पर 6 जून को शाम 04:00 बजे से मगध क्षेत्र में आने वाले सभी थानों में 'लोक-संवाद गोष्ठी' का आयोजन होने जा रहा है। मुख्य उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना, आपसी अविश्वास को समाप्त करना और सुरक्षा का एक सुदृढ़ माहौल तैयार करना है। सीनियर स्तर से जारी निर्देशों के अनुसार, यह कोई एक दिवसीय कार्यक्रम नहीं है। पुलिस महानिरीक्षक के आदेशानुसार अब हर महीने के पहले शनिवार को मगध क्षेत्र के सभी थानों में इस गोष्ठी का आयोजन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। बैठक में स्थानीय नागरिक सीधे पुलिस अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं, सुझाव और शिकायतें रख सकेंगे, जिससे मामलों के त्वरित निष्पादन में मदद मिलेगी।

इस महत्वाकांक्षी अभियान को धरातल पर पूरी तरह सफल बनाने के लिए मगध क्षेत्र के तहत आनेवाले एसएसपी व एसपी को पहले ही कड़े और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। वरिष्ठ अधिकारियों को स्पष्ट कहा गया है कि वे थानों में आम जनता, प्रबुद्ध नागरिकों और युवाओं की अधिकतम भागीदारी करें। यह पहल पुलिसिंग के पुराने ढर्रे को बदलकर 'कम्युनिटी पुलिसिंग' को बढ़ावा देगी। जब जनता और पुलिस एक मंच पर बैठेंगे, तो न सिर्फ अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी, बल्कि पुलिस की छवि में भी सकारात्मक सुधार आएगा। इस शनिवार को होने वाली पहली गोष्ठी पर पूरे क्षेत्र की नजर रहेगी।

# गयाजी में निकाली साइकिल रैली, पर्यावरण और स्वास्थ्य सुरक्षा का दिया संदेश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर बुधवार को गया शहर के ऐतिहासिक गांधी मैदान से एक जागरूकता अभियान और साइकिल रैली निकाली गई। सैकड़ों युवाओं ने इस रैली में भाग लेकर पूरे शहर में पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य संवर्धन और प्रदूषण मुक्त भारत का संदेश दिया। इस रैली का नेतृत्व स्वयंसेवक करण गुप्ता और विशाल कुमार ने किया। रैली की शुरुआत गांधी मैदान से हुई, जहां युवाओं ने हाथों में जागरूकता संदेश वाले पोस्टर और बैनर ले रखे थे। उन्होंने लोगों को साइकिल के महत्व के बारे में जानकारी दी। शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए इस रैली ने आम नागरिकों का ध्यान आकर्षित किया। जगह-जगह लोगों ने युवाओं के इस प्रयास की सराहना की और पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिल अपनाने की अपील का समर्थन किया।





**पेट्रोल और डीजल की खपत कम होगीः** इस अवसर पर विशाल कुमार और करण गुप्ता ने बताया कि देश में मोटर वाहनों का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिससे वायु प्रदूषण, ईंधन संकट और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने जोर दिया कि छोटी दूरी तय करने के लिए साइकिल का उपयोग करने से पेट्रोल और डीजल की खपत कम होगी, साथ ही प्रदूषण पर भी प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में जलवायु परिवर्तन पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी चुनौती है। बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरणीय असंतुलन के कारण मौसम का स्वरूप बदल रहा है। ऐसे में साइकिल जैसे पर्यावरण अनुकूल साधनों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। युवाओं ने लोगों से अपनी दैनिक दिनचर्या में साइकिल को शामिल करने और पर्यावरण बचाने की इस मुहिम का हिस्सा बनने की अपील की।

**लोगों को जागरूक करने का अभियानः** रैली में शामिल प्रतिभागी कुमारी कृष्णा ने कहा कि विश्व साइकिल दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक करने का अभियान है। उन्होंने बताया कि पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतें तथा उनके उपयोग से बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय है। साइकिल का प्रयोग करने से न केवल आर्थिक बचत होती है, बल्कि नियमित व्यायाम से व्यक्ति स्वस्थ और फिट भी रहता है। उन्होंने कहा कि आजकल स्कूल और कॉलेज जाने वाले अधिकांश छात्र छोटी दूरी के लिए भी मोटरसाइकिल का उपयोग करते हैं, जबकि साइकिल बेहतर विकल्प हो सकती है। इससे युवाओं की शारीरिक सक्रियता बढ़ेगी और पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का संकल्प रैली के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। युवाओं ने एक स्वर में कहा कि यदि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, सुरक्षित पर्यावरण और बेहतर भविष्य देना है तो साइकिल को जीवन का हिस्सा बनाना होगा। विश्व साइकिल दिवस पर निकली यह रैली न केवल जागरूकता का संदेश देने में सफल रही, बल्कि समाज को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास भी कराया।

# पीसीसी सड़क को तोड़कर दोबारा बनाया जा रहा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** प्रदेश में मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत शहरों कस्बों के आधुनिकीकरण का दावा किया गया था। जो अब दम तोड़ रहा है। स्थानीय प्रशासन और कार्यदायी संस्था 'बुडको की लापरवाही के चलते एक अच्छी पीसीसी सड़क को तोड़कर उसे फिर से बनाने का 'खेल' खेला जा रहा है, जिससे न केवल जनता का पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा है, बल्कि आम नागरिकों का जीना भी दूभर हो गया है। वीडियो में एक वार्ड पार्षद और सामाजिक कार्यकर्ता गजेंद्र सिंह ग्राउंड जीरो से इस बदहाली की पोल खोलते नजर आ रहे हैं। उनके मुताबिक, पिछले दो महीनों से इस मुख्य सड़क को पूरी तरह से तोड़कर मलबे के ढेर में तब्दील कर दिया गया है।

सड़क की स्थिति इतनी दयनीय हो चुकी है कि वहां बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिनमें गंदा पानी भरा हुआ है। दोपहिया वाहन चालक और राहगीर रोजाना इस कीचड़ और मलबे से होकर गुजरने को मजबूर हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि कैसे सड़क के किनारे मलबे और पत्थरों को ऐसे ही लावारिस छोड़ दिया गया है। नाली निर्माण और पाइपलाइन के नाम पर जो गड्ढे खोदे गए थे। उन्हें भी सही तरीके से दुरुस्त नहीं किया गया, जिसके चलते बारिश का पानी और नालियों का गंदा पानी सड़क पर ही जमा हो रहा है।

मामले में सबसे बड़ा सवाल वित्तीय अनियमितता और बिना सोचे-समझे बनाई गई योजना पर खड़ा होता है। पार्षद का कहना है कि जो सड़क पहले से ही पक्की और मजबूत थी। उस पर मात्र 10 लाख रुपए खर्च करके एक बेहतरीन 'पिच' (डामर की परत) बनाई जा सकती थी, लेकिन अधिकारियों ने इस आसान और किफायती रास्ते को छोड़कर पूरी मजबूत सड़क को 14 इंच गहराई तक तुड़वा दिया। अब इस तोड़ी गई सड़क को दोबारा बनाने के लिए 82 लाख रुपए का बजट आवंटित किया गया है। पार्षद का कहना है कि जब 10 लाख रुपए में सड़क चकाचक हो सकती थी, तो जनता की गाढ़ी कमाई के 82 लाख रुपए इस तरह क्यों फूंके जा रहे हैं। यह सीधे तौर पर सरकारी धन का दुरुपयोग और भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है।

वार्ड पार्षद ने एक और बेहद गंभीर और व्यावहारिक मुद्दे की तरफ वीडियो के माध्यम से सरकार व आम अवाम का ध्यान आकर्षित किया है।

# नालंदा से मुजफ्फरपुर, वैशाली-बेगूसराय जाएगा चावल, डीएम कुंदन कुमार की पहल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा।** नालंदा में खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के तहत अधिप्राप्त धान के समतुल्य राज्य खाद्य निगम को जमा किए जाने वाले सीएमआर को लेकर दिक्कत आ रही है। इसको दूर करने के लिए जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने कदम उठाए हैं। आज डीएम ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी और एसएफसी के जिला प्रबंधक के साथ स्थिति की समीक्षा की। गोदाम फुल होने के कारण सीएमआर जमा करने में आ रही परेशानी और पैक्स अध्यक्षों के असंतोष को देखते हुए डीएम ने राज्य स्तर पर आलाधिकारियों से वार्ता कर समस्या का समाधान निकाल लिया है।

**29 हजार मीट्रिक टन से अधिक सीएमआर का होना है उठावः** समीक्षा बैठक के दौरान जिला प्रबंधक ने बताया कि इस अधिप्राप्ति मौसम में जिले के 229 पैक्सों और व्यापार मंडलों के माध्यम से कुल 1,32,967.46 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। इसके एवज में कुल 90,417.87 मीट्रिक टन सीएमआर एसएफसी को हासिल होना है। अब तक 61,266.91 एमटी सीएमआर हासिल कर लिया गया है, जबकि 29,120.96 एमटी सीएमआर अभी भी जमा होना शेष है।



**गोदाम फुल होने से पैक्स अध्यक्षों पर बढ़ रहा था ब्याज का बोझः** अधिकारियों ने बताया कि जिले में सीएमआर संग्रहण के लिए 10 गोदाम हैं, जिनकी कुल क्षमता 3,55,166 एमटी है। वर्तमान में सभी गोदाम लगभग अपनी पूरी क्षमता तक भरे हुए हैं। जगह की कमी के कारण सीएमआर प्राप्ति में भारी कठिनाई आ रही थी। सीएमआर जमा न होने के कारण पैक्स और व्यापार मंडल के अध्यक्षों में भी भारी असंतोष था। उनका कहना था कि समय पर सीएमआर जमा न होने से उन पर ब्याज का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है।

**मुजफ्फरपुर, वैशाली और बेगूसराय जाएगा चावलः** स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डीएम कुंदन कुमार ने तत्काल एसएफसी बिहार के प्रबंध निदेशक और खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव से फोन पर वार्ता कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया। डीएम की इस पहल पर विभाग ने मुजफ्फरपुर से दो रेल रैक और वैशाली व बेगूसराय जिले से एक-एक आईडीटी आवंटित कर दिया है। मामले में तेजी लाने के लिए नालंदा डीएम ने मुजफ्फरपुर, वैशाली और बेगूसराय के जिलाधिकारियों से भी रेल रैक व आईडीटी को लेकर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। साथ ही, जिला प्रबंधक (एसएफसी, नालंदा) को सख्त निर्देश दिया गया है कि वे आवंटित जिलों के प्रबंधकों से संपर्क स्थापित कर सीएमआर भिजवाना और उठाव का कार्य तेजी से सुनिश्चित करें।

**परिवहन अभिकर्ताओं (DSD) को भी मिली राहत, जल्द मिलेगा भुगतानः** बैठक में परिवहन-सह-हथालन अभिकर्ताओं के लंबित भुगतान का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। जिला प्रबंधक ने बताया कि सितंबर 2025 से इन अभिकर्ताओं का भुगतान रुका हुआ है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डीएम ने विभाग के सचिव और एसएफसी के प्रबंध निदेशक का ध्यान आकृष्ट कराया। आलाधिकारियों ने डीएम को आश्वस्त किया है कि सितंबर, अक्टूबर और नवंबर 2025 का लंबित भुगतान शीघ्र ही कर दिया जाएगा। इस फैसले से परिवहन अभिकर्ताओं ने भी राहत की सांस ली है।

## संक्षिप्त समाचार

### पिकअप ने एक नाबालिग बच्चे को रौंदा

**डिहरी ऑन सोन (रोहतास )**। रोहतास जिले के डिहरी अनुमंडल के अमझोर थाना क्षेत्र के तुम्बा-चितौली गाँव के समीप बुधवार को डिहरी-रोहतास टू सी हाइवे पर एक पिकअप ने एक नाबालिग बच्चे को रौंद दिया । जिसकी मौके पर हुई मौत। चालक भागने में रहा सफल। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चितौली में सड़क को घंटों जाम रखा। मौके पर पहुँची पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर सड़क को जाम से मुक्त कराया। अमझोर थानाध्यक्ष के अनुसार पिकअप को जब्त कर पुलिस आगे कि कार्रवाई कर रही है। मृतक का नाम 15 वर्षीय अंशु कुमार है जो चितौली का ही निवासी था।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, शव लेकर परिजन फरार

**कुरसेला (कटिहार)**: कटिहार-बरौनी रेलखंड के कुरसेला रेलवे स्टेशन अंतर्गत तिनघरिया रेलवे ढाला के समीप एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत होने की बात सामने आई है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि युवक की मौत ट्रेन से कटने के कारण हुई है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि हादसा था या युवक ने चलती ट्रेन के सामने आकर आत्महत्या की।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और शव को लेकर जल्दबाजी में वहां से चले गए। इसके कारण मृतक की पहचान एवं घटना के वास्तविक कारणों की तत्काल पुष्टि नहीं हो सकी।फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है। मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर विभिन्न तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

### बिहार में व्यवसायियों के हित में एक अहम निर्णय लिया हैःनरेश शर्मा

**कटिहार**। जनता दल यू व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश शर्मा और प्रदेश सचिव रवि महावर ने कहा है कि बिहार सरकार ने बिहार में व्यवसायियों के हित में एक अहम निर्णय लिया है।बिहार के सभी दुकानों में दस से कम कर्मचारियों के लिए निबंधन मुक्त करने पर जनता दल यू व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश शर्मा और प्रदेश सचिव रवि महावर ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह निर्णय सभी व्यवसायी के लिए बहुत ही सराहनीय है।इससे गांव हो या शहर सभी दुकानदार की परेशानी कम होगी। यह एन. डी.ए. की सरकार मे आये दिन हर वर्ग के लिए जन हित में काम करती है। जिससे आज बिहार में व्यापार दिनों दिन बढ़ रहा है। जनता दल यू व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश शर्मा और प्रदेश सचिव रवि महावर ने कहा है कि लोग निरभिक होकर व्यापार कर रहे हैं।अफसर शाही कम हुई है। व्यवसाय ही तरक्की विकास की रीढ़ है। निश्चित रूप से बिहार विकास की पटरी पर तेजी से दौड़ रहा है। इस कार्य के लिए श्री नरेश शर्मा ने पुर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित विधान पार्षद सह कोषाध्यक्ष सह व्यवसायिक प्रकोष्ठ के संयोजक ललन सर्राफ को विशेष धन्यवाद दिया है।

### चोरी का प्रयास नाकाम, एक गिरफ्तार

**किशनगंज**। बहादुरगंज थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की एक वारदात को नाकाम कर मौके से एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसके घर की तलाशी के दौरान पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं से संबंधित आभूषण एवं अन्य सामान भी बरामद किए गए हैं। मामले की जानकारी बुधवार को एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में एसडीपीओ-1 खुशरू सिराज ने दी। एसडीपीओ ने बताया कि एक जून की रात दूरभाष के माध्यम से सूचना मिली कि बमभोला चौक निवासी विशेश्वर प्रसाद साह के घर में अज्ञात बदमाश वेंटिलेशन तोड़कर प्रवेश कर गए हैं। सूचना मिलते ही बहादुरगंज थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घर की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान घर के भीतर छिपे एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से 2,200 रुपये नकद, एक लोहे का रॉड, एक प्लास्टिक की रस्सी तथा दो सिटी गोल्ड के कंगन बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि घटना के समय उसके साथ एक अन्य युवक भी मौजूद था, जो स्थानीय लोगों के शोर मचाने पर वेंटिलेशन के रास्ते फरार हो गया। आरोपित ने यह भी कबूल किया कि उसने एक सप्ताह पूर्व गुणा चौरासी क्षेत्र तथा लगभग एक माह पहले रजिस्ट्री कार्यालय के समीप चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने उसके घर की तलाशी ली, जहां से दो चांदी के पायल, एक चांदी की सिकड़ी तथा दो चांदी की बिछिया बरामद की गईं। पुलिस बरामद सामान के संबंध में जांच कर रही है तथा फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### 12 जून को पीपराकोठी में होगा प्राकृतिक खेती सम्मेलन : सांसद

**पूर्वी चंपारण**। जिले के पीपराकोठी कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में आगामी 12 जून को प्राकृतिक खेती का सम्मेलन होना है। जिसमें जिले भर के चार हजार किसान भाग लेंगे। इस संबंध में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा आईसीएआर के निर्देश पर 1 से 30 जून तक देशभर में चलाए जा रहे "खेत बचाओ अभियान" को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री व सांसद राधामोहन सिंह ने की। बैठक में जिला प्रशासन, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र तथा कृषि से जुड़े विभिन्न संस्थानों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में बताया गया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना, रसायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग के प्रति किसानों को जागरूक करना, किसान क्रेडिट कार्ड के उपयोग को बढ़ाना तथा मिट्टी जांच को प्रोत्साहित करना है, ताकि भूमि की उर्वरता और उत्पादन क्षमता सुरक्षित रह सके। सांसद राधामोहन सिंह ने जानकारी दी कि 12 जून को सुबह 11 बजे डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, परिसर के अटल सभागार में "प्राकृतिक खेती सम्मेलन" का आयोजन किया जाएगा।

सम्मेलन में जिले के लगभग चार हजार किसान, पशुपालक, उद्यमी, स्वयं सहायता समूहों के सदस्य तथा एफपीओ प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में विभिन्न कृषि संस्थानों के वैज्ञानिक, निदेशक एवं विशेषज्ञ प्राकृतिक खेती के लाभ, तकनीक और कृषि में इसके महत्व पर विस्तार से चर्चा करेंगे तथा किसानों का मार्गदर्शन करेंगे।

# सासाराम में हत्या कांड का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**सासाराम/रोहतास**। सासाराम नगर थाना क्षेत्र के काजीपुरा मोहल्ले में हुए चर्चित हत्या कांड का पुलिस ने त्वरित खुलासा करते हुए तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त हथियार से संबंधित 3 जिंदा कारतूस और 2 खोखा भी बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रोहतास द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 2 जून 2026 की रात करीब 9:30 बजे काजीपुरा मोहल्ले में अभिषेक गोस्वामी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सासाराम-1) के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया।

मृतक के भाई अमित गोस्वामी के आवेदन पर सासाराम नगर थाना कांड संख्या 405/26 दर्ज किया गया। मामले में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं एवं आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों—

अजय सोनी उर्फ रिंकू सोनी (45 वर्ष)

पंकज सोनी (38 वर्ष)

राजू सोनी (40 वर्ष)

को गिरफ्तार कर लिया। तीनों काजीपुरा मोहल्ला, सासाराम के निवासी बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार हत्या का मुख्य कारण पैसों के लेन-देन का विवाद बताया जा रहा है। मामले में अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही शेष आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा तथा मामले की आगे की जांच जारी है।

# दो सड़क दुर्घटनाओं में घायल युवक व बुजुर्ग की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**करगहर (रोहतास)**। क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में गंभीर रूप से घायल एक युवक और एक बुजुर्ग की मौत हो गई। दोनों का इलाज वाराणसी में चल रहा था।

पहली घटना राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-319 पर हेलहां मोड़ के समीप मंगलवार को हुई। अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल युवक को सीएचसी कोचस में भर्ती कराया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। परंतु इलाज के लिए ले जाने के दौरान चंदौली के पास उसकी मौत हो गई।

चिकित्सक डॉ. विकास कुमार के अनुसार मृतक की पहचान बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के कोल्हा गांव निवासी 30 वर्षीय इंद्रमणि सिंह के रूप में हुई है। सिर में गंभीर चोट और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई थी। दूसरी घटना गत शुक्रवार को सासाराम-चौसा मुख्य मार्ग पर करगहर प्रखंड कार्यालय के सामने हुई थी। शिवपुरी गांव निवासी 70 वर्षीय बालेश्वर पाल सामाजिक सुरक्षा पेंशन निकालने के लिए आए थे। सड़क पार करने के दौरान एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

करगहर थाना के एसआई बलराम यादव ने बताया कि घायल बुजुर्ग को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर वाराणसी भेजा गया था, जहां मंगलवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। दोनों घटनाओं से संबंधित गांवों में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सामान्य बोर्ड बैठक 6 जून 2026 दिन शनिवार को प्रातः 11 बजे नगर पंचायत सभागार में की जाएगी आयोजित



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट /रोहतास**। जिले के नगर पंचायत काराकाट की सामान्य बोर्ड बैठक 6 जून 2026 दिन शनिवार को प्रातः 11 बजे नगर पंचायत सभागार में आयोजित की जाएगी। कार्यपालक पदाधिकारी सीमाब मतीन ने मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद व सभी वार्ड पार्षदों को पत्र जारी कर बैठक में समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है। बैठक में पिछली बैठक की संपुष्टि के साथ ही कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार होगा।

एजेंडे में विभिन्न विकास योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति, चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने, सभी नालों की उड़ाही कराकर साफ-सफाई सुनिश्चित करने, तिरंगा लाइट लगाने तथा श्मशान घाट तक सड़क व नाला निर्माण जैसे विषय शामिल हैं। नगर पंचायत प्रशासन का कहना है कि बैठक में लिए गए फैसलों से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी और नागरिक सुविधाओं में सुधार होगा।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों को बैठक की सूचना भेज दी गई है। पुलिस प्रशासन ने विशेष रूप से चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने पर ज़ोर दिया है और मुख्य बाजार गोडारी व करूप में निगरानी बढ़ाने की मांग रखी है ताकि अपराध नियंत्रण में मदद मिल सके। 6 जून की बैठक में यह देखना दिलचस्प होगा कि कितने प्रस्तावों पर सहमति बनती है और कौन-से योजनाएँ जल्द क्रियान्वित होने के संकेत देती हैं। और देखना होगा कि कितने एजेंडे पर मुहर लगता हैं।

# कटिहार में कांग्रेस की हुंकारः संगठन सृजन से लौटेगी पुरानी साख

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कटिहार**। जिला कांग्रेस मुख्यालय आज एक बड़े सियासी विमर्श का केंद्र बन गया, जहां बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश कुमार ने एक बेहद महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी की जड़ों को दोबारा सींचने के संकल्प के साथ-साथ कटिहार की बरसों पुरानी औद्योगिक त्रासदी पर राज्य और केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा किया।

प्रेस वार्ता की शुरुआत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने पार्टी द्वारा राष्ट्रव्यापी स्तर पर चलाए जा रहे 'संगठन सृजन अभियान' की रूपरेखा और उसके दूरगामी विजन को सामने रखा। उन्होंने बेहद आक्रामक और रचनात्मक शैली में कहा कि यह अभियान महज एक औपचारिक सांगठनिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि कांग्रेस को उसकी पुरानी पहचान और जन-आधार में वापस स्थापित करने का एक जीवंत माध्यम है। राजेश कुमार ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस पार्टी अब प्रखंड स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक अपने ढांचे को इस तरह से अभेद्य और मजबूत बनाने जा रही है। जिससे जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं की सीधी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने संकल्प दोहराया कि इस त्रिस्तरीय सांगठनिक मजबूती के बल पर कांग्रेस अपनी उस ऐतिहासिक साख और जनता के अटूट विश्वास को फिर से हासिल करेगी, जो कभी इस देश की राजनीति की मुख्य धुरी हुआ करती थी। संगठन की मजबूती पर अपनी बात रखने के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने कटिहार के सबसे दर्दनाक पहलू यानी यहां के बंद पड़े उद्योगों की दुर्दशा पर सरकार को जमकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने अत्यंत भावुक और गंभीर लहजे में कटिहार के स्वर्णिम औद्योगिक इतिहास को याद करते हुए कहा कि कभी यह जिला समूचे सीमांचल और बिहार के लिए रोजगार का एक विशाल समंदर हुआ करता था। लेकिन आज, सरकार की घोर उदासीनता,अदूरदर्शिता और नीतिगत नाकामी के कारण कटिहार की लाइफलाइन कही जाने वाली जूट मिल, फ्लोर मिल और कभी देश भर में मशहूर रही माचिस कंपनी (मैच फैक्ट्री) पूरी तरह से खंडहर में तब्दील हो चुकी हैं। करोड़ों की मशीनें जंग खा रही हैं और फैक्ट्रियों की जमीनें वीरान पड़ी हैं।परंतु सरकार पूरी तरह से मौन और संवेदनहीन बनी बैठी है। उन्होंने सवाल उठाया कि जो मिलें कभी हजारों परिवारों के घरों में चूल्हा जलाती थीं, आज उनके बंद होने से स्थानीय युवा रोजगार के अभाव में दर-दर की ठोकरें खाने और महानगरों की ओर पलायन करने को विवश हैं।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि सरकार की इस जनविरोधी उदासीनता को अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, तथा कांग्रेस बहुत जल्द इन बंद मिलों को दोबारा शुरू करवाने की मांग को लेकर जनता के साथ सड़कों पर उतरेगी। इस उच्चस्तरीय और महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता में कांग्रेस के केंद्रीय, प्रादेशिक और स्थानीय नेतृत्व की एकजुटता भी साफ तौर पर देखने को मिली। मंच पर मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम और राष्ट्रीय सचिव पूनम पासवान की गरिमामयी उपस्थिति ने यह साफ कर दिया कि आलाकमान अब सीमांचल के इन मुद्दों को लेकर बेहद गंभीर है। इसके साथ ही प्रेस वार्ता में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (शहरी) संजय कुमार सिंह, जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज कुमार तमाखुवाला,मनिहारी के विधायक मनोहर प्रसाद सिंह,पूर्व सी एल पी लीडर शकील अहमद खान, प्रेम राय, सौरभ कुमार,आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर डॉक्टर विपिन कुमार सिंह, प्रखर महिला नेत्री मीनाक्षी श्वेता और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष दीवान साहब भी पूरी मजबूती से उपस्थित रहे।

इन शीर्ष नेताओं के अलावा नगर अध्यक्ष पुतुल सिंह और रिंकू मिश्रा समेत कई मुख्य पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी नेताओं ने सामूहिक रूप से हुंकार भरते हुए कहा कि 'संगठन सृजन अभियान' के माध्यम से न केवल कार्यकर्ताओं को गोलबंद किया जाएगा, बल्कि कटिहार की बंद मिलों के हक में एक ऐतिहासिक जन-आंदोलन की नींव रखी जाएगी।

# विश्व साइक्लिंग दिवस पर अस्मिता खेलो इंडिया महिला रोड साइक्लिंग सिटी लीग आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**कुरसेला (कटिहार)**। समेली प्रखंड अंतर्गत मलहरिया पंचायत के भरेली गांव स्थित पोठिया-खोटा रोड, कचरा भवन के समीप बुधवार को विश्व साइक्लिंग दिवस के अवसर पर साइकलिंग एसोसिएशन ऑफ बिहार के मार्गदर्शन में कटिहार जिला साइकलिंग एसोसिएशन द्वारा "अस्मिता खेलो इंडिया महिला रोड साइक्लिंग सिटी लीग" का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में यूथ एवं जूनियर वर्ग की दर्जनों बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत के मुखिया राजकुमार भारती, सरपंच प्रभास मंडल, जिला खेल पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मो. हासिम, जिला साइकलिंग संघ के सचिव संतोष कुमार, डॉ. अंगद, स्टेशन प्रबंधक मनिहारी,विद्यासागर महतो तथा समाजसेवी हरि मंडल ने फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर किया।

प्रतियोगिता के यूथ बालिका वर्ग में दिव्या भारती ने प्रथम, रुचि कुमारी ने द्वितीय तथा पायल कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर बालिका वर्ग में आशा कुमारी प्रथम, रिपीका कुमारी द्वितीय तथा नेहा कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं।

विजेता प्रतिभागियों को जिला खेल पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिका को स्वर्ण पदक, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली को रजत पदक तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली को कांस्य पदक प्रदान किया गया। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मो. हासिम ने कहा कि विश्व साइक्लिंग दिवस के अवसर पर आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया महिला रोड साइक्लिंग प्रतियोगिता स्वास्थ्य, खेल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार का फिट इंडिया अभियान लोगों को स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है और साइकिलिंग इस दिशा में एक प्रभावी साधन है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों एवं युवाओं को साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करने से उनकी खेल प्रतिभा निखरेगी तथा वे स्वस्थ रहकर आगे बढ़ सकेंगे। उन्होंने मलहरिया पंचायत में आयोजित इस प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अधिकारियों ने कटिहार जिला साइकलिंग एसोसिएशन के सचिव संतोष कुमार के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके सक्रिय योगदान से जिले के कई खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कटिहार का नाम रोशन कर रहे हैं।

मौके पर शिक्षक संजीव कुमार, प्रधानाध्यापक महानंद पंडित, प्रवीण कुमार झा, शिक्षक मुकेश कुमार मंडल, संतोष कुमार, अभय माही सहित दर्जनों अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# भाजपा बिहार प्रदेश मंत्री बनी कटिहार की बेटी सीमा झा



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कुरसेला (कटिहार)**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कटिहार निवासी सीमा झा को भाजपा बिहार प्रदेश मंत्री पद पर मनोनीत किया है। सीमा झा के बिहार प्रदेश मंत्री पद पर मनोनीत होने पर कटिहार सहित संपूर्ण बिहार के भाजपा समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। कटिहार शहर के बिनोदपुर स्थित आवास पर बड़ी संख्या में आकर दे रहे हैं बधाई।

सी.डब्लू.सी. के निःवर्तमान सदस्य,वरिष्ठ अधिवक्ता सह समाजसेवी प्रवीण कुमार झा में प्रदेश मंत्री सीमा झा के निज आवास पर पहुंचकर पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दिया है।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता सह समाज सेवी प्रवीण कुमार झा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि कटिहार की बेटी सीमा झा ने अथक प्रयास करते हुए अपने प्रतिभाओं का उजागर करने में दिन रात लगी रहती है। कटिहार शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक इन्होंने समाज के हर तपके के लोगों के लिए सेवा भाव से कार्य करने का कार्य किया है। जिसका परिणाम यह है कि ये पहचान के मोहताज आज के तिथि में नहीं रह गई है। अपनी मेहनत,अपनी लक्ष्य, अपने देशभक्ति की भावना को लेकर समाज हित में दिन रात मेहनत करती आ रही है।

वरिष्ठ अधिवक्ता सह समाज सेवी प्रवीण कुमार झा ने कहा कि इन्होंने समाज के हित में भी कड़ी चुनौतियां के बीच संघर्ष करते हुए हर मौसम में पार्टी के लिए कार्य करती आ रही है।जिसका परिणाम यह हुआ कि ये जिला से लेकर प्रदेश स्तर की संगठन के पदाधिकारी पद पर असीर रही और आज सबसे खुशी की बात यह है कि इन्होंने उनके कार्य को देखते हुए पार्टी आला कमान ने इन्हें प्रदेश मंत्री पद पर मनोनीत किया है।

यह हर्ष की बात है और कटिहार जिले के लिए गौरव की बात है कि कटिहार की बेटी ने पार्टी संगठन के मंत्री पद पर सुशोभित हुई है।

भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज कुमार राय, भाजपा जिला प्रवक्ता महेंद्र झा,भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियंका सिंह, भाजपा महिला मोर्चा के कोषाध्यक्ष बुलबुल सिंह,भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री जंक्शन यादव, सहित भाजपा नेता योगी संजय नाथ, गौरव कुमार दास,बंधन कुमार महतो,गौरव रजक,राहुल यादव,दीपांकर चौधरी,रवि यादव,मनीष जैन,हरविंदर सिंह, तरुण कुमार राम नानी,जयंत दास,कमल शर्मा,राजकुमार शर्मा,सुमन कुमार झा, शिवदानी महतो,डॉक्टर सुधा कुमारी,डॉ भरत चौधरी आदि ने बधाई दिया है।

# 0 से 05 वर्ष आयुवर्ग के सभी बच्चों को पिलाया जाएगा पल्स पोलियो राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कुरसेला (कटिहार)**। हमारे देश भारत अपने 02 पड़ोसी में शामिल अफगानिस्तान और पाकिस्तान में निरंतर जारी पोलियो वायरस के संक्रमण से पूरी तरह जागरूक है। वर्ष 2025 में ही पड़ोसी देश अफगानिस्तान में 21 तथा पाकिस्तान में 31 पोलियो ग्रसित बच्चों के मामले पाए गए हैं। इसके साथ ही वर्ष 2026 में अबतक उपरोक्त दोनों देशों में 03-03 पोलियो के मामले परिलक्षित हुए हैं। विश्व के किसी भी हिस्से में कहीं भी जब तक जब तक पोलियो का संक्रमण जारी है राज्य में पोलियो वायरस के आयात का खतरा बना हुआ है। इस खतरे से बचाव हेतु उच्च गुणवत्ता के पल्स पोलियो राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान चलाया जाना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही नियमित टीकाकरण के तहत पूर्ण टीकाकरण का शत प्रतिशत आच्छादन के होना आवश्यक है। इसके लिए भारत सरकार के निर्देश के आलोक में राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा 28 जून से 02 जुलाई तक राज्य के सभी जिलों में पल्स पोलियो राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा जिसके तहत 0 से 5 वर्ष आयुवर्ग के सभी बच्चों को पोलियो की



खुराक पिलाई जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा कर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी प्रखंड के स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए सभी बच्चों को पल्स पोलियो राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान चलाने का आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है। इसके तहत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा क्षेत्र के सभी क्षेत्रों में बच्चों को चिन्हित करते हुए प्लस पोलियो खिलाने का निर्देश जारी किया गया है। सभी 0 से 5 वर्ष के बच्चों को शत प्रतिशत टीकाकरण का लाभ उपलब्ध कराते हुए राज्य बिहार द्वारा भविष्य में बच्चों को पोलियो ग्रसित होने से सुरक्षित रखने का अभियान चलाया जाएगा ताकि सभी बच्चे भविष्य में पोलियो ग्रसित होने से सुरक्षित रख सकें और अपना सामान्य जीवन का लाभ उठा सकें।

**सभी स्तर पर टीकाकरण कर्मियों को किया जाएगा प्रशिक्षित** : जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ विनय मोहन ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के प्रारंभ होने से पूर्व एवं अभियान के दौरान सभी स्तर पर कार्यरत टीककर्मियों एवं पर्यवेक्षकों का शत प्रतिशत प्रशिक्षण कराया जाएगा तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम में चक्र प्रारम्भ होने से कम से कम दस दिन पूर्व जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित करते हुए चक्र सम्बंधित तैयारी की समीक्षा एवं कार्य के उच्च गुणवत्ता बनाए रखने हेतु उचित दिशा निर्देश निर्गत किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक प्रखंड में प्रखंड टास्क फोर्स की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी की सहभागिता से सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के सफल संचालन एवं गुणवत्ता को बनाए रखने हेतु प्रतिरक्षित बच्चों को चिन्हित करने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को इंडिएबल इंक मार्कर पेन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए मुख्य ट्रेजिक स्थलों जैसे - बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं चौक-चौराहों से गुजरने वाले बच्चों पर विशेष ध्यान देने हेतु प्रतिरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के दौरान नवजात शिशुओं को पोलियो की खुराक पिलाये जाने पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश जाएगा एवं खुराक पिलाने के पश्चात नियमित टीकाकरण के ड्यू लिस्ट में समादित किया जाएगा जिससे सभी बच्चे पोलियो अभियान का लाभ उठाते हुए भविष्य में पोलियो ग्रसित होने से सुरक्षित रह सके।

**वैक्सीन वेस्ट पर विशेष ध्यान रखने का टीककर्मियों को दिया जाएगा निर्देश** : सिविल सर्जन डॉ प्रमोद कुमार कनौजिया ने बताया कि पल्स पोलियो राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान के दौरान टीककर्मियों को अभियान में होने वाले वैक्सीन वेस्ट पर विशेष ध्यान देने हेतु प्रशिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिया जाएगा ताकि वेस्ट का समुचित सदुपयोग संभव हो। इसके साथ ही यदि घर-घर टीकाकरण के उपरांत खुले हुए वायल में वैक्सीन बच जाता है तो उसका कोल्ड चैन मैंटेन करते हुए पुनः अगले दिन उपयोग किया जाएगा। इससे बच्चे पोलियो अभियान में भाग लेते हुए भविष्य में पोलियो ग्रसित होने से सुरक्षित रहेंगे और स्वस्थ्य जीवन का लाभ उठा सकेंगें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### महिलाओं और पुरुषों पर हो रहे अत्याचारों को लेकर लोगों को किया गया जागरूक

**बेगूसराय** । महिला विकास मंच की ओर से महिलाओं एवं पुरुषों पर हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध आवाज बुलंद करने तथा समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महिला विकास मंच की संस्थापक एवं समाजसेवी वंदना रंजन के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों एवं महिलाओं के पारंपरिक स्वागत से हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मेयर पिंकी देवी, उप मेयर अनीता राय, राष्ट्रीय अध्यक्ष वीणा मानवी, पटना अध्यक्ष गायत्री, वार्ड पार्षद पूजा देवी, नम्रता सिंह का विशेष स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संत जोसेफ पब्लिक स्कूल, बेगूसराय के प्रांगण में संपन्न हुआ। दीप प्रज्वलन के बाद विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक गणेश वंदना नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित सभी अतिथियों का मन मोह लिया। इसके पश्चात बच्चों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को जीवंत बना दिया। उपस्थित महिलाओं ने समाज में महिलाओं एवं पुरुषों पर बढ़ते अत्याचारों, भेदभाव और अन्याय के विरुद्ध अपने विचार व्यक्त किए तथा सभी को इसके खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने महिलाओं के अधिकारों, सम्मान, सुरक्षा तथा सामाजिक समानता पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से वंदना रंजन जी को महिला विकास मंच, बेगूसराय की अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन समाज में न्याय, समानता, महिला सम्मान तथा अत्याचार मुक्त वातावरण के निर्माण के लिए सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

### अनाथालय और योजनाओं के लिए ट्रस्ट ने प्रभारी नियुक्त किए

**बेगूसराय**| सहायता जनकल्याण ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में अनाथालय और जिले में ट्रस्ट की ओर से चल रही योजनाओं के लिए प्रभारी नियुक्त करने पर चर्चा हुई। बैठक में ट्रस्ट के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। बैठक में संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष टुनटुन कुमार, उपकोषाध्यक्ष बेला शर्मा, बीसीपीएल प्रभारी सोनी कुमारी, उप सीसीपीएल प्रभारी संजू देवी, पीसीपीएल प्रभारी रेखा कुमारी, बेगूसराय प्रभारी बबीता कुमारी मौजूद रहीं। विजय कुमार, दीपक कुमार, केशव कुमार भी बैठक में शामिल हुए। ट्रस्ट के पदाधिकारियों और सदस्यों ने टुनटुन कुमार को अनाथालय खोलने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। टुनटुन कुमार ने कहा कि सहायता जनकल्याण ट्रस्ट जनकल्याण के लिए बढ़-चढ़कर काम कर रही है। ट्रस्ट रोजगार देने का काम कर रही है। लोगों को ऐसी संस्था से जुड़ना चाहिए। संस्था का लाभ लेना चाहिए।

### सैंडिस में डॉक्टर के बेटे को ले जाने की कोशिश, हंगामे के बाद 1 हिरासत में

**भागलपुर**| कंपाउंड में मंगलवार सुबह एक हृदय रोग विशेषज्ञ के छह वर्षीय बेटे को गलत नीयत से ले जाने की कोशिश का मामला सामने आया। बच्चे की चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और हंगामा खड़ा हो गया। सूचना मिलने पर तिलकामांझी थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चिकित्सक अपने पिता और बेटे के साथ सुबह टहलने सैंडिस कंपाउंड पहुंचे थे। बेटे और पिता को परिसर के पास छोड़कर वे कार पार्क करने चले गए। लौटने पर बेटा वहां नहीं मिला। परिजन उसकी तलाश कर ही रहे थे कि कुछ दूरी से बच्चे के रोने और चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। आवाज की दिशा में पहुंचने पर एक व्यक्ति बच्चे के साथ मौजूद मिला। चिकित्सक ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर उक्त व्यक्ति उनके साथ भी उलझ गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित को हिरासत में ले लिया। चिकित्सक ने थाने में लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया कि व्यक्ति नशे में था और उसके मुंह से शराब की गंध आ रही थी। उन्होंने प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।

### रील बनाते सिपाही का वीडियो वायरल

**भागलपुर**| बरारी गंगा घाट पर ड्यूटी के दौरान एक महिला होमगार्ड जवान का रील बनाते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हलचल मच गई। इस संबंध में सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वीडियो में दिख रही महिला होमगार्ड जवान है। सोशल मीडिया उपयोग संबंधी विभागीय नीति का यदि उल्लंघन पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मुख्यालय ने ड्यूटी के दौरान रील बनाने पर रोक लगा रखी है।

### नाले पर कब्जे से सड़क पर बह रहा था गंदा पानी, निगम ने हटाया अतिक्रमण

**भागलपुर**| शिवपुरी कॉलोनी में सार्वजनिक नाले पर किए गए अतिक्रमण के कारण लोगों को जलजमाव की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। शीतलास्थान से बौंसी रेल पुल संख्या-2 के बीच नाले को बैरिकेडिंग कर बंद कर दिया गया था, जिससे गंदा पानी सड़क पर बहने लगा था। शिकायत पर नगर निगम ने अतिक्रमण हटाकर नाले की सफाई करायी। जानकारी पर मेयर डॉ. बसुंधरा लाल के निर्देश पर निगम का अतिक्रमण दस्ता पहुंचा। जांच में पाया कि सरकारी जमीन के साथ सार्वजनिक नाले के हिस्से को बैरिकेडिंग कर बंद कर दिया है। इसके बाद निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाया।

### आरपीएफ जवान की हत्या के 8 दिन बाद जागा विभाग, लापरवाही पर इंस्पेक्टर सस्पेंड

**भागलपुर** । लैलख स्टेशन से अगवा कर आरपीएफ जवान की हत्या करने के मामले में आठ दिन बाद विभाग सक्रिय हो गया है। मामले की जांच के बाद लापरवाही करने वाले एक इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया गया है। शहीद परिवार के परिजनों के अनुसार, कहलगांव स्टेशन पर तैनात विपिन कुमार को सस्पेंड किया गया है। मंगलवार को रेल आईजी रफीक अहमद सुबह सबसे पहले लैलख स्टेशन पहुंचे। मालदा मंडल के सुरक्षा आयुक्त वरुण कुमार बेहरा भी उनके साथ थे। दोनों अधिकारियों ने स्टेशन प्रबंधक, घटना की रात लैलख स्टेशन पर तैनात जवानों व रेलकर्मियों से पूछताछ की। उन्होंने यात्रियों, जवानों और रेल संपत्ति की सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया। इसके बाद वे जांच के लिए कहलगांव स्टेशन गए। डीआईजी ने बताया कि आरपीएफ जवान धर्मेंद्र कुमार की हत्या मामले की जांच सबौर थाना पुलिस कर रही है। जांच निष्पक्ष तरीके से पूरी की जाएगी। घटना में शामिल अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। बता दें कि बीते दिनों आरपीएफ जवान धर्मेंद्र कुमार का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी गई थी। रेल डीआईजी के साथ बड़ी संख्या में रेल पुलिस के अधिकारी और पदाधिकारी मुंगेर के पाटम स्थित शहीद जवान के घर पहुंचे। वहां डीआईजी समेत सभी पुलिस अधिकारियों और पदाधिकारियों को परिवार के रोष का सामना करना पड़ा। शहीद की पत्नी ने अधिकारियों के सामने ही आरोप लगाया कि उसके पति की हत्या में विभाग की मिलीभगत है। कुछ पदाधिकारियों की भी संलिप्तता है। परिवार को सूचना नहीं दी गई। परिवार जब सक्रिय हुआ तो लैलख से लेकर कहलगांव तक तैनात आरपीएफ के पदाधिकारी खानापूर्ति में जुटे रहे। डीआईजी ने भी माना कि जवान के लापता होने के बाद ऑन ड्यूटी पदाधिकारी ने लापरवाही की।

### 527 बेटिकट यात्री से 3 लाख जुर्माना वसूला

**भागलपुर**| मालदा डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता के निर्देश पर मंगलवार को टीटीई ने विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान भागलपुर, कोईली खुटाहा हॉल्ट, गोनू धाम, हाटपुरैनी हॉल्ट, टिकानी, मंदार हिल व अन्य स्टेशनों पर टीटीई ने यात्रियों के टिकट की जांच की। इसमें 527 बेटिकट यात्री पकड़े गए। जिससे 3 लाख 10 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। साथ ही यात्रियों को टिकट लेकर ही यात्रा करने का अपील की।

# हाई वोल्टेज बिजली तार की चपेट में आने से मां-बेटे की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



सुंदरम सिंह
मृतक



◆ भागलपुर में खेत में भिंडी तोड़ने गई थी, बेटा करंट से छुड़ाने पहुंचा तो चपेट में आया

**भागलपुर** । भागलपुर के खेत में भिंडी तोड़ने गई एक महिला और उसे बचाने दौड़े उसके बेटे की हाई वोल्टेज बिजली तार की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना रंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मदरौनी गांव की है। सरिता देवी आज अपने खेत में सब्जी तोड़ने गई थीं। खेत के ऊपर से गुजर रहा हाई वोल्टेज तार बांस के अस्थायी खंभे के सहारे बेहद नीचे लटका हुआ था। काम के दौरान महिला अनजाने में उस तार के संपर्क में आ गई और करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गईं।

**मां को बचाने में हुआ हादसा** : मां की हालत देखकर पास में मौजूद उनका बेटा सुंदरम सिंह तुरंत उन्हें बचाने के लिए दौड़ा, लेकिन जैसे ही उसने अपनी मां को छुड़ाने की कोशिश की, वह भी करंट की चपेट में आ गया। दोनों खेत में ही अचेत होकर गिर पड़े। मृतकों की पहचान मनोज कुमार की पत्नी सरिता देवी (44) और बेटा सुंदरम सिंह (25) के रूप में हुई है। सरिता देवी अपने खेत में भिंडी तोड़ रही थीं। इसी दौरान करंट लगने से वह तार में चिपक गईं। दोनों खेत में ही अचेत होकर गिर पड़े। घटना के बाद ग्रामीणों ने किसी तरह बिजली तार को अलग किया और दोनों को इलाज के लिए जीएमसीएच पूर्णिया पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

**ग्रामीणों ने लगाया लापरवाही का आरोप** : मां-बेटे की एक साथ मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। घटना की सूचना पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में ले लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि मृतक के पिता का हार्ट की बीमारी का इलाज मायागंज अस्पताल में चल रहा हैं। जबकि एक बेटी की शादी हो चुकी है। घटना के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति भारी आक्रोश है। आरोप है कि क्षेत्र में जर्जर बिजली तारों और बांस-बल्ले के सहारे खींची गई विद्युत लाइन की शिकायत कई बार विभागीय अधिकारियों से की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों प्रकाश सिंह ने बताया कि विभागीय लापरवाही के कारण एक ही परिवार के दो लोगों की जान चली गई। लोगों ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई, गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग जिला प्रशासन से की है।

# ट्रायल के लिए बेली ब्रिज पर स्कॉर्पियो चढ़ाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर** । भागलपुर में विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त हिस्से पर 49 मीटर लंबा बेली ब्रिज बना है। जिसपर मंगलवार देर रात सीमा सड़क संगठन ने ट्रायल किया। छोटे वाहनों का परिचालन कराया। परीक्षण के दौरान करीब 2.5 टन वजनी स्कॉर्पियो को 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पुल पर चलाकर उसकी मजबूती और स्थिरता की जांच की गई। वाहन में बीआरओ के एक अधिकारी और चालक मौजूद थे। अधिकारियों के अनुसार पूरे परीक्षण में किसी प्रकार का कंपन, तकनीकी खामी या अस्थिरता नहीं पाई गई और वाहन बिना किसी बाधा के पुल के एक छोर से दूसरे छोर तक पहुंच गया। प्रारंभिक निरीक्षण में बेली ब्रिज पूरी तरह सुरक्षित और उपयोग योग्य प्रतीत हुआ है, हालांकि अंतिम निर्णय तकनीकी मूल्यांकन और उच्चस्तरीय स्वीकृति के बाद ही लिया जाएगा। सेतु पर स्थापित सभी चार बेली ब्रिज का अलग-अलग विस्तृत परीक्षण किया जाएगा। चार और पांच जून को अंतिम चरण का ट्रायल प्रस्तावित है, जिसके बाद तकनीकी रिपोर्ट तैयार कर संबंधित विभाग को सौंपी जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर छोटे वाहनों के परिचालन पर अंतिम फैसला लिया जाएगा।

**सेतु क्षतिग्रस्त होने के बाद लंबी दूरी करनी पड़ रही है** : विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने के बाद भागलपुर, नवगछिया, कोसी और सीमांचल क्षेत्र के लोगों को वैकल्पिक मार्गों से लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। ऐसे में बेली ब्रिज के सफल ट्रायल से हजारों लोगों में राहत की उम्मीद जगी है।

# जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में सुरक्षा गार्डों के बीच मारपीट मामले में प्राथमिकी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर** । भागलपुर में जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पिछले कई दिनों से सुरक्षा गार्डों का आंदोलन चल रहा था। सोमवार को मारपीट हुई थी। घटना के बाद स्थिति सामान्य हो गई है। सुरक्षा गार्ड वेतन वृद्धि, पीएफ की सुविधा, वर्दी मद की राशि सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे थे। जो वार्ता के बाद काम पर लौट गए हैं। सुरक्षा एजेंसी ने मांगों पर विचार करने के लिए 2 दिन का समय मांगा है। दूसरी तरफ अस्पताल परिसर में हड़ताली गार्ड्स और नए सुरक्षा कर्मियों के बीच हुई मारपीट के मामले में बरारी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सामंता सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विस के सुपरवाइजर सह सेवानिवृत्त सेना जवान अनिल कुमार सिंह के आवेदन पर 12 सुरक्षा गार्डों को नामजद और 30 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। प्राथमिकी में सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, ड्यूटी पर तैनात नए गार्डों के साथ मारपीट करने और अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित करने का आरोप लगाया गया है।

**कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हुई थी** : दरअसल, सुरक्षा गार्ड पिछले कई दिनों से वेतन वृद्धि, भविष्य निधि (पीएफ) की नियमित कटौती और जमा, अवकाश की सुविधा, वर्दी मद की राशि और अन्य श्रम संबंधी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे थे। मांगों को लेकर उन्होंने अस्पताल परिसर में धरना-प्रदर्शन शुरू किया था, जिससे सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होने लगी थी। सोमवार सुबह करीब 10 बजे अस्पताल अधीक्षक कार्यालय के समीप प्रदर्शन कर रहे गार्ड्स को समझाने का प्रयास किया गया। इसी दौरान एजेंसी की ओर से बांका और मुंगेर से नए सुरक्षा गार्डों को बुलाकर ड्यूटी पर लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई। इसका आंदोलनरत गार्डों ने विरोध किया और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। आरोप है कि विरोध के दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई, जिसमें कई लोग घायल हुए। बीच-बचाव करने पहुंचे सुपरवाइजर अनिल कुमार सिंह के साथ भी मारपीट की गई।

# ये दुर्भाग्यपूर्ण, सरकार को सुरक्षा देनी चाहिए

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर** । पटना में खान सर की कोचिंग ग्लोबल स्टडीज पर हुए हमले की घटना को लेकर भागलपुर के कांग्रेस के पूर्व विधायक अजीत शर्मा ने बिहार सरकार की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि कोचिंग संस्थानों में छात्र पढ़ाई और अपना भविष्य संवारने जाते हैं, ऐसे स्थानों पर हिंसा और असुरक्षा का माहौल बनना पूरे राज्य के लिए चिंताजनक है। बुधवार को अजीत शर्मा ने कहा कि यदि अपराधी शैक्षणिक संस्थानों में घुसकर पत्थरबाजी और मारपीट करेंगे तो छात्रों का मनोबल प्रभावित होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मामले में हस्तक्षेप कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। उनका कहना था कि घटना में सुरक्षा गार्ड के घायल होने की सूचना भी सामने आई है, जिससे स्पष्ट है कि कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीरता से कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसी घटनाओं पर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो छात्र और अभिभावक सरकार को माफ नहीं करेंगे।

**राबड़ी देवी के सरकारी आवास को खाली कराने के मामले में भी सरकार को घेरा** : राबड़ी देवी के सरकारी आवास को लेकर चल रहे राजनीतिक विवाद पर भी अजीत शर्मा ने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि राबड़ी देवी बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री रही हैं और वर्तमान में विधान परिषद में नेता भी हैं, ऐसे में उनके सरकारी आवास में रहने को लेकर विवाद खड़ा करना समझ से परे है। शर्मा ने आरोप लगाया कि एक ओर सरकार कहती है कि सरकारी आवास किसी की बपौती नहीं है, वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी दो सरकारी आवासों को मिलाकर बड़े परिसर में रहने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब राज्य में गरीबों को जमीन और आवास उपलब्ध कराने की चुनौती बनी हुई है, तब सत्ता में बैठे लोगों द्वारा बड़े-बड़े सरकारी परिसरों का विस्तार करना जनता के बीच गलत संदेश देता है। भागलपुर के पूर्व विधायक ने कहा कि अगर सरकारी आवास किसी की निजी संपत्ति नहीं है तो यही सिद्धांत सभी पर समान रूप से लागू होना चाहिए। शर्मा ने सरकार से आम लोगों और गरीबों की समस्याओं पर प्राथमिकता के आधार पर ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि जनता सब कुछ देख रही है और समय आने पर इसका जवाब भी देगी।

# भीषण गर्मी, जल आपूर्ति व्यवस्था चरमराई



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**अररिया** । अररिया जिले में भीषण गर्मी के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। तापमान बढ़ने के साथ ही लोग पानी के लिए भटक रहे हैं, लेकिन नगर परिषद और लोक स्वास्थ्य प्रमंडल की जल आपूर्ति व्यवस्था संतोषजनक नहीं दिख रही है। लाखों रुपये की लागत से निर्मित जल मीनार अब केवल शो-पीस बनकर रह गए हैं। बुधवार सुबह 10:30 बजे शहर के काली मंदिर के पास नगर परिषद द्वारा बनाए गए ठंडे पानी के स्टॉल पर झोपड़ीनुमा ढांचा तो मौजूद था, लेकिन उसमें पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। स्टॉल खाली पड़ा था, जिससे राहगीरों में नाराजगी है।

**राहगीरों के लिए ठंडे पानी का कोई स्टॉल नहीं** : अररिया रेलवे स्टेशन (आरएस) क्षेत्र के स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद पर उपेक्षा का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि आरएस बाजार में न तो कोई सरकारी चापाकल है और न ही राहगीरों के लिए ठंडे पानी का कोई स्टॉल उपलब्ध है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले साल यहां ठंडे पानी का स्टॉल लगाया गया था, लेकिन इस बार व्यवस्था में लापरवाही बरती गई है। स्थानीय निवासी दीपक गुप्ता ने कहा, "पिछले वर्ष नगर परिषद ने अररिया आरएस में ठंडे पानी की व्यवस्था की थी, लेकिन इस बार न स्टॉल है, न चापाकल। बाजार में पानी की एक बूंद के लिए लोग परेशान हैं।"

**जल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार की मांग की** : एक अन्य स्थानीय निवासी राजेंद्र बेगवानी ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा, "भीषण गर्मी में एक गिलास ठंडा पानी भी नहीं मिल रहा है। नगर परिषद की योजनाएं केवल कागजों पर दिख रही हैं, जमीनी स्तर पर कुछ नहीं है।" इस लापरवाही से न केवल नागरिकों को परेशानी हो रही है, बल्कि गर्मी से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा भी बढ़ रहा है।

**हावड़ा–काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन**

पूर्वोत्तर रेलवे के तहत वाराणसी मंडल के गोरखपुर कैंट. – पनियहवा खंड में गोरखपुर कैंट. और उनौला स्टेशनों के बीच दोहरीकरण पैच को चालू करने के लिए, बिफोर प्री–नॉन–इंटरलॉकिंग **(दिनांक 16.07.2026 को)**, प्री–नॉन इंटरलॉकिंग **(दिनांक 17.07.2026 से 19.07.2026 तक)** और नॉन–इंटरलॉकिंग **(दिनांक 20.07.2026 से 21.07.2026 तक)** कार्य के साथ **दिनांक** 21.07.2026 को सीआरएस निरीक्षण किया जाएगा। इसके परिणामस्वरूप, 13019 **हावड़ा – काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 20.07.2026) छपरा जंक्शन – गोरखपुर कैंट. – बाराबंकी जंक्शन स्टेशनों के बदले **छपरा जंक्शन – वाराणसी जंक्शन – अयोध्या कैंट. – बाराबंकी जंक्शन** होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-11, दिनांक 02.06.2026;** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए विद्युत ठेकेदारी का वैध लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस तथा वित्तीय रूप से कार्य सम्पन्न करने की क्षमता रखने वाले अपेक्षित निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा केस सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-11, कार्य का नामः** नीचे उल्लेखित टीआरडी हिस्से के कार्यों का निष्पादनः (i) अत्यंत पुरानी कैटेनरी वायर तथा कंटैक्ट वायर एवं ड्रॉपरों का प्रतिस्थापन (दुर्गापुर-सीतारामपुर)। (ii) आसनसोल मंडल के पानागढ़-वारिया अनुभाग में अत्यंत पुरानी ढांचों का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्यः** रु. 43,88,26,132.40; **बयाना राशिः** रु. 87,76,500; **कार्य के लिए समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने। **खुलने की तारीख एवं समयः** 07.07.2026 को 15.00 बजे। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधताः** खुलने की तारीख से 90 दिन। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

(ASN-125/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. : एम-पीडी-ओटी-02 ऑफ 2026-27, दिनांक 29.05.2026;** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, मालदा, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर झलझलिया, जिला मालदा, पिन-732102 (पबं) द्वारा निर्धारित वेबसाइट पर निम्नलिखित कार्यों के लिए गहन क्षमता तथा मजबूती वित्तीय स्थित के साथ रेलवे/सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएम अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के साथ पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित विवरण के अनुसार दिनांक 19.06.2026 को 17.00 बजे तक खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **कार्य का नाम तथा स्थानः** जमालपुर कोचिंग डिपो में एयर कम्प्रेस्ड पाइपलाइन की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करना। स्थानः बिहार में जमालपुर। **कार्य का निविदा मूल्यः** 18% जीएसटी सहित रु. 19,56,576.39; **जमा की जाने वाली बयाना राशि :** रु. 39,100। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **कार्य समापन अवधिः** एलओए के जारी किए जाने से 60 दिन। **निविदा ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय :** 19.06.2026 को 17.00 बजे तक। **वेबसाइट : www.ireps.gov.in सूचना पट्ट** : 1. वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/पूर्व रेलवे/मालदा का कार्यालय। 2. डीएमई (सीएंडडब्ल्यू)/भागलपुर का कार्यालय। 3. एसएसई/सीएंडडब्ल्यू/पूर्व रेलवे/जमालपुर का कार्यालय। **विद्रः** निविदादाताओं से वेबसाइट पर विस्तृत सूचना एवं निविदा दस्तावेज देखने का अनुरोध किया जाता है। इस निविदा के लिए कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(MLD-72/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**मालदा मंडल के तहत पे एंड यूज शौचालय लॉट के संचालन के लिए उपार्जन संविदाएं प्रदान करना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मालदा, पूर्व रेलवे, मालदा मंडल, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102, पश्चिम बंगाल (नीलामी संचालन अधिकारी) ने **मालदा मंडल के तहत कहलगाँव (सीएलजी), शिवनारायणपुर (एसवीआरपी), राजमहल (आरजेएल), गोड्डा (जीओडीए), घोघा (जीजीए), मुंगेर (एमजीआर) एवं साहिबगंज (एसबीजी) स्टेशनों में पे एंड यूज शौचालय लॉट के संचालन** के लिए **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी सूचीपत्र प्रकाशित किया है। **नीलामी सूचीपत्र सं.:** पीएनयू-19-2026, **नीलामी शुरूः** 18.06.2026 को 10.00 बजे। **क्रमांक एवं लॉट सं.; स्टेशन** क्रमशः निम्नलिखितः (1) पीएनयू-एमएलडीटी-सीएलजी-टीओआई-36-26-1; कहलगाँव, (2) पीएनयू-एमएलडीटी-एसवीआरपी-टीओआई-50-25-2; शिवनारायणपुर, (3) पीएनयू-एमएलडीटी-आरजेएल-टीओआई-39-25-3; राजमहल, (4) पीएनयू-एमएलडीटी-जीओडीए-टीओआई-33-26-1; गोड्डा, (5) पीएनयू-एमएलडीटी-जीजीए-टीओआई-17-26-1; घोघा, (6) पीएनयू-एमएलडीटी-एमजीआर-टीओआई-37-25-2; मुंगेर, (7) पीएनयू-एमएलडीटी-एसबीजी-टीओआई-6-26-2; साहिबगंज। आगे के विवरण के लिए प्रत्याशित बोलीदाताओं से आईआरईपीएस ई-नीलामी प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है।

(MLD-73/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**आसनसोल मंडल के तहत बहुउद्देशीय स्टॉल, ब्रांडेड आइस क्रीम पार्लरों, वाटर वेंडिंग मशीनों एवं कैटरिंग स्टॉल का प्रावधान**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल-713301 द्वारा **आसनसोल मंडल के तहत जसीडीह स्टेशन में बहु उद्देशीय स्टॉल (एमपीएस), दुर्गापुर एवं जसीडीह स्टेशनों में ब्रांडेड आइस क्रीम पार्लरों, अंडाल एवं गिरिडीह स्टेशनों में वाटर वेंडिंग मशीनों (डब्ल्यूवीएम) तथा वारिया स्टेशन में कैटरिंग स्टॉल के प्रावधान** के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के मार्फत आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण नीचे उल्लेखित हैः • **नीलामी सूचीपत्र सं.:** एएसएन-एमपीएस-26-6, **सिक्वेंस सं.:** एए/1, **लॉट सं./श्रेणीः** एमपीएस-एएसएन-जेएसएमई-एमपीएस-26-25-1, **ई-नीलामियों की तारीख/समयः** 16.06.2026 को 12:00:00 बजे; **कार्य का विवरणः** जसीडीह रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म सं. 4 पर एमईएमयू कार्यालय/वॉल्व मैन रूम के बगल में 05 वर्षों की अवधि के लिए बहुउद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) (6 फीटx10 फीट= 60 वर्ग फीट) का आबंटन। अनारक्षित श्रेणी के लिए निर्धारित (सभी श्रेणियों के लिए खुली)। • **नीलामी सूचीपत्र सं.:** एएसएन-एमएसएस-एसटीजीईएन11, **सिक्वेंस सं.:** एए/1, **लॉट सं./श्रेणीः** एमएसएस-एएसएन-जेएसएमई-एसटीजीईएन-147-26-1, **ई-नीलामियों की तारीख/समयः** 18.06.2026 को 10:00:00 बजे; **कार्य का विवरणः** जसीडीह (जेएसएमई) स्टेशन के नए सर्कुलेटिंग क्षेत्र में स्थित 60 वर्ग फीट परिमाप के मनोनित क्षेत्र (जैसा कि संलग्न स्केच प्लान में उल्लेखित है) के भीतर 05 (पांच) वर्षों के लिए ब्रांडेड आइसक्रीम पार्लर का संचालन एवं रखरखाव। **सिक्वेंस सं.:** एए/2, **लॉट सं./श्रेणीः** एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एसटीजीईएन-141-26-1, **ई-नीलामियों की तारीख/समयः** 18.06.2026 को 10:00:00 बजे; **कार्य का विवरणः** दुर्गापुर स्टेशन में हेरिटेज रेल इंजन के संलग्न दक्षिण की ओर के सर्कुलेटिंग क्षेत्र में स्थित 60 वर्ग फीट परिमाप के मनोनित क्षेत्र (जैसा कि संलग्न स्केच प्लान में उल्लेखित है) के भीतर ब्रांडेड आइसक्रीम पार्लर का संचालन एवं रखरखाव। • **नीलामी सूचीपत्र सं.:** एएसएन-सीएटीजी-26-3, **सिक्वेंस सं.:** एए/1, **लॉट सं./श्रेणीः** सीएटीजी–एएसएन-ओवाईआर-जीएमयू-22-23-1, **ई-नीलामियों की तारीख/समयः** 15.06.2026 को 12:00:00 बजे; **कार्य का विवरणः** वारिया रेलवे स्टेशन (श्रेणी ई) के प्लेटफॉर्म सं. 1-2 पर जनरल माइनर यूनिट के अधीन 05 वर्षों की अवधि के लिए मॉड्युलर कैटरिंग स्टॉल 10'X6' (60 वर्ग फीट) के जरिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। • **नीलामी सूचीपत्र सं.:** एएसएन-डब्ल्यूवीएम-26-5, **सिक्वेंस सं.:** एए/1, **लॉट सं./श्रेणीः** एमएसएस-एएसएन-जीआरडी-डब्ल्यूवीएम-22-25-1, **ई-नीलामियों की तारीख/समयः** 17.06.2026 को 12:00:00 बजे; **कार्य का विवरणः** गिरिडीह रेलवे स्टेशन के दिव्यांग गेट के निकट 05 वर्षों की अवधि के लिए स्टैण्ड-अलोन आधार पर वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) की स्थापना एवं संचालन के लिए लाइसेंस प्रदान करना। **सिक्वेंस सं.:** एए/2, **लॉट सं./श्रेणीः** एमएसएस-एएसएन-यूडीएल-डब्ल्यूवीएम-25-25-1, **ई-नीलामियों की तारीख/समयः** 17.06.2026 को 12:00:00 बजे; **कार्य का विवरणः** अंडाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 1-2 पर ओएचई मैस्ट सं. 186/35 तथा 187/1 के बीच 05 वर्षों की अवधि के लिए स्टैण्ड-अलोन आधार पर वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) की स्थापना एवं संचालन के लिए लाइसेंस प्रदान करना।

(ASN-124/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ,समापन पर हुआ विशाल भंडारा

**आरा** । शहर के बैंक कॉलोनी स्थित मनोकामना मंदिर के तृतीय स्थापना दिवस पर श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं कथा महोत्सव का समापन वैदिक मंत्रोच्चार, पूर्णाहुति यज्ञ और विशाल भंडारे के साथ हो गया। सप्ताहभर चले इस आध्यात्मिक आयोजन में प्रतिदिन करीब 2000 से अधिक श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे, जबकि समापन दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अनंत श्री विभूषित संत स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज के मंगलानुशासन में आयोजित कथा के अंतिम दिन महाराज श्री ने अपने प्रवचन में पूरे सप्ताह की कथा का सार प्रस्तुत किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, भक्ति, धर्म, सत्य, करुणा और मानव जीवन के आध्यात्मिक मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को नैतिकता, संस्कार और मानवता का संदेश देने का प्रभावी माध्यम है। कथा श्रवण से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है तथा ईश्वर के प्रति श्रद्धा और विश्वास मजबूत होता है। समापन पर वैदिक विधि-विधान के साथ पूर्णाहुति यज्ञ संपन्न कराया गया। कथा आयोजन से जुड़े श्रद्धालुओं एवं यजमानों ने हवन कुंड में आहुति देकर परिवार, समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि तथा कल्याण की कामना की। इस दौरान गोविंदाचार्य, कुरेशाचार्य, गोपी शर्मा और विष्णुकांत सहित अन्य श्रद्धालुओं ने धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया।

### शिविर में 95 आवेदन सड़क व नल-जल की मांग

**गड़हनी**| बराप पंचायत के मनरेगा भवन में मंगलवार को सहयोग शिविर लगा। विभिन्न विभागों में कुल 95 आवेदन आए, जिनमें 20 का मौके पर निपटारा हुआ। जगह कम होने से कुछ स्टॉल पेड़ के नीचे लगाए गए। शिविर की व्यवस्था मुखिया चंद्रशेखर सिंह ने की। ग्रामीणों ने बगवा रेलवे क्रॉसिंग से पर ीमाई तक और पशु मेला मोड़ से बराप मध्य विद्यालय तक जर्जर सड़क, दो साल से अधूरा पंचायत सरकार भवन और ध्वस्त नल-जल व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग उठाई। ज्ञापन जिला योजना पदाधिकारी सारिक नुरुल हशन को सौंपा गया। लालबदन राम का जीवित प्रमाण-पत्र बना। पांच जॉब कार्ड और सात राशन कार्ड जारी हुए। सबसे ज्यादा आवेदन भूमि विवाद के रहे।

### इंद्रपुरी बराज से नहरों में छोड़ा गया पानी

**बक्सर** । खरीफ फसलों की सिंचाई को लेकर किसानों के लिए राहत भरी खबर है। राज्य के 8 जिलों के खेतों तक पानी पहुंचाने के उद्देश्य से 1 जून से इंद्रपुरी बराज से सभी प्रमुख नहरों में जलापूर्ति शुरू कर दी गई है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार बक्सर जिले की नहरों में भी अगले 1 सप्ताह के भीतर पानी पहुंचने की संभावना है। मुख्य अभियंता ई. अजय कुमार सिंह ने बताया कि 1 जून को इंद्रपुरी बराज पर 3526 क्यूसेक पानी उपलब्ध था। खरीफ फसलों की सिंचाई के लिए पश्चिमी संयोजक नहर में 2012 क्यूसेक, पश्चिमी समानांतर संयोजक नहर में 505 क्यूसेक तथा पूर्वी संयोजक नहर में 1009 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। वर्तमान में रिहन्द जलाशय से इंद्रपुरी बराज को पानी मिल रहा है, जबकि वाणसागर जलाशय से जलस्राव शून्य है। उन्होंने बताया कि इंद्रपुरी बराज का जलस्तर 355 फीट पर बनाए रखा गया है। जलस्तर को स्थिर रखने के लिए फिलहाल सोन नदी के निचले हिस्से में पानी का डिस्चार्ज नहीं किया जा रहा है। बराज के 69 गेटों में से सभी गेट बंद रखे गए हैं। बता दें कि राज्य के 8 जिलों की सिंचाई व्यवस्था इंद्रपुरी बराज पर निर्भर है।

### ई-शिक्षाकोष पर प्रोफाइल अपडेट का अभियान

**बक्सर** । शिक्षा विभाग ने ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर प्रोफाइल अपडेट करने का विशेष अभियान शुरू किया है। जिले में शिक्षकों के स्थानांतरण एवं सेवा संबंधी अभिलेखों को अद्यतन और पारदर्शी बनाने के लिए यह अभियान शुरू किया गया। विभागीय समीक्षा में पाया गया है कि बड़ी संख्या में शिक्षकों की प्रोफाइल अब भी अधूरी है तथा कई महत्वपूर्ण जानकारियां दर्ज नहीं की गई हैं। ऐसे में स्थानांतरण, सेवा सत्यापन और अन्य प्रशासनिक कार्यों को सुचारु बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है।अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर सभी शिक्षकों की प्रोफाइल अपडेट कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि आगामी स्थानांतरण प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी न हो। प्राथमिक शिक्षा निदेशक सज्जन आर द्वारा जारी निर्देश के बाद यह निर्देश दिया जिले के सभी शिक्षक 5 जून तक अपनी प्रोफाइल में दर्ज 54 अनिवार्य फील्ड को अपडेट कर लें। शिक्षकों को अपनी ई-शिक्षाकोष आईडी से लॉगिन कर टीचर रजिस्ट्रेशन सेक्शन के अंतर्गत प्रोफाइल संपादित करनी होगी। इसमें पंजीकरण, पदस्थापन, व्यक्तिगत जानकारी, स्थायी पता और वर्तमान पता सहित पांच प्रमुख श्रेणियों से जुड़ी सूचनाएं भरनी अनिवार्य हैं। विभाग ने शिक्षकों को सलाह दी है कि वह बेहतर तकनीकी सुविधा के लिए क्रोम ब्राउजर का उपयोग करें। जारी निर्देश के अनुसार, बिहार के निवासी शिक्षक अपने गृह जिला या गांव का स्थायी पता दर्ज करेंगे, जबकि वर्तमान में जहां निवास कर रहे हैं, उसे पत्राचार पते के रूप में भर सकते हैं। वहीं उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के निवासी शिक्षकों को अपने मूल राज्य का स्थायी पता दर्ज करने के साथ वहां का निवास प्रमाण-पत्र भी अपलोड करना होगा। निवास प्रमाण-पत्र की पीडीएफ फाइल अधिकतम 200 केबी की निर्धारित की गई है। यदि किसी शिक्षक की प्रोफाइल में पंजीकरण, पदस्थापन या व्यक्तिगत जानकारी से संबंधित कोई त्रुटि है तो संबंधित शिक्षक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) को आवेदन देंगे। सत्यापन के बाद 48 घंटे के भीतर आवश्यक सुधार किया जाएगा। ई-शिक्षाकोष पोर्टलः प्रोफाइल अपडेट अभियान बिहार शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के स्थानांतरण और सेवा अभिलेखों को पारदर्शी बनाने के लिए ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर प्रोफाइल अपडेट करने का विशेष अभियान शुरू किया है। सभी शिक्षकों को 5 जून तक गूगल क्रोम ब्राउज़र का उपयोग करके 54 अनिवार्य फील्ड भरने होंगे। किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा 48 घंटे के भीतर सुधार किया जाएगा।

### एनएच- 922 पर महाजाम, ट्रकों की लगी कतारें

**बक्सर** । नेशनल हाईवे 922 पर वाहन सवारों का सफर काफी मुश्किल हो गया है। यहां जाम की समस्या रोजमर्रा की बात हो गई है। बक्सर-पटना को जोड़ने वाली इस लाइफलाइन पर जाम का झाम इस कदर हावी था कि वाहन सवारों की फजीहत कम होने का नाम नहीं ले रही। मंगलवार को स्थित और भी भयावह दिखी। गोलंबर से लेकर पड़री मोड़ तक सैकड़ों ट्रकों की कतार लगी थी। ट्रक चालकों की मनमानी के कारण रोजाना हजारों की आबादी इस सड़क पर अपनी जिंदगी के कई घंटे बर्बाद करने को मजबूर हैं। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि यह जाम सिर्फ वक्त की बर्बादी नहीं, बल्कि किसी बड़ी अनहोनी और भीषण दुर्घटना की वजह बनने की ओर भी अग्रसर है। हाइवे पर अव्यवस्था का आलम यह है कि नियमों को ताक पर रखकर ट्रक चालक मनमर्जी पर उतारू हैं। रात हो या दिन तीन-तीन लेन में ट्रकों को बेतरतीब तरीके से खड़ा कर दिया जा रहा है। इसके कारण पीछे से आने वाले छोटे वाहनों, एम्बुलेंस और बसों के लिए रास्ता पूरी तरह ब्लॉक हो जाता है। ऐसे में आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं हो रही हैं, और किसी दिन यह एक बड़े हादसे का रूप ले सकती हैं। बीएफसी रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर अनिल कुमार राय ने कहा किहैरानी की बात यह है कि इस गंभीर समस्या पर स्थानीय प्रशासन और यातायात पुलिस पूरी तरह मूक दर्शक बनी हुई है। चुनाव के समय और चुनाव जीतने के बाद विकास के बड़े-बड़े दावे करने वाले जनप्रतिनिधि भी इस जनता की रोजमर्रा की इस फजीहत पर आंखें मूंदे बैठे हैं। होटल व्यवसाई गोलू कुमार राय ने कहा कि नेताओं और अधिकारियों के काफिले भी शायद इसी जाम से बचकर किसी दूसरे रास्ते से निकल जाते हैं। मल्लू यादव, विजय कुमार राय, मुकेश कुमार आदि ने बताया कि गोलंबर पर ट्रक चालकों से की जा रही नाजायज वसूली के कारण इस तरह की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

# गोला बाजार के किराना दुकान में लगी भीषण आग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर** । बक्सर के व्यस्त गोला बाजार क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक किराना दुकान में भीषण आग लग गई। यह घटना पोस्ट ऑफिस के सामने स्थित लल्लू केशरी की दुकान में रात करीब 11 बजे हुई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की तेज लपटें और धुएं का गुबार देखकर बड़ी संख्या में लोग अपने घरों और दुकानों से बाहर निकल आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुकान बंद थी तभी अचानक अंदर से धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और दुकान के भीतर रखा सारा सामान जलने लगा। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों में भय का माहौल बन गया। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना दमकल विभाग को दी।

**दमकल विभाग बचाव कार्य में जुटा** : सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग सक्रिय हो गया और आग की गंभीरता को देखते हुए दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा




गया। दमकल कर्मियों ने पहुंचते ही आग बुझाने का अभियान शुरू किया। देर रात तक आग पर काबू पाने के लिए लगातार प्रयास जारी रहे। घनी आबादी और बाजार क्षेत्र होने के कारण आग के आसपास की दुकानों तक फैलने की आशंका बनी रही। इसे देखते हुए प्रशासन और दमकल विभाग पूरी सतर्कता के साथ राहत एवं बचाव कार्य में जुटा रहा। प्रारंभिक तौर पर आग लगने के पीछे शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, अधिकारियों की ओर से आग लगने के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। आग पूरी तरह बुझने के बाद ही वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

**जनप्रतिनिधियों ने घटनास्थल का लिया जायजा** : घटना की जानकारी मिलते ही रेड क्रॉस सचिव डॉ. श्रवण कुमार तिवारी, नगर परिषद के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि नियामतुल्लाह फरीदी, पूर्व विधायक मुन्ना तिवारी के प्रतिनिधि शुभम तिवारी, पूर्व पार्षद राकेश सिंह और स्थानीय वार्ड पार्षद विजय कुमार मौके पर पहुंचे। इन जनप्रतिनिधियों ने दमकल अधिकारियों से घटना की जानकारी ली और राहत कार्य का जायजा लिया। फिलहाल आग से हुए नुकसान का आकलन नहीं हो सका है। दुकान में रखे किराना सामान, फर्नीचर और अन्य वस्तुओं के जलकर नष्ट होने की आशंका है। आग बुझने और स्थिति सामान्य होने के बाद प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जाएगा। घटना के बाद देर रात तक बाजार क्षेत्र में लोगों की भारी भीड़ जुटी रही और सभी लोग आग बुझाने के प्रयासों पर नजर बनाए हुए थे।

## पंडित सूर्य कुमार ओझा की पुण्यतिथि पर पौधरोपण और काव्य गोष्ठी का आयोजन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**ब्रह्मपुर** । समाजसेवी, धर्मनिष्ठ किसान एवं लोकचेतना के संवाहक पंडित स्वर्गीय सूर्य कुमार ओझा की 20वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पौधरोपण एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों, साहित्यकारों, किसानों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय सूर्य कुमार ओझा केवल एक किसान नहीं थे। वे समाज को एक सूत्र में पिरोने वाले व्यक्तित्व थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में प्रतिदिन अपने दरवाजे पर श्रीरामचरितमानस का पाठ कराया। उन्होंने धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। श्रीराम कथा और भक्ति भाव के प्रचार-प्रसार में स्वर्गीय सूर्य कुमार ओझा तथा आदरणीय रामदेव ओझा जी की भूमिका को लोगों ने विशेष रूप से याद किया। कार्यक्रम में ग्रामीण जीवन की पुरानी स्मृतियों और समाज सेवा की परंपराओं पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने स्वर्गीय महत ठाकुर, स्वर्गीय नगीना साह एवं अन्य किसानों के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि उस दौर में लोग सामूहिकता, सहयोग और भाईचारे की मिसाल पेश करते थे। स्वर्गीय नगीना साह प्रत्येक मंगलवार को प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ कराते थे। ग्रामीणों ने बताया कि स्वर्गीय सूर्य कुमार ओझा किसानों के साथ मिल-जुलकर खेती करते थे। वे जरूरतमंद तथा असहाय परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग प्रदान करते थे।

## पेड़ से टकराई सुपर बाइक, युवक की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर** । बक्सर में मंगलवार को तेज रफ्तार सुपर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना डुमरांव-बिक्रमगंज मुख्य पथ पर डुमरांव थाना क्षेत्र के निर्भय कोल्ड स्टोरेज के पास हुई। मृतक की पहचान मुरार थाना क्षेत्र के आमसारी गांव निवासी हरेन्द्र कुमार उर्फ मुन्ना सिंह के बेटे आलोक कुमार सिंह उर्फ छोटू (25) के रूप में हुई है। आलोक किसी आवश्यक कार्य से डुमरांव आ रहा था और कुछ महत्वपूर्ण कागजात लेकर एक बैंक जाने की तैयारी में था।

**वाहन को बचाने में हुआ हादसाः** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आलोक अपनी सुपर बाइक से डुमरांव की ओर जा



रहा था। निर्भय कोल्ड स्टोरेज के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन को बचाने के प्रयास में उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और युवक कई फीट दूर जा गिरा। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचित किया और गंभीर रूप से घायल युवक को डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, दुर्घटना में युवक को गंभीर चोटें आई थीं।

**मामले की जांच में जुटी पुलिसः** युवक की मौत की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। परिवार में शोक का माहौल है। घटना की सूचना मिलने के बाद डुमरांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है तथा आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। इस हादसे ने एक बार फिर सड़क पर तेज रफ्तार के खतरों को उजागर कर दिया है।

## खेल मैदान की मांग पर डीएम ने भूमि चिह्नित कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**ब्रह्मपुर** । रघुनाथपुर पंचायत में खेल मैदान के अभाव में गांव के युवा आज भी खेतों के बीच खाली पड़ी जमीन पर कबड्डी, बैडमिंटन और वॉलीबॉल जैसे खेल खेलने को मजबूर हैं। वहीं पुलिस, सेना एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थी सड़कों पर दौड़ का अभ्यास करते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा हमेशा बना रहता है। मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के तहत प्रत्येक पंचायत में खेल मैदान निर्माण की योजना होने के बावजूद रघुनाथपुर पंचायत अब तक इस सुविधा से वंचित रही है। इस समस्या को लेकर समाजसेवी शैलेश ओझा, रामजी प्रसाद, नीरज पाण्डेय, अरविंद यादव एवं लक्ष्मण प्रसाद सहित युवाओं ने सहयोग शिविर के माध्यम से जिला पदाधिकारी के समक्ष खेल मैदान निर्माण की मांग रखी थी। मांग पर संज्ञान लेते हुए डीएम साहिला ने अंचलाधिकारी ब्रह्मपुर को रघुनाथपुर पंचायत में खेल मैदान हेतु उपयुक्त भूमि चिह्नित कर अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इस पहल से पंचायत के युवाओं में उत्साह और



उम्मीद का माहौल है। समाजसेवी शैलेश ओझा ने कहा कि खेल मैदान का निर्माण युवाओं को खेल प्रतिभा निखारने, अनुशासन सीखने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का अवसर देगा। यह रघुनाथपुर के विकास और युवा सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। हाल ही में बिहार पुलिस में चयनित गांव के युवा नीरज पाण्डेय, गोपी मिश्रा, संतोष सिंह एवं मनोज साह ने भी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि खेल मैदान नहीं होने के कारण उन्हें दौड़ की तैयारी के लिए ब्रह्मपुर हाई स्कूल मैदान जाना पड़ता था। गांव में खेल मैदान बनने से युवाओं को बेहतर सुविधा मिलेगी और प्रतियोगी परीक्षाओं में उनकी सफलता की संभावना भी बढ़ेगी।

## रोटी बैंक ने 200 से अधिक जरूरतमंदों को कराया भोजन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा** । आरा रोटी बैंक की अध्यक्ष सोनाली देवी की माता स्वर्गीय उर्मिला देवी के निधन पर सोमवार को महादेवा, रोटी बैंक कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा हुआ। इस दौरान रोटी बैंक के सदस्यों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शहर के गणमान्य लोगों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। सोनाली देवी ने कहा कि सेवा और समाजसेवा का भाव उन्हें अपनी मां से ही मिला था। उनके संस्कार और आशीर्वाद हमेशा मार्गदर्शन करते रहेंगे। सभा के बाद स्वर्गीय उर्मिला देवी की स्मृति में रोटी बैंक के सदस्यों ने रेलवे स्टेशन परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर जरूरतमंद, असहाय, बेसहारा लोगों, महिलाओं और बच्चों के बीच भोजन वितरित किया। इस दौरान 200 से अधिक लोगों को भोजन कराया गया। रोटी बैंक के सचिव अखौरी दीपक बिहारी ने कहा कि रोटी बैंक के सभी साथियों ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ जरूरतमंदों के बीच आत्मीयता से भोजन वितरण कर दिवंगत आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि दी है।

## समर्थ पोर्टल से कॉलेज में नामांकन की तैयारी पूरी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा** । वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू) के अंगीभूत एवं संबद्ध डिग्री कॉलेजों में स्नातक सत्र 2026-30 में नामांकन की प्रक्रिया अब समर्थ पोर्टल के माध्यम से शुरू होने जा रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पोर्टल पर सभी आवश्यक सूचनाएं और डाटा अपलोड कर तैयारी पूरी कर ली है। बुधवार से विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी। इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद से ही छात्र-छात्राएं नामांकन प्रक्रिया शुरू होने का इंतजार कर रहे थे। इस बार पहली बार समर्थ पोर्टल के माध्यम से नामांकन होने के कारण प्रक्रिया में कुछ विलंब हुआ, लेकिन अब सभी तकनीकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो. ओपी राय ने बताया कि पोर्टल का टेस्ट वर्जन सफलतापूर्वक जांच लिया गया है। अंतिम तकनीकी परीक्षण के बाद बुधवार से आवेदन शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नामांकन का विस्तृत कार्यक्रम भी जल्द जारी किया जाएगा तथा विद्यार्थियों को आवेदन के लिए कम से कम दो सप्ताह का समय दिया जाएगा। शाहाबाद के चारों जिलों में नवस्थापित राजकीय डिग्री कॉलेजों की जानकारी भी समर्थ पोर्टल पर उपलब्ध करा दी गई है। इन कॉलेजों में इस सत्र से सीमित विषयों में पढ़ाई शुरू होगी। विश्वविद्यालय के अनुसार प्रारंभिक चरण में




छह विषयों में नामांकन लिया जाएगा। पोर्टल पर संबंधित कॉलेजों, संचालित विषयों और सीटों का पूरा ब्यौरा उपलब्ध रहेगा। गौरतलब हो कि इधर, छात्र जदयू के प्रदेश महासचिव एवं छात्र नेता कृष्ण तिवारी ने छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो. ओपी राय से मुलाकात कर स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में शीघ्र नामांकन शुरू कराने की मांग की थी। नामांकन प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए विश्वविद्यालय ने समर्थ सेल का पुनर्गठन किया है। सेल में विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ बिहार राज्य उच्च शिक्षा परिषद के तकनीकी विभाग के तीन सदस्य और दो वरीय सहायक प्राध्यापक शामिल किए गए हैं। यह टीम पोर्टल संचालन और विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान की जिम्मेदारी संभालेगी।

## पड़ोसी पर लगाया हत्या का आरोप

**आरा** ।भोजपुर में मंगलवार को संदिग्ध स्थिति में बुजुर्ग की मौत हुई थी। परिजन ने आरोप लगाया था कि उनके साथ मारपीट हुई है। बताया जा रहा कि मृतक धनगाई थाना क्षेत्र के कुनई गांव निवासी ललन चौधरी (74) थे। इधर, मृतक के बेटे राजू चौधरी ने बताया कि बीते 18 अप्रैल को पड़ोसी राजेश बिंद और उसकी पत्नी मंटू देवी से पौधा उखाड़ने को लेकर झगड़ा हुआ था। पिता को लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर से मार कर जख्मी कर दिया गया था। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल से पटना ले जाया गया था। जहां कुछ दिन इलाज चलने के बाद वापस उन्हें घर लाया गया था। घटना धनगाई थाना क्षेत्र के कनई गांव की है।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार** : इस संबंध में 18 अप्रैल को राजू ने स्थानीय थाना में राजेश बिंद सहित अन्य के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी।

## शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई, 7 तस्कर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर** । बक्सर रेलवे स्टेशन और आसपास के रेल क्षेत्र में शराब तस्करी के खिलाफ रेल पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए सात तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई रेल डीएसपी कंचन राज के नेतृत्व में आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम द्वारा की गई। गिरफ्तार किए गए सभी तस्कर उत्तर प्रदेश से बैग में शराब लाकर बिहार में खपाने की फिराक में थे। पुलिस ने इनके पास से अलग-अलग ब्रांड की शराब भी जब्त की है। पकड़े गए अधिकतर तस्कर पटना या आसपास के क्षेत्रों के है। पुलिस इनका अपराधिक इतिहास भी खंगालने में जुटी हुई है। तस्करों में दानापुर के वार्ड नंबर 18 निवासी सनी कुमार उम्र 18 वर्ष पिता सुबोध राय, मैदा टोली निवासी कुंदन कुमार उम्र 18 वर्ष पिता संतोष गुप्ता, शास्त्री नगर पटना के रंजन कुमार, पिता जमुना पासवान, भाटा रोड पटना के सोनू कुमार पिता संजय केसरी, पटना के ही भिखना पहाड़ी सैदपुर गली नंबर 2 निवासी रितिक राज उम्र 24 वर्ष, पिता राज किशोर सिंह, अम्हारा बिहटा के अमरेश कुमार उम्र 26 वर्ष पिता उमेश राय और बिहटा के चक्मुनिजे निवासी जितेंद्र यादव,उम्र 33 वर्ष पिता बुखारी यादव के रूप में हुई है। पुलिस सभी अभियुक्तों का आपराधिक



इतिहास खंगाल रही है।रेल डीएसपी कंचन राज ने स्पष्ट कहा कि बक्सर जैसे सीमावर्ती स्टेशन पर शराब तस्करी को लेकर विशेष अभियान चलाए जा रहे है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए तस्करों से पूछताछ जारी है, जिससे इस पूरे नेटवर्क के अन्य सदस्यों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। बक्सर रेल पुलिस की यह कार्रवाई कोई पहली नहीं है। इससे पहले भी रेल पुलिस ने कई बड़े खुलासे किए हैं। हाल ही में एक महिला तस्कर को रेल डीएसपी कंचन राज के नेतृत्व में गिरोह की सरगना के रूप में गिरफ्तार किया गया था। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी कुंदन कुमार और जीआरपी थानाध्यक्ष मणिचंद्र पांडेय ने बताया कि पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि शराब की खेप कहां से लाई जा रही थी, किन-किन जगहों पर इसकी सप्लाई की जाती थी और क्या इसके पीछे कोई बड़ा संगठित गिरोह काम कर रहा है।

## 20 लाख की शराब जब्त, दो गिरफ्तार



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर** । वीर कुंवर सिंह सेतु पर उत्पाद विभाग को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मंगलवार की सुबह बक्सर स्थित वीर कुंवर सिंह सेतु ऊपरी पुल पर उत्पाद विभाग की चेक पोस्ट टीम ने वाहन जांच अभियान के दौरान जूट की बोरियों के बीच छिपाकर ले जाई जा रही भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की। कार्रवाई के दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।उत्पाद अधीक्षक अशरफ जमाल ने बताया कि वीर कुंवर सिंह सेतु पर चेक पोस्ट के प्रभारी कुंदन कुमार के नेतृत्व में नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान हरियाणा से भागलपुर जा रहे एक डीसीएम ट्रक को संदेह के आधार पर रोका गया। प्रारंभिक जांच में ट्रक जूट की बोरियों से भरा हुआ दिखाई दिया, लेकिन अधिकारियों को कुछ संदिग्ध गतिविधि महसूस हुई। इसके बाद ट्रक की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान जूट की बोरियों के बीच बड़ी मात्रा में विदेशी शराब छिपाकर रखी गई थी। उत्पाद विभाग द्वारा ट्रक से कुल 203 पेटी विदेशी शराब बरामद की गई। जब्त शराब की कुल मात्रा 1772 लीटर बताई गई है। उत्पाद विभाग के अनुसार बरामद शराब की अनुमानित कीमत 20 लाख 50 हजार रुपये है। कार्रवाई के दौरान ट्रक में सवार दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### हाजीपुर गंडक पुल से बच्चों का खतरनाक स्टंट:वीडियो वायरल, लोग बोले- '4 लाख का चेक तैयार है'

**हाजीपुर।** हाजीपुर-सोनपुर गंडक पुल से बच्चों द्वारा खतरनाक स्टंट करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो को देखने के बाद लोग इसे बेहद खतरनाक बता रहे हैं और टिप्पणी कर रहे हैं कि '4 लाख रुपए का चेक तैयार है'। यह टिप्पणी इस ओर इशारा करती है कि यदि स्टंट के दौरान कोई दुर्घटना या मौत होती है, तो आश्रित परिवार को सरकारी खजाने से 4 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाता है। वायरल वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा किया गया है। यह स्टंट हाजीपुर-सोनपुर के पुराने गंडक पुल पर किया गया, जहां चार-पांच बच्चे खतरनाक तरीके से स्टंट करते हुए कैमरे में कैद हुए। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक के बाद एक दो बच्चे गंडक नदी में छलांग लगाते हैं। तीसरा बच्चा संशय में दिख रहा है, क्योंकि पुल से नदी की गहराई लगभग 40 से 50 फुट है। पहले और दूसरे लड़के अन्य बच्चों को छलांग लगाने के लिए बार-बार इशारा कर रहे थे। पुल से बच्चे नदी में लंबी छलांग लगा रहे थे। गौरतलब है कि गंडक पुल के दोनों ओर पुलिस बल तैनात रहता है। एक तरफ हाजीपुर नगर थाने की पुलिस और दूसरी तरफ छपरा जिले की सोनपुर पुलिस की तैनाती होती है। इसके बावजूद पुलिस अधिकारियों द्वारा इस तरह की गतिविधियों की अनदेखी की जा रही है। इसी पुल से पहले भी कई बार युवक-युवतियों ने आत्महत्या के इरादे से छलांग लगाई है। हालांकि, कई मौकों पर हाजीपुर पुलघाट पर तैनात एसडीआरएफ टीम ने उनकी जान बचाई है। इस घटना के बाद, वहां से गुजरने वाले लोग पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि यदि पुल पर पुलिसकर्मियों को ठीक से तैनात किया जाए, तो ऐसी असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सकता है।



### पिकअप ने व्यक्ति को रौंदा, मौत, वैशाली में नाराज स्थानीय लोगों ने बांस लगा किया सड़क जाम



**हाजीपुर।** वैशाली के कटहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चेहराकलां मुख्यालय चौक पर एक तेज रफ्तार बालू लदी पिकअप ने एक व्यक्ति को कुचल दिया। इस हादसे में 45 वर्षीय मिंटू राय की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। उन्होंने सड़क पर शव रखकर टायर जलाए और बांस लगाकर सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी मृतक के परिजनों के लिए उचित मुआवजे और पिकअप चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। जानकारी मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास कर रही है। मृतक के भाई महेंद्र राय ने बताया कि मिंटू राय सड़क किनारे खड़े थे, तभी तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस सड़क पर अनियंत्रित वाहनों का परिचालन होता है और पुलिस प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता, जिससे आए दिन छोटे-बड़े हादसे होते रहते हैं। महेंद्र राय ने पिकअप चालक पर कार्रवाई और मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग पुलिस और जिला प्रशासन से की है। पुलिस अभी भी लोगों को शांत करने में जुटी है।

### गंडक नदी में डूबे किशोर का शव मिला, वैशाली में लालगंज के बसंत जहानाबाद घाट से 3 किमी दूर बरामद

**हाजीपुर।** वैशाली जिले में गंडक नदी में डूबे 13 वर्षीय किशोर विक्की कुमार का शव 48 घंटे बाद बरामद कर लिया गया है। लालगंज के बसंत जहानाबाद घाट पर सोमवार दोपहर स्नान के दौरान वह गहरे पानी में डूब गया था। उसका शव घटना स्थल से लगभग 3 किलोमीटर दूर घटारो बलहा घाट पर मिला। विक्की कुमार नगर परिषद क्षेत्र के अताउल्लाहपुर पोझिया, वार्ड संख्या 25 निवासी विन्देश्वर महतो का पुत्र था। वह अपने चार दोस्तों के साथ गंडक नदी में स्नान करने गया था, तभी गहरे पानी में जाने के कारण डूब गया। उसके साथियों ने तुरंत परिजनों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने निजी गोताखोरों की मदद से किशोर की तलाश शुरू की, लेकिन सोमवार देर शाम तक उसका कोई पता नहीं चल सका। प्रशासन को भी इस घटना की जानकारी दी गई थी। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (SDRF) की टीम घटनास्थल पर पहुंची और खोज अभियान शुरू किया। एसडीआरएफ अधिकारी बुद्धि बहादुर ने बताया कि टीम दो टीमें भेजी गई थीं, जिसमें से एक टीम के उपकरण में तकनीकी खराबी आ गई थी। शेष टीम ने लगातार खोजबीन जारी रखी और बुधवार को किशोर का शव बरामद किया। मुखिया संघ के अध्यक्ष गणेश राय ने बसंत जहानाबाद घाट को खतरनाक बताया है। उन्होंने लोगों से सावधानी बरतने की अपील करते हुए घाट पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस घाट पर दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-पाठ और स्नान के लिए आते हैं, लेकिन सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। उनका आरोप है कि नदी में डूबने की घटनाओं के बावजूद प्रशासन ने न तो बैरिकेडिंग कराई है और न ही चेतावनी संबंधी कोई प्रभावी व्यवस्था की है। शव मिलने के बाद पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है।

### हाजीपुर में जुआ अड्डे पर छापा, 6 गिरफ्तार, पुलिस ने 23 हजार कैश और ताश बरामद किए

**हाजीपुर।** हाजीपुर नगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जुआ के एक अड्डे पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 23,510 रुपए नगद तथा ताश के बंडल बरामद किए। यह कार्रवाई एसडीओ रोड मोड़ स्थित मछली मंडी के पीछे की गई। पुलिस को देखकर जुआ खेल रहे लोग भागने लगे, लेकिन पुलिस बल की मदद से सभी को पकड़ लिया गया। बरामद सामान में ताश के बंडल और अन्य संबंधित वस्तुएं शामिल हैं। एसपी विक्रम सिहाग ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस कार्रवाई की जानकारी दी। गिरफ्तार किए गए सभी व्यक्तियों से थाने में पूछताछ के बाद उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई और उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अमन कुमार पोद्दार, अजीत कुमार, बबलू कुमार, दीपक कुमार, रोहित कुमार और हिमांशु कुमार के रूप में हुई है। सभी के विरुद्ध बंगाल जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### जॉर्ज फर्नांडिस की जयंती राजकीय समारोह के रूप में मनाई, मुजफ्फरपुर में मंत्री श्रवण कुमार हुए शामिल

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में पूर्व रक्षा मंत्री और महान समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडिस की जयंती राजकीय समारोह के रूप में मनाई गई। यह कार्यक्रम शहर के कंपनीबाग स्थित जॉर्ज स्मृति उद्यान सिटी पार्क में आयोजित की गई। इस अवसर पर राज्य सरकार के ग्रामीण विकास सह सूचना जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने हिस्सा लिया। उनके साथ जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन और एसएसपी कांतेश कुमार मिश्र सहित कई अतिथियों और अधिकारियों ने जॉर्ज फर्नांडिस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री श्रवण कुमार ने इस मौके पर जॉर्ज फर्नांडिस को देश का क्रांतिकारी नेता बताया। उन्होंने कहा कि फर्नांडिस इंदिरा गांधी की तानाशाही के खिलाफ अडिग रहे और जीवनभर संघर्ष करते हुए गरीब व बेसहारा लोगों के सहारा बने रहे। श्रवण कुमार ने फर्नांडिस के संकल्पों को आगे बढ़ाने का वादा किया। उन्होंने कहा कि हम सभी उनसे प्रेरणा लेते हैं और देश व राज्य की बेहतरी के लिए लगातार काम करते रहेंगे, ताकि जनता की बेहतर सेवा की जा सके। मंत्री ने इस राजकीय समारोह की जिम्मेदारी मिलने को अपने लिए गर्व का विषय बताया। उन्होंने कहा कि आज उनके आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश और लोगों की भलाई के लिए समर्पित कर दिया।

# मधुबनी में बड़ा हादसाः जेसीबी से खोदे गए गड्ढे में डूबे सात बच्चे, पांच की मौत से गांव में मातम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**मधुबनी।** जिले के बिस्फी थाना क्षेत्र स्थित केरवार गांव में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। जेसीबी मशीन से खोदे गए गहरे गड्ढे में नहाने गए सात बच्चे डूब गए, जिनमें पांच बच्चों की मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में चीख-पुकार और मातम का माहौल है, जबकि दो बच्चों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, गांव के कई बच्चे दोपहर में जेसीबी से खोदे गए पानी भरे गड्ढे में नहाने पहुंचे थे। नहाने के दौरान बच्चे अचानक गहराई में चले गए और एक-एक कर डूबने लगे। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों की मदद से कुछ बच्चों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक कई बच्चे गंभीर रूप से पानी में डूब चुके थे।

ग्रामीणों ने तत्काल सभी बच्चों को अस्पताल पहुंचाया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दो बच्चों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि तीन अन्य बच्चों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस तरह हादसे में कुल पांच बच्चों की जान चली गई। मृतकों में तीन लड़कियां और दो लड़के शामिल बताए जा रहे हैं। अधिकांश बच्चों की उम्र 12 से 14 वर्ष के बीच बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। बेनीपट्टी अनुमंडल पदाधिकारी शारंग पांडेय, डीएसपी समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य की निगरानी की। अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर घायल बच्चों की स्थिति की जानकारी ली तथा पीड़ित परिवारों से मुलाकात की।

पूर्व मुखिया शिव कुमार साव ने बताया कि जेसीबी से खोदे गए गड्ढे में डूबने से पांच बच्चों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि यह घटना पूरे गांव के लिए अत्यंत दुखद है। मृतकों में तीन लड़कियां और दो लड़के शामिल हैं। प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

अनुमंडल पदाधिकारी शारंग पांडेय ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक बच्चे के परिजनों को आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान कर दी गई है। उन्होंने कहा कि घटना की जांच कराई जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि गड्ढा किन परिस्थितियों में खुला छोड़ दिया गया था। हादसे के बाद घटनास्थल पर बच्चों की चप्पलें और अन्य सामान बिखरे मिले, जिन्हें देखकर परिजनों का दर्द और बढ़ गया। मृतकों में केरवार गांव की 12 वर्षीय स्नेहा कुमारी की पहचान हुई है। स्नेहा की मां ने रोते हुए बताया कि उनकी बेटी नहाने के लिए गई थी, लेकिन वापस घर नहीं लौटी। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## जदयू ऑफिस में गायब मिले निशांत अचानक पहुंचे नीतीश कुमार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज बुधवार को अचानक जनता दल यूनाइटेड (JDU) के प्रदेश कार्यालय पहुंच गए। संयोग ऐसा रहा कि जिस जनसुनवाई कार्यक्रम में उनके बेटे निशांत कुमार समेत अन्य नेताओं को लोगों की समस्याएं सुननी थी, उसी कार्यक्रम में कोई भी मौजूद नहीं मिला। जानकारी के अनुसार, आज जदयू कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम की जिम्मेदारी निशांत कुमार, दामोदर रावत और रत्नेश सदा के पास थी। लेकिन जब नीतीश कुमार अचानक प्रदेश कार्यालय पहुंचे तो कर्पूरी सभागार में इनमें से कोई भी नेता मौजूद नहीं था। ऐसे में नीतीश कुमार खुद जनसुनवाई कक्ष में पहुंचे और लोगों की समस्याएं सुनने लगे। उन्होंने फरियादियों से सीधे बातचीत की और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

**बेटे निशांत कुमार नहीं थे मौजूदः** सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की रही कि जनसुनवाई के लिए तय कार्यक्रम में उनके बेटे निशांत कुमार भी मौजूद नहीं थे। ऐसे में नीतीश कुमार का खुद लोगों के बीच बैठकर शिकायतें सुनना राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया। डिप्टी सीएम से मुलाकात के बाद पूर्व सीएम अचानक जदयू दफ्तर पहुंच गए। जदयू दफ्तर में रोजाना 3 मंत्रियों के जनसुनवाई का कार्यक्रम होता है।

आज मंत्री अशोक चौधरी, मदन सहनी और मंत्री श्वेता गुप्ता को जनसुनवाई में पहुंचना था, लेकिन जब नीतीश कुमार जदयू दफ्तर पहुंचे तीनों मंत्री में से कोई भी मंत्री मौजूद नहीं थे। नीतीश कुमार के जदयू दफ्तर से निकलने से कुछ वक्त पहले अशोक चौधरी भागे-भागे पार्टी कार्यालय आए। वो नीतीश कुमार की गाड़ी के पास गए और पूर्व सीएम से मुलाकात की।

## पटना सदर सीओ का सरकारी नंबर हैक, साइबर थाना में शिकायत दर्ज

एजेंसी, पटना

पटना सदर के अंचलाधिकारी रजनी कांत का सरकारी CUG मोबाइल नंबर 9031671824 हैक कर लिया गया है। उनकी ओर से इस बाबत में पटना के साइबर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया है कि सरकारी नंबर पर 9861832938 से कॉल आया। उसने बताया कि वह कुरियर डिलीवरी करने वाला है। उसने कुरियर बॉय को कॉल करने के लिए कहा। इसके बाद मेरे सह कर्मी ने उसके बताए अनुसार *21* 7764987536# डायल किया। इस कॉल के बाद मेरा मोबाइल नंबर और व्हाट्सएप नंबर दोनों हैक हो गया।





**क्यूआर कोड भेजकर 25000 रुपए की ठगीः** CO ने बताया कि मेरे बॉबी नाम के परिचित को सबसे पहले क्यूआर कोड भेजकर मेरे नाम पर 25000 रुपए ठग लिए। फिर मल्टीपल लोगों को क्यूआर कोड भेजकर रुपए मांगे गए। मेरे नंबर पर जो भी कॉल किया जा रहा है, वह 7764987536 पर फॉरवार्ड हो जा रहा है।

साइबर DYSP नीतीश चंद्र धारिया ने बताया कि, 'प्राथमिकी दर्ज कर के मामले की छानबीन की जा रही है। पिछले दो महीने में इस तरीके के 15 से अधिक मामले आ चुके हैं। लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है।' सबसे पहले व्हाट्सएप में टू स्टेप वेरिफिकेशन ऑन करें। इससे जल्दी हैक नहीं होगा। इसके लिए व्हाट्सएप की सेटिंग में जाएं। इसके बाद एकाउंट पर क्लिक करें।

## लहसुना थाना में भावुक विदाई समारोह, खुशबू खातून को सम्मानित कर नए थानाध्यक्ष बिक्रम कुमार का किया गया स्वागत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मसौढ़ी।** अनुमंडल क्षेत्र के लहसुना थाना परिसर में बुधवार को एक गरिमामय सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निवर्तमान थानाध्यक्ष खुशबू खातून को भावभीनी विदाई दी गई, वहीं नवपदस्थापित थानाध्यक्ष बिक्रम कुमार का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर दोनों अधिकारियों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान कराय पंचायत के मुखिया पिंकू सिंह, निशियावा पंचायत के मुखिया चंदन भारती, पूर्व प्रखंड प्रमुख रमाकांत रंजन किशोर, भाजपा नेता संजय केसरी, विद्या एजुकेशनल के निदेशक राहुल चंद्र समेत कई गणमान्य लोगों ने खुशबू खातून को





फूल-माला, शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कम समय में अपनी कार्यशैली, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा से आम लोगों का विश्वास जीता।

मुखिया पिंकू सिंह ने कहा कि खुशबू खातून ने पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का कार्य किया। उन्होंने कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका समाधान किया। यही कारण है कि वे अल्प अवधि में ही क्षेत्र के लोगों के बीच लोकप्रिय हो गईं। वक्ताओं ने कहा कि उनकी कार्यशैली अन्य पुलिस अधिकारियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। अपने संबोधन में खुशबू खातून ने क्षेत्र के लोगों, जनप्रतिनिधियों और थाना कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लहसुना थाना क्षेत्र में कार्य करते हुए उन्हें हर वर्ग का सहयोग मिला। जनता के सहयोग और टीम वर्क की बदौलत ही विभिन्न चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया जा सका। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास का रिश्ता मजबूत होने पर ही बेहतर कानून-व्यवस्था कायम की जा सकती है।

**नए थानाध्यक्ष ने अपराध और शराबबंदी पर सख्ती का दिया भरोसाः** नवपदस्थापित थानाध्यक्ष बिक्रम कुमार ने पदभार ग्रहण करने के बाद क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखते हुए अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शराबबंदी कानून का सख्ती से पालन कराया जाएगा तथा अपराध और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

# विधानसभा समितियों की कार्यप्रणाली की हुई समीक्षा

## वर्षों से लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे का निर्देश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में विधानसभा की विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में समितियों की कार्यप्रणाली, लंबित मामलों की स्थिति तथा उनके त्वरित निष्पादन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा बैठक में लोक लेखा समिति, सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति, प्राक्कलन समिति, शून्यकाल समिति, याचिका समिति, निवेदन समिति, कारा सुधार समिति, गैर सरकारी संकल्प समिति, बिहार विरासत विकास समिति समेत अन्य समितियों के कार्यों का आकलन किया गया। बैठक के दौरान यह तथ्य सामने आया कि लोक लेखा समिति और सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति में कई मामले वर्ष 2008 से लंबित हैं। इस पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वित्त विभाग और महालेखाकार कार्यालय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर लंबित कंडिकाओं का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

डॉ. प्रेम कुमार ने स्पष्ट कहा कि जिन मामलों में अधिकारियों की लापरवाही के कारण कंडिकाएं वर्षों से लंबित हैं, वहां जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों को अनावश्यक रूप से टालने की प्रवृत्ति पर रोक लगाना आवश्यक है, ताकि समितियों की कार्यक्षमता और जवाबदेही बनी रहे। बैठक में अध्यक्ष ने बड़ी समितियों के कार्यों के प्रभावी निष्पादन के लिए उप-समितियों के गठन की आवश्यकता पर भी बल दिया। उनका मानना था कि इससे कार्यों का तेजी से निष्पादन होगा और समितियां अधिक प्रभावी ढंग से अपनी जिम्मेदारियां निभा सकेंगी। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में सभी समितियों के सभापतियों के साथ अलग से बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें समितियों की कार्यप्रणाली को और अधिक सशक्त एवं परिणामोन्मुख बनाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने हाल ही में मुख्य सचिव द्वारा जारी उस निर्देश का भी उल्लेख किया, जिसमें विभागीय बैठकों में संबंधित विभाग के प्रधान अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही गई है। उन्होंने समिति पदाधिकारियों से इस निर्देश का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा। बैठक के अंत में डॉ. प्रेम कुमार ने प्रभारी सचिव को निर्देश दिया कि सभी समितियों के पदाधिकारियों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएं, ताकि समितियों की कार्यप्रणाली में निरंतर सुधार हो और लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके।

## बाढ़ में 7 वर्षीय बच्चे की करंट लगने से मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत गोपाईचक गांव में करंट लगने से सात वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान सूरज कुमार के रूप में हुई है। घटना सकसोहरा थाना क्षेत्र की है।

**दरवाजे के पास बेहोश पड़ा मिला बच्चाः** जानकारी के अनुसार, परिजन रोजाना की तरह खेतों में काम करने गए हुए थे, जबकि मासूम सूरज घर पर अकेला था। जब परिवार के सदस्य खेत से लौटकर घर पहुंचे तो उन्होंने बच्चे को दरवाजे के पास बेहोश पड़ा देखा। परिजन आनन-फानन में बच्चे को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

**करंट लगने की आशंकाः** परिजनों के मुताबिक, सूरज को घर



♦ खेत से लौटे परिजनों को दरवाजे पर मिला बेहोश, डॉक्टर ने किया मृत घोषित

में किस स्थान पर और कैसे करंट लगा, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। आशंका जताई जा रही है कि घर के दरवाजे के पास से गुजर रहे किसी तार में करंट रहा होगा, जिसकी चपेट में बच्चा आ गया। मृतक के दादा अरविंद प्रसाद ने बताया कि अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद करंट लगने से मौत की पुष्टि की है।

## बिहार के 4 जिलों का तापमान 40 डिग्री से ज्यादा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** बिहार में पिछले दिनों से लगातार आंधी-बारिश हुई, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली थी। लेकिन अब मौसम का मिजाज बदल गया है। राज्य के अधिकतर जिलों में मौसम सामान्य है। 4 जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार बिहार में बुधवार को 5 जिलों में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है, हीटवेव का कोई अलर्ट नहीं है। इसमें कैमूर, रोहतास (डेहरी), औरंगाबाद, गया और पटना जिला शामिल हैं। इन जिलों में अधिकतम तापमान 43 डिग्री तक पहुंच सकता है। मंगलवार को कैमूर (भभुआ) 41.4 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा, जबकि डेहरी, भागलपुर और शेखपुरा में भी तापमान 40 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया। वहीं, सासाराम, गयाजी में आंधी-तूफान के साथ बारिश हुई। जबकि बक्सर, औरंगाबाद में बादल छाए रहे।

**मानसून अभी बिहार से दूरः** दक्षिण-पश्चिम मानसून अभी बिहार नहीं पहुंचा है। 12 से 16 जून के बीच बिहार पहुँचेगा। जब तक मानसूनी बादल राज्य में सक्रिय नहीं होते, तब तक गर्म हवाओं और उमस का असर बना रहेगा। मानसून के आगे बढ़ने में हो रही देरी भी गर्मी बढ़ने का एक बड़ा कारण मानी जा रही है। दक्षिण-पश्चिम मानसून के 4 जून के आसपास केरल, तमिलनाडु, लक्षद्वीप तथा बंगाल की खाड़ी के कई और हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। इसके बाद मानसून धीरे-धीरे पूर्वी भारत की ओर बढ़ेगा। हालांकि बिहार में मानसून पहुंचने में अभी समय लगेगा। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि राज्य में मानसून की सक्रियता शुरू होने तक लोगों को गर्मी और उमस का सामना करना पड़ सकता है।

## किसान की बेटी से थानाध्यक्ष तकः खुशबू खातून ने कर्तव्यनिष्ठा से बनाई अलग पहचान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मसौढ़ी।** लहसुना थाना की निवर्तमान थानाध्यक्ष खुशबू खातून अपने कार्यकाल के दौरान बेहतर पुलिसिंग, जनसंपर्क और संवेदनशील कार्यशैली के कारण क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाने में सफल रहीं। उनके स्थानांतरण के बाद आयोजित विदाई समारोह में लोगों ने जिस आत्मीयता के साथ उन्हें सम्मानित किया, वह उनके प्रति जनता के विश्वास और सम्मान को दर्शाता है। गया जिले की रहने वाली खुशबू खातून वर्ष 2018 बैच की पुलिस अधिकारी हैं। उन्होंने 15 दिसंबर 2024 को लहसुना थाना के थानाध्यक्ष का पदभार संभाला था। अपने अपेक्षाकृत छोटे कार्यकाल में उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता दी। यही वजह रही कि वे क्षेत्र के लोगों के बीच लोकप्रिय हो गईं।

खुशबू खातून का जीवन संघर्ष और मेहनत की मिसाल है। वह एक साधारण किसान परिवार से आती हैं। उनके पिता मोहम्मद शाहिद किसान हैं, जिन्होंने हमेशा अपनी बेटियों को शिक्षा और समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। पिता का सपना



था कि उनकी बेटियां जहां भी रहें, समाज के लिए सकारात्मक योगदान दें। खुशबू खातून ने अपने पिता के इस सपने को साकार करते हुए पुलिस सेवा में आने के बाद जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी।

परिवार में तीन बहन और दो भाई हैं। तीनों बहनों ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर सरकारी सेवाओं में स्थान बनाया है। एक बहन पुलिस विभाग में कार्यरत हैं, दूसरी शिक्षिका हैं, जबकि एक अन्य बहन भी सरकारी सेवा से जुड़ी हुई हैं। यह परिवार शिक्षा और महिला सशक्तीकरण का प्रेरणादायक उदाहरण माना जाता है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, खुशबू खातून ने थाना क्षेत्र में पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने का प्रयास किया। आम लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुनना, महिलाओं और कमजोर वर्गों की समस्याओं पर संवेदनशीलता दिखाना तथा अपराध नियंत्रण के लिए सक्रिय भूमिका निभाना उनकी कार्यशैली की विशेषता रही।

विदाई समारोह में कई जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि खुशबू खातून ने अपनी ईमानदार कार्यशैली और व्यवहार से लोगों का दिल जीता है। कम समय में उन्होंने जिस तरह से जनता का विश्वास अर्जित किया, वह उनकी कार्यक्षमता और समर्पण को दर्शाता है।

खुशबू खातून के पति भी प्रशासनिक सेवा में कार्यरत हैं। बावजूद इसके उन्होंने अपनी अलग पहचान अपने कार्यों और उपलब्धियों के आधार पर बनाई है। क्षेत्र के लोगों का मानना है कि उनकी कार्यशैली और सेवा भावना आने वाले अधिकारियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी। उनके स्थानांतरण के बाद भी लोग उन्हें एक संवेदनशील और कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी के रूप में याद करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अनियंत्रित ट्रक पुल के नीचे गिरा, बाल-बाल बचे चालक-खलासी

**पूर्वी सिंहभूम**। पूर्वी सिंहभूम जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र में बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा टल गया, जब लोहे की पाइप लेकर जा रहा एक भारी ट्रक अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरा। यह दुर्घटना डुमरिया-कोवाली मुख्य मार्ग पर बादलगोड़ा और बोमरो गांव के बीच स्थित होरगाडा पुलिया के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक तेज रफ्तार में पुलिया से गुजर रहा था, तभी चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। संतुलन बिगड़ते ही ट्रक सड़क से नीचे जा गिरा। हादसे के समय ट्रक में चालक और खलासी मौजूद थे। दुर्घटना के बावजूद दोनों सुरक्षित बच निकले, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई। घटना के बाद दोनों को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। हादसे की खबर फैलते ही आसपास के गांवों के लोग मौके पर पहुंच गए। पुल के नीचे पड़े ट्रक को देखने के लिए काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने चालक और खलासी की कुशलक्षेम जानने के साथ उन्हें हरसंभव सहायता भी उपलब्ध कराई। ग्रामीणों ने इस हादसे के लिए सड़क की जर्जर स्थिति को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि कोवाली-डुमरिया सड़क का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है और कई स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। खराब सड़क के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है और अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने तथा मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

### चलती ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत, पहचान में जुटी जीआरपी

**पश्चिमी सिंहभूम**। पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल के मनोहरपुर रेलवे स्टेशन पर बुधवार सुबह एक हादसे में चलती ट्रेन से गिरकर एक यात्री की मौत हो गई। घटना प्लेटफॉर्म संख्या-2 के समीप हुई, जहां ट्रेन से गिरने के बाद यात्री को गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही जान चली गई। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे तथा जांच शुरू कर दी। प्राथमिक जांच में पता चला है कि मृतक शालिमार-कुर्ला एक्सप्रेस से यात्रा कर रहा था। आशंका जताई जा रही है कि वह ट्रेन के दरवाजे के पास बैठा हुआ था। यात्रा के दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह प्लेटफॉर्म के किनारे गिर पड़ा। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटनास्थल की तलाशी के दौरान जीआरपी को मृतक के पास से मोबाइल फोन, हेडफोन, चार्जर और कुछ नकदी मिली है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस मोबाइल फोन के आधार पर मृतक की पहचान करने और उसके परिजनों तक सूचना पहुंचाने का प्रयास कर रही है। हादसे के कारण कुछ समय के लिए रेल परिचालन भी प्रभावित रहा। राउरकेला-टाटा-बादामपहाड़ पैसेंजर ट्रेन को लगभग आधे घंटे तक रोके रखना पड़ा। बाद में रेलवे कर्मियों और जीआरपी की मदद से शव को ट्रैक क्षेत्र से हटाया गया, जिसके बाद ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया। घटना के बाद स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ जमा हो गई और लोगों में काफी देर तक चर्चा होती रही। जीआरपी थाना प्रभारी सुनील कुमार कुशवाह ने बताया कि मामले में यूडी केस दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

### टाटा स्टील परिसर में बड़ी चोरी की साजिश नाकाम, तीन गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम**। टाटा स्टील के संयंत्र परिसर में चोरी की एक बड़ी साजिश को सुरक्षा विभाग ने समय रहते विफल कर दिया। कंपनी के सुरक्षा कर्मियों ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की रात विशेष निगरानी अभियान चलाया और त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन संदिग्धों को पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि आरोपित कंपनी के बहुमूल्य सामान की चोरी करने की तैयारी में थे, लेकिन सुरक्षा टीम की सतर्कता के कारण उनकी योजना सफल नहीं हो सकी। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में मोहम्मद बाबू और मोहम्मद इरशाद शामिल हैं, जो जुगसलाई क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। तीसरे आरोपित की पहचान और उसकी भूमिका को लेकर भी जांच की जा रही है। सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद परिसर में निगरानी बढ़ा दी गई थी। इसी दौरान तीनों को संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ लिया गया। घटना के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने आरोपितों से पूछताछ की और आवश्यक जांच-पड़ताल की। प्रारंभिक जांच में चोरी की साजिश से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं।

# झारखंड में बढ़ी गर्मी की तपिश, कई जिलों के तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी

**एजेंसी। रांची**



झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में भीषण गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिलने की संभावना नहीं है और पूरे सप्ताह मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। मौसम विभाग की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, रांची के अधिकतम तापमान में पिछले 24 घंटों के दौरान लगभग 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं जमशेदपुर और बोकारो में क्रमशः 3 डिग्री और 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी रिकॉर्ड की गई है। तापमान में लगातार हो रही वृद्धि के कारण लोगों को दिनभर तेज धूप और उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। राज्य में सबसे अधिक तापमान पलामू जिले के डाल्टनगंज में 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम तापमान राजधानी रांची के नामकुम क्षेत्र में 20.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस दौरान राज्य में सर्वाधिक वर्षा हजारीबाग में हुई, जहां 2.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। बुधवार सुबह से ही रांची और आसपास के क्षेत्रों में मौसम पूरी तरह साफ रहा। आसमान में बादलों की मौजूदगी नहीं होने के कारण तेज धूप ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। दोपहर के समय सड़कों और बाजारों में सामान्य दिनों की तुलना में कम आवाजाही देखी गई, जबकि उमस भरे मौसम के कारण लोगों को विशेष असुविधा का सामना करना पड़ा। बुधवार को रांची का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 20.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री और न्यूनतम 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी प्रकार डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम 24.9 डिग्री सेल्सियस रहा। बोकारो में अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री और न्यूनतम 27.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि चाईबासा में अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आगामी दिनों में राज्य के अधिकांश हिस्सों में तापमान सामान्य से अधिक बना रह सकता है। तेज धूप और बढ़ती उमस के कारण लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। विशेषज्ञों ने दिन के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने तथा गर्मी से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है।

# सीआरपीएफ डीआईजी, उपायुक्त और एसपी ने की उच्चस्तरीय बैठक



**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**

पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान को और प्रभावी बनाने तथा दुर्गम क्षेत्रों तक विकास योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को एक महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। चाईबासा स्थित कार्यालय में जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक अमित रेणु तथा सीआरपीएफ डीआईजी विनोद कार्तिक ने सुरक्षा, विकास और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों में चल रहे सुरक्षा अभियानों की समीक्षा की गई और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने की रणनीति पर विचार-विमर्श हुआ। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि जिला प्रशासन और केंद्रीय सुरक्षा बलों के बीच बेहतर समन्वय से न केवल नक्सल विरोधी अभियान को मजबूती मिलेगी, बल्कि विकास कार्यों को भी गति मिलेगी। चर्चा के दौरान सारंडा और कोल्हान क्षेत्र के दूरस्थ गांवों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सड़क संपर्क, आजीविका संवर्धन और आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर विशेष फोकस किया गया। अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा और विकास एक-दूसरे के पूरक हैं तथा दोनों के संतुलित प्रयास से ही क्षेत्र में स्थायी शांति और विश्वास का वातावरण स्थापित किया जा सकता है। उपायुक्त मनीष कुमार और एसपी अमित रेणु ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, ताकि दूरदराज के ग्रामीण भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

# रिम्स भूमि फर्जीवाड़ा : दो आरोपितों की जमानत पर फैसला सुरक्षित, 6 जून को आएगा अदालत का आदेश

**एजेंसी। रांची**




रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) की अधिग्रहीत भूमि से जुड़े बहुचर्चित फर्जीवाड़ा मामले में गिरफ्तार दो आरोपितों राजकिशोर बड़ाईक और कार्तिक बड़ाईक की जमानत याचिका पर बुधवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की विशेष अदालत में सुनवाई पूरी हो गई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले में अब 6 जून को अदालत अपना आदेश सुनाएगी। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने अदालत से दोनों आरोपितों को जमानत देने की मांग की। उनका तर्क था कि मामले की जांच काफी हद तक पूरी हो चुकी है और आरोपित जांच एजेंसी के समक्ष सहयोग कर रहे हैं। वहीं, एसीबी की ओर से अदालत में जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा गया कि मामला सरकारी भूमि से जुड़े बड़े फर्जीवाड़े का है और इसकी जांच अभी जारी है। एजेंसी ने अदालत को बताया कि आरोपितों की भूमिका गंभीर प्रकृति की है तथा मामले से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्यों की जांच अभी शेष है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद विशेष अदालत ने तत्काल कोई निर्णय नहीं दिया और मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अदालत ने कहा कि उपलब्ध दस्तावेजों, जांच की प्रगति और प्रस्तुत तर्कों का परीक्षण करने के बाद 6 जून को आदेश सुनाया जाएगा। एसीबी ने गत 7 अप्रैल को इस मामले में चार आरोपितों राजकिशोर बड़ाईक, कार्तिक बड़ाईक, राजेश झा और चेतन कुमार को गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी का आरोप है कि सभी ने आपसी मिलीभगत से रिम्स की अधिग्रहीत सरकारी भूमि को निजी संपत्ति के रूप में प्रदर्शित करने के लिए फर्जी वंशावली और अन्य दस्तावेज तैयार किए थे। इन दस्तावेजों के आधार पर सरकारी जमीन पर निजी स्वामित्व का दावा करने का प्रयास किया गया। यह मामला झारखंड उच्च न्यायालय के संज्ञान में आने के बाद चर्चा में आया था। उच्च न्यायालय के निर्देश पर एसीबी ने 5 जनवरी को प्राथमिकी दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू की थी।

जांच के दौरान राजस्व अभिलेखों, भूमि दस्तावेजों और अन्य संबंधित रिकॉर्ड की पड़ताल की गई, जिसमें कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए। इन्हीं तथ्यों के आधार पर आरोपितों की संलिप्तता उजागर होने के बाद उनकी गिरफ्तारी की गई। दरअसल, यह पूरा मामला वर्ष 1964-65 में रिम्स के लिए अधिग्रहीत की गई लगभग 9.65 एकड़ सरकारी जमीन से जुड़ा है। आरोप है कि इस भूमि के कुछ हिस्सों पर अवैध कब्जा कर लिया गया और उसे निजी जमीन के रूप में प्रस्तुत किया गया। बाद में वहां अपार्टमेंट, दुकानें और आवासीय भवनों सहित कई स्थायी निर्माण भी कर लिए गए। मामला न्यायालय पहुंचने पर भूमि अभिलेखों और सरकारी दस्तावेजों की जांच की गई। सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने संबंधित भूमि को रिम्स की अधिग्रहीत संपत्ति माना। इसके बाद न्यायालय के निर्देश पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माणों को ध्वस्त कराया था। इस कार्रवाई के बाद पूरे प्रकरण की जांच तेज हुई और कथित फर्जी दस्तावेजों तथा वंशावली तैयार कर सरकारी जमीन पर दावा करने के आरोपों की जांच एसीबी को सौंपी गई। फिलहाल मामले में गिरफ्तार आरोपित न्यायिक हिरासत में हैं और अब सभी की नजरें 6 जून को आने वाले अदालत के आदेश पर टिकी हैं। अदालत का निर्णय इस बहुचर्चित भूमि फर्जीवाड़ा मामले की आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।


**कार्यालय जिला परिषद, पलामू**
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

इस कार्यालय के ज्ञापांक 894/जि0प0, दिनांक 22.05.2026 के माध्यम से प्रखण्ड हुसैनाबाद अन्तर्गत जपला जे0पी0 चौक पर पूर्व से स्थित यात्री शेड को तोड़कर उसके स्थान पर पी0पी0पी0 मोड पर मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण/ आवंटन हेतु विज्ञापन (PR No.- 380619) प्रकाशित किया गया है।

अपरिहार्य कारणो से उक्त विज्ञापन को अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR.NO.381423 District(26-27):D


# मंदिरों के मुरझाए फूलों ने बदली महिलाओं की तकदीर, अगरबत्ती बनाकर सवार रही जिंदगी

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



जिले के मंदिरों में हर सुबह श्रद्धालु भगवान को फूल अर्पित करते हैं। पूजा-अर्चना के बाद यही फूल कुछ घंटों में मुरझाकर कचरे के रूप में अलग कर दिए जाते हैं। वर्षों तक इन फूलों को बेकार समझकर फेंक दिया जाता रहा, लेकिन अब यही फूल जिले की कई महिलाओं के जीवन में बदलाव की नई कहानी लिख रहे हैं। टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से संचालित एक अनूठी पहल के तहत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं मंदिरों से एकत्र किए गए फूलों को उपयोगी उत्पादों में बदल रही हैं। इस पहल ने न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम बढ़ाया है, बल्कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का भी माध्यम बनाया है। इस अभियान से जुड़ी खुशबू, जो पहले पूरी तरह घरेलू जिम्मेदारियों तक सीमित थीं, आज स्वयं सहायता समूह की सचिव हैं। उनका कहना है कि कभी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी कि मंदिरों में चढ़ाए गए फूल उनके लिए आय का स्रोत बन सकते हैं। अब इस कार्य के माध्यम से वह परिवार की आर्थिक जरूरतों में सहयोग कर रही हैं और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। वर्तमान में इस कार्यक्रम से लगभग 30 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। ये महिलाएं पूर्वी सिंहभूम के विभिन्न मंदिरों से प्रतिदिन फूल एकत्र करती हैं। इसके बाद फूलों को अलग-अलग कर सुखाया जाता है और विशेष प्रक्रिया के माध्यम से सजावटी फूल धूप कोन जैसे उत्पाद तैयार किए जाते हैं। जिन फूलों को पहले बेकार समझा जाता था, वे अब बाजार में बिकने वाले उत्पादों का रूप ले रहे हैं। इस पहल के अंतर्गत सोनारी के राम मंदिर और मौनी बाबा मंदिर, साकची के मनोकामना मंदिर, टिनप्लेट काली मंदिर, बेलडीह कालीबाड़ी मंदिर, जादूगोड़ा के रंकिनी मंदिर, पोटका के हरिना मंदिर और गालूडीह के वैष्णो देवी मंदिर सहित कई धार्मिक स्थलों से फूल संग्रहित किए जाते हैं। कार्यक्रम का प्रभाव केवल उत्पाद निर्माण तक सीमित नहीं है। इससे जुड़ी महिलाएं अब उत्पादन प्रबंधन, गुणवत्ता नियंत्रण, स्टॉक रखरखाव और विपणन जैसी जिम्मेदारियां भी संभाल रही हैं। जिन महिलाओं ने कभी व्यवसायिक गतिविधियों में भाग नहीं लिया था, वे अब उद्यमिता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रही हैं। समूह की सदस्य पिंकी, जो कैशियर की भूमिका निभा रही हैं, वित्तीय अभिलेखों के साथ-साथ उत्पादन कार्यों की भी जिम्मेदारी संभालती हैं। उनका कहना है कि अब हर दिन नई ऊर्जा और जिम्मेदारी के साथ शुरू होता है, जबकि पहले दिनचर्या केवल घरेलू कार्यों तक सीमित थी। इस पहल के माध्यम से अब तक 5.5 टन से अधिक मंदिरों के फूलों के अपशिष्ट का पुनर्चक्रण किया जा चुका है। इससे तैयार उत्पादों की बिक्री से 61 हजार रुपये से अधिक की आय भी अर्जित हुई है। हालांकि इस अभियान की वास्तविक सफलता केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि उन महिलाओं के आत्मविश्वास और बदलते जीवन में दिखाई देती है, जिन्होंने अपने लिए नई संभावनाएं खोजी हैं। इस प्रयास का असर समाज में भी दिखाई देने लगा है। लोगों में कचरा पृथक्करण, पुनः उपयोग और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ रही है। साथ ही महिलाएं केवल परिवार की देखभाल करने वाली भूमिका से आगे बढ़कर नेतृत्वकर्ता, उद्यमी और पर्यावरण संरक्षण की प्रेरक बन रही हैं।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

आवश्यक सूचना।
(नोटिस)


Court of Ms. Anulica Kumar, J.M.F.C. Garhwa.
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
Ranka Ps. Case No. 163/2024
05/05/2026


Court of Ms. Anulica Kumar, J.M.F.C. Garhwa.
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
Ranka Ps. Case No. 163/2024
05/05/2026


Court of Ms. Anulica Kumar, J.M.F.C. Garhwa.
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
Ranka Ps. Case No. 163/2024
05/05/2026

**नाम–(1)** अमरेश कुमार, पिता–सुरेश राम, **(2)** मोनू कुमार, **(3)** सोनू कुमार दोनों पे0–बिरेन्द्र राम, सभी सा0– कंचनपुर, थाना–रंका, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप तीनों रंका थाना कांड सं0–163/24 दिनांक–13.10.24 धारा–196, 299, 300, 302, 303(2), 3(5) बी0एन0एस0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप तीनों उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आप तीनों के विरूद्ध माननीय न्यायालय श्रीमती अनुलिका कुमार न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा दिनांक–05.05.2026 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–28.05.2026 को आप तीनों के घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला कराया गया है। परन्तु आप तीनों अपने घर से फिरार चल रहे हैं। उक्त इश्तिहार में आप तीनों को दिनांक–15.06.2026 तक माननीय न्यायालय श्रीमती अनुलिका कुमार न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आप तीनों को सूचित किया जाता है कि आप दिनांक–15.06.2026 तक माननीय न्यायालय श्रीमती अनुलिका कुमार न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

PR.NO.381398 Police(26-27):D
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

अति–अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0–
WRD/MD MANDAL/04/2026–27 दिनांक 03.06.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Repair and Renovation work of 1 No. Service Gate, 1 No. Emergency Gate, Shed, Operating Platform, Hoisting Arrangement (Worm Gear) etc. of **BATRE RESERVOIR SCHEME.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 5,40,250.00 (पाँच लाख चालिस हजार दो सौ पचास) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 (छः माह)। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 10,810.00 (दस हजार आठ सौ दस) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 04.06.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 11.06.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 13.06.2026 (03:30 बजे अपराह्न)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 9199101446 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

कार्यपालक अभियन्ता
यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर

PR 381443 District(26-27)#D



स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड
GOVERNMENT OF JHARKHAND
NATIONAL RURAL HEALTH MISSION

**कार्यालयः असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू**

**प्रेस विज्ञप्ति/सूचना**

पलामू जिला के ART Centre, Sadar Hospital Medininagar, Palamu के लिए एक चिकित्सक के रिक्त पद पर अनुबंध आधारित नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या 01/2026 के आलोक में सभी आवेदन कर्त्ता (अभ्यर्थियों) को सूचित किया जाता है कि नियुक्ति साक्षात्कार (Interview) दिनांक 15.06.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से सिविल सर्जन, पलामू के कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित की गई है।

निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों को माना जायेगा कि वे नियुक्ति हेतु इच्छुक नहीं है। बाद में किसी भी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जयेगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 381432 District (26-27)_D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार)**
**शिविर मेदिनीनगर**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

अति–अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0– WRD/MD MANDAL/02/2026–27 दिनांक 03.06.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | REPAIR OF 01 NO. EMERGENCY GATE AND 01 NO. SERVICE GATE, HOISTING ARRANGEMENT, RENOVATION OF OPERATING PLATFORM SHADE ETC.UNDER **PANDARWA RESERVOIR SCHEME.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 6,68,550.00 (छः लाख अड़सठ हजार पाँच सौ पचास) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 (छः माह)। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 13,375.00 (तेरह हजार तीन सौ पचहत्तर) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 04.06.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 11.06.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 13.06.2026 (03:30 बजे अपराह्न)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 9199101446 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

कार्यपालक अभियन्ता
यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर।

PR.NO.381440 District(26-27):D

## संक्षिप्त समाचार

### स्वच्छ ऊर्जा अपनाने हेतु जन-जागरुकता फैलाने अवादा भारत उदय यात्रा भोपाल पहुंची

**भोपाल, एजेंसी।** स्वच्छ ऊर्जा बनाने वाली कंपनी अवादा ग्रुप की ओर से आयोजित अवादा भारत उदय यात्रा भोपाल पहुंची। स्वच्छ ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की राष्ट्रव्यापी अभियान के दौरान भोपाल में इस यात्रा के माध्यम से स्थानीय नागरिकों और संस्थाओं को टिकाऊ ऊर्जा और पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली से जोड़ने का प्रयास किया गया। अवादा ग्रुप के पास 17.7 जीडब्ल्यूक्यू से अधिक का स्वच्छ ऊर्जा पोर्टफोलियो है। जो कंपनी की मजबूत निष्पादन क्षमताओं को दर्शाता है ।8 मई 2026 को कंपनी के नोएडा ऑफिस से रवाना हुई यह यात्रा एक राष्ट्रव्यापी जागरुकता आंदोलन के इरादे से आगे बढ़ रही है। इसका लक्ष्य है जमीनी स्तर पर लोगों के बीच स्वच्छ ऊर्जा की समझ को मजबूत करना ताकि वे इसे अपनाएं और सस्टेनेबल रहन-सहन को बढ़ावा मिले, इस तरह भारत पहले से ज्यादा स्वच्छ और ज्यादा स्वावलंबी ऊर्जा युक्त भविष्य की ओर अग्रसर होगा। खास तौर पर डिजाइन की गई वैन अब तक उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सहित सात राज्यों और दस शहरों को कवर करते हुए लगभग 3226 किलोमीटर का फासला तय कर चुकी है। ऑन-ग्राउंड गतिविधियों और जन-भागीदारी कार्यक्रमों के माध्यम से यह यात्रा लोगों से सम्पर्क स्थापित करेगी। भोपाल में इस यात्रा को वहां के स्थानीय निवासियों, विद्यार्थियों व स्थानीय संस्थानों से बहुत उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली जिससे जाहिर होता है सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, पनबिजली जैसे नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों में जनता की रुचि बढ़ रही है। इस अवसर पर अवादा ग्रुप के चेयरमैन श्री विनीत मित्तल ने कहा, आज वह समय आ गया है जब हम पूरी तरह से प्राकृतिक ऊर्जा की ओर बढ़ें। बाहरी संसाधनों पर निर्भर रहने के बजाय खुद की ऊर्जा पैदा करना देश की सुरक्षा और तरक्की के लिए बहुत जरूरी है। 'अवादा भारत उदय यात्रा' के जरिए हम स्वच्छ ऊर्जा को हर घर तक पहुंचाना चाहते हैं ताकि यह केवल एक अभियान न रहकर एक जन-आंदोलन बन जाए।

### केरलम में ड्रग्स के खिलाफ शुरू हुआ ऑपरेशन तूफान

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरलम के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने मंगलवार को गृह विभाग की नशा विरोधी पहल ऑपरेशन तूफान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ड्रग्स का सेवन राज्य के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की 60 प्रतिशत से अधिक आबादी युवाओं की है और ड्रग माफिया सक्रिय रूप से उन्हें निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं पर नशीले पदार्थों का बुरा प्रभाव पड़ रहा है, जो पहले से कहीं अधिक क्रूर और बर्बर हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशीले पदार्थों के प्रभाव में आकर कई युवा अपने माता-पिता या परिवार के अन्य करीबी सदस्यों की हत्या तक कर दी है। उन्होंने कहा कि इस पहल में न केवल गृह विभाग बल्कि आबकारी और शिक्षा विभाग के साथ-साथ स्कूलों और अभिभावकों की भी भागीदारी आवश्यक है, ताकि नशीले पदार्थों का उन्मूलन किया जा सके। मुख्यमंत्री ने छात्रों से इस अभियान के राजदूत बनने का आग्रह किया।

### सैदुलाजाब इमारत हादसा: भवन स्वामी करमवीर जेलदार तीन दिन की पुलिस हिरासत में

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सैदुलाजाब गांव में पांच मंजिला इमारत ढहने की घटना में गिरफ्तार भवन स्वामी करमवीर जेलदार को मंगलवार को साकेत कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने इस मामले में कर्मवीर से आगे की पूछताछ के लिए पांच दिन की पुलिस हिरासत मांगी। प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट निर्मला सिंह ने याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए आरोपित को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। सैदुलाजाब वेस्टएंड मार्ग के गली नंबर पांच स्थित मकान नंबर 145 विगत 30 मई की शाम को ढह गई थी। हादसे में छह लोगों की मौत हुई थी, जबकि आठ घायल हुए थे। घटना तीसरे दिन पुलिस ने 71 वर्षीय करमवीर जेलदार को गिरफ्तार किया था। वहीं हादसे से जुड़े बिल्डर मनीष खत्री और ठेकेदार सिराज अब भी फरार हैं। आरोपितों की तलाश में पुलिस की कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं ।मांग करते हुए कहा कि इमारत के स्वामित्व के रिकॉर्ड को सत्यापित करने और इस मामले में कथित तौर पर शामिल अन्य फरार व्यक्तियों की पहचान करने के लिए आरोपित से हिरासत में पूछताछ आवश्यक है।

# दिल्ली-यूपी समेत 17 राज्यों में भारी बारिश और ओले गिरने का अलर्ट, 90 की स्पीड से चलेगी हवा

**लखनऊ/दिल्ली, एजेंसी।** मौसम विभाग के मुताबिक, केरल में मानसून





कभी भी दस्तक दे सकता है। मौसम विभाग ने आज दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड सहित देश के 17 राज्यों में भारी बारिश, ओलावृष्टि और 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज आंधी का अलर्ट जारी किया है।

मानसून की इस दस्तक के बीच, एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती हवाओं के क्षेत्र के कारण उत्तर, पूर्व और मध्य भारत के मौसम में भारी उथल-पुथल शुरू हो गई है। बिहार में भीषण लू का कहर जारी रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण पहाड़ी से लेकर मैदानी राज्यों तक मौसम का मिजाज बदला हुआ है।

दिल्ली-एनसीआर में सुबह से आंशिक रूप से बादल छाए रहने और दोपहर या शाम को धूल भरी आंधी चलने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक आज 50 से 70 किमी/घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं और हल्की बारिश का अनुमान है।

उत्तर प्रदेश के जिलों में गरज-चमक के साथ तेज आंधी (50-60 किमी/घंटा) और बौछारें पड़ने की चेतावनी है। वहीं, पूर्वी हिस्सों में मौसम मुख्यतः शुष्क और गर्म रहेगा, हालांकि कुछ स्थानों पर धूल भरी हवाएं चल सकती हैं। राजस्थान में आज ओलावृष्टि और धूल भरी आंधी का 'ऑरेंज अलर्ट' है। वहीं, राजस्थान में 50 से 70 किमी/घंटे की रफ्तार से अंधड़ चलने की आशंका है।

**पंजाब और हरियाणा का मौसम का हाल:** दोनों राज्यों में आज मौसम खराब रहेगा। तेज आंधी-तूफान के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। तेज हवाओं और बौछारों के कारण चिलचिलाती गर्मी से राहत मिलेगी और तापमान में 2-4एष्ट की कमी आएगी।

हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश और बर्फबारी की आशंका

हिमाचल प्रदेश के ऊंचे पहाड़ी इलाकों में हल्की बर्फबारी और निचले इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। वहीं, उत्तराखंड के कई जिलों में आज बिजली कड़कने, तेज हवाएं चलने और मध्यम बारिश का अनुमान लगाया गया है। पर्यटकों को पहाड़ी रास्तों पर सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

### राजस्थान में तूफान-बारिश से हुए हादसों में तीन की मौत

राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के कारण पिछले तीन दिनों से राज्य के करीब एक दर्जन जिलों में मध्यम से भारी बारिश हुई है। सीमावर्ती जिलों जैसलमेर एवं बाड़मेर में सोमवार देर रात धूलभरे तूफान और बारिश के कारण हुए अलग-अलग हादसों में तीन लोगों की मौत हुई है। बाड़मेर में दो अलग-अलग गांवो में कच्चे घर की दीवार ढहने से दो मासूमों की मौत हो गई।

## दो दिन में कूड़ाघर बने नोएडा के सेक्टर, घरों तक नहीं पहुंच रहीं कूड़ा गाड़ियां

**नोएडा, एजेंसी।** स्मार्ट और मेट्रो सिटी के रूप में पहचान बना चुका नोएडा इन दिनों कूड़ा प्रबंधन की बदहाल व्यवस्था से जूझ रहा है। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते शहर के अधिकांश सेक्टरों में कूड़े के ढेर लग गए हैं। डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण सेवा पूरी तरह प्रभावित होने से लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है।



सोमवार से अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ और अखिल भारतीय सफाई मजदूर परिषद के बैनर तले करीब 1500 सफाई कर्मचारी सेक्टर-8 में हड़ताल पर बैठे हैं। कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया है, जिसका सीधा असर शहर की सफाई व्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। कई सेक्टरों में दो दिनों से कूड़ा नहीं उठाया गया है, जिससे सड़क किनारे और कूड़ा संग्रहण स्थलों पर कचरे के ढेर लग गए हैं।

अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के नगर अध्यक्ष साधु मकवाना ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में मृतक 12 कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी देना और वेतन को ग्रेटर नोएडा के सफाई कर्मचारियों के समान करना शामिल है। उनका कहना है कि अब तक प्राधिकरण का कोई अधिकारी वार्ता के लिए नहीं पहुंचा है।

उधर, निवासियों का आरोप है कि कूड़ा उठाने के शुल्क बढ़ाए जाने के बावजूद व्यवस्था लगातार चरमराती जा रही है। एनवारी इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी द्वारा संचालित डोर-टू-डोर सेवा हड़ताल के कारण ठप पड़ी है। गर्मी के मौसम में कूड़े के ढेर से दुर्गंध फैल रही है और बीमारियों का खतरा बढ़ने लगा है। लोगों ने प्राधिकरण से जल्द समाधान निकालकर सफाई व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। दो दिनों से कूड़े वाले नहीं आ रहे हैं, कई लोगों ने कूड़े सड़क पर ही फेंकने शुरू कर दिए हैं जिससे जगह- जगह कूड़े के ढेर बन रहे हैं, गंदगी हो रही है।

## गुरुग्राम में सड़क हादसा: तेज रफ्तार रोड़ी मिक्सर ट्रक ने होमगार्ड को कुचला, मौत

**गुरुग्राम, एजेंसी।** सेक्टर 65 थाना क्षेत्र के वर्ल्ड मार्क माल के पास मंगलवार रात नाकेबंदी के दौरान एक तेज रफ्तार रोड़ी मिक्सर ट्रक ने पुलिस बैरिकेड तोड़ते हुए ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड को कुचल दिया। इससे उसकी मौत हो गई। हादसे में पास खड़ी एक पुलिसकर्मी की कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। ड्राइवर ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मृतक की पहचान भिवानी के लिवासी गांव निवासी संदीप के रूप में हुई है। तीन दिन पहले ही उनका भिवानी से गुरुग्राम ट्रांसफर हुआ था। घटना की सूचना स्वजन को दी गई है।



पुलिस के अनुसार सेक्टर 65 स्थित वर्ल्ड मार्क माल के सामने एसआई देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में नाकेबंदी की गई थी। टीम में कान्स्टेबल सुमित, मंजीत, एसपीओ राजकुमार और होमगार्ड संदीप कुमार शामिल थे। रात करीब साढ़े 11 बजे होमगार्ड संदीप कुमार सड़क किनारे बैरिकेड के पास खड़े थे।

इसी दौरान एक रोड़ी मिक्सर ट्रक तेज रफ्तार में आया। ड्राइवर ट्रक पर नियंत्रण नहीं रख पाया और ट्रक सीधे बैरिकेड से टकरा गया। ट्रक ने पहले बैरिकेड को तोड़ा और फिर संदीप कुमार को कुचल दिया। हादसे में संदीप गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिसकर्मियों ने चालक को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह अंधेरे का फायदा उठाकर ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिसकर्मी घायल संदीप कुमार को इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए।

## बंगाल: कॉलेज के यूनियन रूम में मिले दो ट्रॉली बैगों में भरे नोटों के बंडल, दीमकों ने चाट ली 'भ्रष्टाचार की रकम'

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल में भ्रष्टाचार और अकूत कैश मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पार्थ चटर्जी के ठिकानों के बाद अभी कुछ दिन पहले ही एक तृणमूल नेता के पाट के खेतों से करोड़ों रुपये मिले थे। इस के बाद मंगलवार को अब शिक्षा का मंदिर भी 'ब्लैक मनी' का अड्डा साबित हुआ है।

कोलकाता के सियालदह स्थित प्रसिद्ध सुरेंद्रनाथ कालेज के छात्र संघ (यूनियन) रूम की अलमारी से दो ट्राली बैग भरकर भारी संख्या में नकदी बरामद की हुई है।

हैरान करने वाली बात यह है कि बंद बैग में रखे इन नोटों के बंडलों को दीमकों ने बुरी तरह चाट लिया है। आरोप है कि यह रकम कालेज में अवैध दाखिलों के बदले छात्रों से वसूली गई रिश्वत की है, जिसे यूनियन रूम में छिपाकर रखा गया था।

मंगलवार को जब साफ-सफाई के लिए यूनियन रूम को खोला गया, तो अलमारी से दो संदिग्ध बक्से मिले। इन्हें खोलते ही वहां मौजूद लोगों के होश उड़ गए। बक्सों के भीतर 100 और 500-500 रुपये के नोटों की गड्डियां भरी हुई थीं, जिनमें से अधिकांश को दीमक खा चुके थे। जिस कमरे से यह 'धन' (छिपा हुआ खजाना) मिला, उसके ठीक बाहर पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के पोस्टर लगे हुए थे, जिससे इस मामले ने फौरन राजनीतिक तूल पकड़ लिया। इस घटना पर तीखा हमला बोलते हुए भाजपा विधायक सजल घोष ने कहा कि यह जनता और गरीब छात्रों के खून-पसीने की कमाई है। आखिर किसी के पास कितना काला धन होना चाहिए कि उसे संभालने का वक्त न मिले और उसे दीमक खा जाएं? हमने पहले ही दावा किया था कि इस कालेज के यूनियन फंड में डेढ़ करोड़ रुपये का हेरफेर है।



उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के संरक्षण में इस कालेज में करोड़ों रुपये के बदले सीटें बेची गईं और इसमें सत्तापक्ष के कई बड़े चेहरे शामिल हैं। फिलहाल इस सनसनीखेज बरामदगी के बाद दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग तेज हो गई है।

## कुत्तों और एआई का उपयोग कर कैंसर का पता लगा रही बेंगलुरु की कंपनी, सस्ती, सटीक जांच का दावा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कुत्तों की सूंघने की अद्भुत क्षमता और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) का उपयोग कर बेंगलुरु की एक स्टार्टअप कंपनी कैंसर का प्रारंभिक चरण में पता लगाने में मदद कर रही है। इस तकनीक से कैंसर की बेहद सस्ती, सटीक और दर्दरहित जांच संभव हो सकती है।

कंपनी का दावा है कि पिछले दो वर्षों में दूसरे चरण के परीक्षण के दौरान लगभग 1,500 लोगों पर परीक्षण किए गए। इन परीक्षणों में तकनीक 90 प्रतिशत से अधिक सटीकता के साथ कैंसर के शुरुआती लक्षणों को पकड़ने में सफल रही।

डॉगनोसिस नामक स्टार्टअप कंपनी कुत्तों की असाधारण सूंघने की क्षमता और एआई-संचालित विश्लेषण के साथ कैंसर से जुड़े रासायनिक यौगिकों की पहचान कर रही है। इस परियोजना से जुड़े डाक्टरों का कहना है कि शुरुआती परीक्षणों में इस तकनीक ने आशाजनक परिणाम दिखाए हैं।

कैंसर विशेषज्ञ डा. स्वरातिका मजूमदार ने कहा, यह कैंसर का पता लगाने का प्रारंभिक, आसान और सस्ता तरीका है। यदि किसी को कैंसर है, तो कुत्ते लगभग 90 प्रतिशत मामलों में इसकी पहचान करने में सक्षम हैं।

इस प्रक्रिया में मरीजों को 10 मिनट के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए मास्क में सांस लेने को कहा जाता है, जिससे उनकी सांस में मौजूद



वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (वीओसी) इकट्ठे हो जाते हैं। इसके बाद नमूनों को प्रयोगशाला में लाया जाता है, जहां विशेष रूप से प्रशिक्षित कुत्ते सेंसर और निगरानी प्रणालियों से सुसज्जित नियंत्रित परीक्षण सेटअप के अंदर सांस के नमूनों को सूंघते हैं।

डॉगनोसिस के सीईओ आकाश कुलगोद के अनुसार कुत्तों को गंध के माध्यम से रोग से संबंधित वीओसी संकेतों की पहचान करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। उन्होंने कहा, मास्क में वीओसी होते हैं, जो मूल रूप से यह संकेत देते हैं कि किसी व्यक्ति को कोई बीमारी है या नहीं।

मास्क को प्रयोगशाला में लाया जाता है, जहां प्रशिक्षित कुत्तों की टीम इनका मूल्यांकन करती है और इन यौगिकों की सटीक पहचान करती है। कुत्तों की प्रतिक्रियाओं को सेंसर के माध्यम से रिकार्ड किया जाता है और एआइ-आधारित एल्गोरिदम का उपयोग करके उनका विश्लेषण किया जाता है।

डॉगनोसिस की आफिस एसोसिएट सृष्टि ने कहा, यह इस बात का प्रमाण है कि सांस की जांच से ही कैंसर का प्रारंभिक चरण में पता लगाया जा सकता है। यह इस बात का भी प्रमाण है कि भारत में विकसित तकनीक वैश्विक स्तर पर कैंसर का शीघ्र पता लगाने में योगदान दे सकती है। भारत में हर साल लाखों कैंसर के मामले सामने आते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि एआई और जैविक पहचान प्रणालियों को मिलाकर विकसित की जाने वाली प्रौद्योगिकियां भविष्य में प्रारंभिक जांच और समय पर उपचार में महत्वपूर्ण सुधार ला सकती हैं।

## संगीत कलाकारों ने पूर्व मंत्री पर लगाया कटमनी लेने का आरोप, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से की शिकायत

**कोलकाता, एजेंसी।** संगीत कलाकारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के जनता दरबार में जाकर पूर्व मंत्री इंद्रनील सेन पर पक्षपात करने व कटमनी लेने का आरोप लगाया है। गायक ऋद्धि बंद्योपाध्याय, दोला मुखोपाध्यायव अन्य कलाकारों ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में संगीत जगत में सिंडिकेट राज चलता था, जिसके चलते कई योग्य कलाकारों को सरकारी मंचों व आयोजनों में अवसर नहीं मिल पाता था। इसके साथ ही उन्होंने कटमनी और आर्थिक लेन-देन के भी आरोप लगाए। दूसरी तरफ इंद्रनील सेन ने कहा कि ये आरोप राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित हैं। यदि किसी के पास आर्थिक लेन-देन का प्रमाण है तो वह उसे सामने लाए। जनता दरबार में एक भावुक कर देने वाला दृश्य देखने को मिला। सुंदरबन से एक महिला अपने दिव्यांग पति को पीठ पर उठाकर सहायता की उम्मीद में पहुंची। दिव्यांग पति संन्यासी मंडल ने कहा, हमें चलने-फिरने के लिए इलेक्ट्रिक वाहन की जरूरत है। आवास योजना का लाभ अभी तक हमें नहीं मिला है। मेरी पत्नी पत्नी लक्ष्मी भंडार योजना से भी वंचित है। मुख्यमंत्री ने हमारी बातें सुनी हैं और सात दिनों के अंदर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है।



## गाजियाबाद में 21 जून को होगी हिंदू महापंचायत, यति नरसिंहानंद ने की एकजुटता की अपील

**गाजियाबाद, एजेंसी।** डासना स्थित शिवशक्ति धाम में 21 जून यानी रविवार को हिंदू महापंचायत आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए यति नरसिंहानंद गिरि महाराज ने कहा कि महापंचायत में हिंदू समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी तथा संत समाज के मार्गदर्शन में आगे की रणनीति तय की जाएगी। महापंचायत को लेकर यति नरसिंहानंद गिरि महाराज ने मंगलवार को एक वीडियो भी जारी की। जिसमें उन्होंने हाल में हुई घटनाओं को लेकर हिंदू समाज को संगठित रहने की आवश्यकता बताई। यति नरसिंहानंद गिरि ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ हैं तो राक्षसों को दंड भी मिल रहा है और उनका एनकाउंटर भी हो रहा है। अगर वह नहीं होते तो इन राक्षसों का कितना हौसला बढ़ता। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में समाज के सामने आने वाली चुनौतियों पर विचार-विमर्श के लिए यह महापंचायत बुलाई जा रही है। महापंचायत में संत समाज की प्रमुख भूमिका रहेगी और संत ही इसकी अध्यक्षता करेंगे। यति नरसिंहानंद गिरि महाराज ने हिंदू समाज से अधिक से अधिक संख्या में महापंचायत में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता और संगठन ही विभिन्न चुनौतियों का सामना करने में सहायक होंगे। महापंचायत में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़कर सफल बनाने के लिए यति नरसिंहानंद गिरी, छोटे नरसिंहानंद अनिल यादव, डॉ. उदिता त्यागी तथा महाकाली वाहिनी के कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।



## छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले को सबक: नीट पेपर लीक के मुख्य आरोपी की इमारत पर चला बुलडोजर

**बीड, एजेंसी।** महाराष्ट्र के बीड में नीट प्रश्नपत्र लीक मामले के मुख्य आरोपित प्रोफेसर पीवी कुलकर्णी से जुड़ी एक निर्माणाधीन इमारत के अवैध हिस्से को ढहा दिया गया। बीड नगर परिषद ने स्थानीय निर्माण नियमों के उल्लंघन को लेकर शाहूनगर क्षेत्र में स्थित इस चार मंजिला इमारत के अवैध हिस्सों को हटाने का आदेश दिया था। लातूर के मूल निवासी और रसायन विज्ञान के विषय विशेषज्ञ कुलकर्णी वर्षों तक नीट का प्रश्नपत्र तैयार करने वाले पैनल का हिस्सा थे। उन्हें विगत माह राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) प्रश्नपत्र लीक के सिलसिले में पुणे से गिरफ्तार किया गया था। नगर निकाय के मुख्य अधिकारी शैलेश फडसे के अनुसार, शाहूनगर इलाके में स्थित यह इमारत निर्धारित भवन निर्माण नियमों का उल्लंघन करती पाई गई थी। अनियमितताओं का पता चलने के बाद नगर प्रशासन ने ठेकेदार को नोटिस दिया था और निर्धारित अवधि के भीतर इमारत के अनधिकृत हिस्सों को हटाने का निर्देश दिया था। समय सीमा समाप्त होने के बाद प्रशासन ने सोमवार को इसे ढहाने की कार्रवाई शुरू की। नगर निकाय के अधिकारियों की देखरेख में ठेकेदार स्वयं ही अनधिकृत हिस्सों को ढहा रहा है। फडसे के अनुसार, हमने नोटिस जारी किए थे। जानकारी मिली है कि मालिक ने स्वेच्छा से अनधिकृत निर्माण को हटा दिया है। यदि भविष्य में भवन निर्माण की अनुमति के लिए कोई आवेदन जमा किया जाता है तो मौके की मौजूदा स्थिति का भौतिक सत्यापन किया जाएगा और नियमों का पालन होने पर ही अनुमति दी जाएगी। सीबीआइ ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में 13 आरोपितों को गिरफ्तार किया है।



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### सेना के सहारे परीक्षा- 22 लाख सपनों के बीच व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल

एक तरह से यह स्वीकार कर लिया गया है कि सरकार का मौजूदा तंत्र इस परीक्षा का स्वच्छ तरीके से संचालन कर पाने में सक्षम नहीं है और इसीलिए सेना के सहारे नीट-यूजी परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने की कोशिश की जाएगी।किसी भी परीक्षा के दौरान अगर प्रश्नपत्र लीक होता है या अन्य कोई गड़बड़ी होती है, तो इसका मतलब यही है कि उसके संचालन से जुड़ा तंत्र परीक्षा की शुचिता को सुनिश्चित कराने में नाकाम रहा। हाल ही में प्रश्नपत्र लीक होने के बाद नीट-यूजी परीक्षा को जिस तरह रद्द किया गया, उससे साफ है कि पहले हुई ऐसी कई घटनाओं के बावजूद आयोजन में हर हाल में शुचिता तय करने को लेकर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए ने जरूरी सबक नहीं सीखा। नतीजतन, नीट की परीक्षा के प्रश्नपत्र फिर अवैध रूप से बाहर हुए और ऊंची कीमतों पर बेचे गए।विडंबना यह है कि इस भ्रष्ट लेन-देन और इसके जरिए परीक्षा में कामयाब होने की कोशिश करने वाले कुछ लोगों की करतूतों का खमियाजा करीब बाईस लाख उन विद्यार्थियों को उठाना पड़ा, जिन्होंने ईमानदारी से अपनी मेहनत के बूते परीक्षा दी थी। ऐसे विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की पीड़ा प्रश्नपत्र लीक करने और उसका फायदा उठाने वाले गिरोहों की हरकत के खुलासे से उपजे शोर में दब कर रह गई।विचित्र है कि इस घटना की परतें खुलने के बाद शीर्ष स्तर पर इसकी जिम्मेदारी तय करने तथा संचालन के तंत्र में पाई गई खामी को पूरी तरह दुरुस्त करने या इस मसले पर अधिकतम सख्ती बरतने के बजाय सुरक्षित तरीके से परीक्षा कराने के लिए अब सेना का सहारा लेने की खबर आई है। यानी एक तरह से यह स्वीकार कर लिया गया है कि सरकार का मौजूदा तंत्र इस परीक्षा का स्वच्छ तरीके से संचालन कर पाने में सक्षम नहीं है और इसीलिए सेना के सहारे नीट-यूजी परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने की कोशिश की जाएगी। गौरतलब है कि नीट परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने से जुड़े मामले में पूरी प्रक्रिया की समीक्षा के लिए हुई बैठक में प्रश्नपत्र तैयार करने और उनकी छपाई से लेकर परिवहन, सुरक्षा और परीक्षा केंद्र तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने के सभी पहलुओं पर विचार किया गया। इसके बाद अब 21 जून को दोबारा होने वाली नीट परीक्षा में प्रश्नपत्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए वायुसेना की मदद लेने पर सहमति बनी। अगर यह प्रस्ताव अमल में आता है, तो किसी राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा के आयोजन और संचालन में सेना के औपचारिक रूप से शामिल होने का यह पहला मौका होगा।सवाल है कि इससे पहले नीट या अन्य परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों का उदाहरण सामने होने के बावजूद यह स्थिति आखिर क्यों पैदा हुई कि सरकार को परीक्षा के स्वच्छ संचालन के लिए अपने तंत्र और पुलिस पर भरोसा नहीं रहा। हालांकि खबरों के मुताबिक सेना की भूमिका केवल लॉजिस्टिक समन्वय, आपातकालीन स्थितियां पैदा होने या मौसम में तेज उतार-चढ़ाव के बीच सुरक्षित परिवहन तक सीमित रहने की बात कही गई है और परीक्षा की निगरानी सेना से नहीं कराई जाएगी। मगर यह देखने की बात होगी कि सेना की मदद का दायरा क्या होता है।आमतौर पर किसी प्राकृतिक आपदा से हुई तबाही और अन्य आपात स्थितियों में युद्ध स्तर पर बचाव कार्य आदि के लिए जरूरत पड़ने पर सरकार सेना या सशस्त्र बलों को तैनात करती रही है। यह एक अफसोसनाक स्थिति है कि आज के दौर में परीक्षाओं के संचालन के मामले में पहले के मुकाबले बेहतर संसाधनों, हर स्तर पर निगरानी की तकनीकी सुविधा और व्यापक डिजिटल तंत्र के बावजूद प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं हो रही हैं और इसे रोकने के लिए सरकार के सामने सेना की मदद लेने की नौबत है।

*आज के पूर्ण व्यावसायिकता के दौर में पत्रकारिता को अव्यावसायिक बनाए रखने की बात करना बेमानी होगा क्योंकि इस पेशे से जुड़े लोगों को भी अपने परिवार के पालन-पोषण के लिए इसे एक व्यवसाय के रूप में अपनाना अनिवार्य होता गया है लेकिन व्यावसायिकता के इस दौर में भी इसे एक उद्योग-धंधे के रूप में स्थापित करने के प्रयासों के चलते पत्रकारिता के मानदंडों को ताक पर रखने की प्रवृति से तो हर हाल में बचना ही चाहिए।*

## हिन्दी पत्रकारिता की दशा और दिशा

**(योगेश कुमार गोयल)**

अधिकांश हिन्दी समाचारपत्रों के अब ऑनलाइन संस्करण उपलब्ध हैं। विगत कुछ वर्षों में देश में बड़े-बड़े घोटालों का पर्दाफाश करके अनेक सफेदपोशों के चेहरों पर पड़े नकाब उतार फैंकने का श्रेय भी पत्रकारिता जगत को ही जाता है, जिसमें हिन्दी पत्रकारिता की भूमिका को भी किसी भी लिहाज से कमतर नहीं आंका जा सकता। भारत में प्रेस ने लगभग प्रत्येक महत्वपूर्ण अवसर पर अपनी महत्ता सिद्ध की है, फिर चाहे भारत-पाक युद्ध हो या भारत-चीन लड़ाई अथवा अन्य कोई चुनौतीपूर्ण अवसर। यह कहना भी असंगत नहीं होगा कि हिन्दी पत्रकारिता का स्थान इसमें सर्वोपरि रहा है। हिन्दी भाषी समाचारपत्र हों अथवा पत्रिकाएं, उनका देश की बहुसंख्यक आबादी के साथ सदैव विशेष जुड़ाव रहा है और इस दृष्टि से राष्ट्र की एकता, अखण्डता एवं विकास की दिशा में हिन्दी पत्रकारिता की भूमिका को कदापि नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हालांकि हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्षों के इतिहास में समय के साथ पत्रकारिता के मायने और उद्देश्य बदलते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद सुखद स्थिति यह है कि हिन्दी पत्रकारिता के पाठकों या दर्शकों की रूचि में कोई कमी नहीं आई। यह अलग बात है कि अंग्रेजी मीडिया और उससे जुड़े कुछ पत्रकारों ने भले ही हिन्दी पत्रकारिता की उपेक्षा करते हुए सदैव उसकी प्रामाणिकता एवं विश्वसनीयता पर सवाल उठाने की कोशिशें की हैं किन्तु वास्तविकता यही है कि पिछले कुछ दशकों में हिन्दी पत्रकारिता ने अपनी ताकत का बखूबी अहसास कराया है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी उसकी विश्वसनीयता बढ़ी है। यह हिन्दी पत्रकारिता की बढ़ती ताकत का ही नतीजा है कि कुछ हिन्दी अखबारों ने अनेक संस्करणों के साथ प्रसार संख्या के मामले में कुछ अंग्रेजी अखबारों को भी पीछे छोड़ दिया है। हिन्दी पत्रकारिता की शुरूआत 30 मई 1826 को कानपुर निवासी पं. युगुल किशोर शुक्ल द्वारा प्रथम हिन्दी समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' के प्रकाशन के साथ हुई थी, जिसका अर्थ था 'समाचार सूर्य'। उस समय अंग्रेजी, फारसी और बांग्ला में कई समाचारपत्र निकल रहे थे किन्तु हिन्दी का पहला समाचारपत्र 'उदन्त मार्तण्ड' 30 मई 1826 को कलकत्ता से पहली बार प्रकाशित हुआ था, जो साप्ताहिक के रूप में आरंभ किया गया था। पहली बार उसकी केवल 500 प्रतियां ही छापी गई थी लेकिन चूंकि कलकत्ता में हिन्दी भाषियों की संख्या काफी कम थी और इसके पाठक कलकत्ता से बहुत दूर के भी होते थे, इसीलिए संसाधनों की कमी के कारण यह लंबे समय तक प्रकाशित नहीं हो पाया। 4 दिसम्बर 1826 से 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन बंद कर दिया गया लेकिन इस समाचारपत्र के प्रकाशन के साथ ही हिन्दी पत्रकारिता की ऐसी नींव रखी जा चुकी थी कि उसके बाद से हिन्दी पत्रकारिता ने अनेक आयाम स्थापित किए हैं। 'उदन्त मार्तण्ड' के बाद अंग्रेजी शासनकाल में अनेक हिन्दी समाचारपत्र व पत्रिकाएं एक मिशन के रूप में निकलते गए किन्तु ब्रिटिश शासनकाल की ज्यादतियों के चलते उन्हें लंबे समय तक चलाते रहना बड़ा मुश्किल था, फिर भी कुछ पत्र-पत्रिकाओं ने सराहनीय सफर तय किया। अब परिस्थितियां बिल्कुल बदल चुकी हैं और हिन्दी पत्रकारिता भी मिशन न रहकर एक बड़ा व्यवसाय बन गई है किन्तु अच्छी बात यह है कि आज भी हिन्दी पाठक व दर्शक अपनी-अपनी पसंद के अखबारों व चैनलों के साथ पूरी शिद्दत से जुड़े हैं। बहरहाल, घर बैठे-बैठे दुनिया की सैर कराने की बात हो या देश-विदेश की हर छोटी-बड़ी हलचल से लेकर तमाम ज्वलंत मुद्दों और हर प्रकार की नवीनतम जानकारियों को जुटाकर अपने पाठकों या दर्शकों के सामने प्रस्तुत करने की, व्यवसायीकरण के आरोपों या तमाम विरोधाभासों के बावजूद हिन्दी पत्रकारिता भी यह काम बखूबी कर रही है और आमजन के भरोसे पर खरा उतरते हुए हिन्दी पत्रकारिता आज आम जनजीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है। अधिकांश हिन्दी समाचारपत्रों के अब ऑनलाइन संस्करण उपलब्ध हैं। विगत कुछ वर्षों में देश में बड़े-बड़े घोटालों का पर्दाफाश करके अनेक सफेदपोशों के चेहरों पर पड़े नकाब उतार फैंकने का श्रेय भी पत्रकारिता जगत को ही जाता है, जिसमें हिन्दी पत्रकारिता की भूमिका को भी किसी भी लिहाज से कमतर नहीं आंका जा सकता। जहां तक राष्ट्रीय अखंडता में प्रेस की भूमिका और इसके दायित्वों का प्रश्न है तो प्रेस के कई प्रमुख दायित्व माने गए हैं, जिनमें कानून व्यवस्था की खामियों को प्रकाशित-प्रसारित करना, अपने प्रयासों से शासन को सुव्यवस्थित करना व लोक हितकारी बनाना, पथभ्रष्टों को सन्मार्ग पर लाना, भ्रष्ट तंत्र को चौकन्ना बनाना, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखना, समाज के विभिन्न क्षेत्रों में पर्दे की ओट में होने वाले दुष्कृत्यों, अत्याचारों व अन्याय का जनहित में पर्दाफाश करना, समाज व मानवता के गुनाहगार चेहरों पर पड़े नकाब नोचकर जनता के सामने लाना, निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए धार्मिकता एवं राजनीति की आड़ लेने वालों के राज पर्दाफाश करना, समाज में स्वस्थ मानक स्थापित करना, लोक चेतना जागृत करना इत्यादि शामिल हैं। प्रेस की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए महात्मा गांधी ने कहा था, ''प्रेस का प्रथम उद्देश्य जनता की इच्छाओं व विचारों को समझना और उन्हें सही ढ़ंग से व्यक्त करना है जबकि दूसरा उद्देश्य जनता में वांछनीय भावनाओं को जागृत करना और तीसरा उद्देश्य सार्वजनिक दोषों को निर्भयतापूर्वक प्रकट करना है।'' लोकतंत्र में प्रेस की भूमिका के बारे में पूर्व राष्टपति डा. शंकर दयाल शर्मा ने कहा था कि प्रेस पर लोकतांत्रिक परम्पराओं की रक्षा करने और शांति व भाईचारा बढ़ाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय अखण्डता के संदर्भ में पत्रकारिता की भूमिका की बात करें तो लोकतंत्र के अन्य स्तंभों के मुकाबले प्रेस की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि विश्वभर में भारत की प्रतिष्ठा के जो तीन प्रमुख कारण माने गए हैं, वे हैं जागरूक मतदाता, स्वतंत्र न्यायपालिका व स्वतंत्र प्रेस। भारत में प्रेस को जनता की एक ऐसी 'संसद' की उपाधि दी गई है, जिसका कभी सत्रावसान नहीं होता और जो सदैव जनता के लिए ही कार्य करती है। इसे समाज में परिवर्तन लाने का अथवा उसे जागृत करने के लिए जन संचार का सशक्त माध्यम माना गया है। प्रेस को समाज की चिंतन प्रक्रिया का एक ऐसा अनिवार्य तत्व माना गया है, जो उसे दिशा व गति देने में सक्षम हो। इसे जनता की ऐसी आंख माना गया है, जो सभी पर अपनी पैनी और निष्पक्ष दृष्टि रखे। प्रेस को जनता की उंगली माना गया है, जो गलत कार्यों के विरोध में स्वतः ही उठ जाती है। प्रेस को समाज के प्रति पूर्ण समर्पण के रूप में देखा जाता है। इसे केवल एक पेशा न मानकर जनसेवा का सबसे बड़ा माध्यम माना गया है। वर्तमान में जहां देशभर में नैतिक मूल्यों में बड़ी गिरावट आई है।

## फ्लेक्सिबल जियोपॉलिटिक्स के अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक निहितार्थ

**(कमलेश पांडे)**

सवाल है कि आखिर इससे किसका भला होगा? तो इसके कई जवाब होंगे, जिनमें पहला है महाशक्तियों का सबसे अधिक लाभ- संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और आंशिक रूप से रूस-भारत जैसी शक्तियाँ इस नीति से सबसे अधिक फायदा उठाती हैं। पूर्वक सवाल है क्यों? तो सीधा सा जवाब है कि वे परिस्थितियों के अनुसार गठबंधन बदल सकती हैं। लचीली भूराजनीति यानी फ्लेक्सिबल जियोपॉलिटिक्स का जन्मदाता भारत की देखा-देखी अब पूरी दुनिया में इसका प्रचलन बढ़ रहा है। इसे मोदी डॉक्ट्रिन कहना ज्यादा उचित होगा, जो गुटनिरपेक्षता का हाइब्रिड पालिसी संस्करण है। आम कहानी वाली भाषा में कहें तो खुल जा सिमसिम और बंद हो जा सिमसिम वाली वैश्विक कूटनीति ही अब लचीली भूराजनीतिक बन चुकी है। दरअसल, फ्लेक्सिबल जियोपॉलिटिक्स यानी लचीली भूराजनीति का अर्थ ऐसी अवसरवादी विदेश नीति से है, जिसमें देश अपने हित के अनुसार कभी दोस्ती का दरवाज़ा खोलते हैं और कभी तुरंत बंद कर लेते हैं। आज की दुनिया में यही फ्लेक्सिबल जियोपॉलिटिक्स तेजी से बढ़ रही है। जिसके सफल उपयोगकर्ता टीम पीएम मोदी हैं। इसका सबसे बड़ा लाभ भारत जैसे उन देशों को होता है जो आर्थिक रूप से शक्तिशाली हों, तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर हों, सैन्य रूप से सक्षम हों, और बहुध्रुवीय दुनिया में संतुलन साधना जानते हों। यही वजह है कि भारत इसे अपनाकर दुनिया के शीर्षस्थ देशों की कतार में शामिल होने की दिशा में बढ़ता जा रहा है। सवाल है कि आखिर इससे किसका भला होगा? तो इसके कई जवाब होंगे, जिनमें पहला है महाशक्तियों का सबसे अधिक लाभ- संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और आंशिक रूप से रूस-भारत जैसी शक्तियाँ इस नीति से सबसे अधिक फायदा उठाती हैं। पूर्वक सवाल है क्यों? तो सीधा सा जवाब है कि वे परिस्थितियों के अनुसार गठबंधन बदल सकती हैं। आर्थिक प्रतिबंधों, सैन्य दबाव और तकनीकी नियंत्रण का इस्तेमाल कर सकती हैं। मित्र और प्रतिद्वंद्वी दोनों से व्यापार जारी रख सकती हैं। उदाहरण- अमेरिका, चीन से प्रतिस्पर्धा भी करता है और व्यापार भी। चीन रूस का साझेदार है लेकिन पश्चिमी बाजार भी नहीं छोड़ना चाहता। वहीं, रूस पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद एशियाई देशों से संबंध मजबूत कर रहा है। दूसरा, मध्यम शक्तियों का भी फायदा- भारत, तुर्किये, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देश मल्टी-अलाइनमेंट नीति से लाभ उठा रहे हैं। भारत इसका बड़ा उदाहरण है, जो क्वाड में भी है, ब्रिक्स में भी, रूस से रक्षा सहयोग भी रखता है, और अमेरिका से तकनीकी साझेदारी भी बढ़ाता है। इससे रणनीतिक स्वतंत्रता बनी रहती है, निवेश कई दिशाओं से आता है, और वैश्विक मंचों पर प्रभाव बढ़ता है। तीसरा, कॉर्पोरेट और टेक कंपनियों को बड़ा लाभ- एप्पल ,टेस्ला ,माइक्रोसॉफ्ट जैसी वैश्विक कंपनियाँ देशों की प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाती हैं। क्योंकि देश उन्हें निवेश आकर्षित करने के लिए टैक्स छूट देते हैं, सप्लाई चेन अपने यहाँ लाने की कोशिश करते हैं, और टेक्नोलॉजी कंपनियों को रणनीतिक साझेदार मानते हैं। सवाल है कि ऐसी मतलबी कूटनीति से नुकसान किसका? तो जवाब होगा कि- पहला, छोटे और कमजोर देशों का- अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और छोटे एशियाई देशों पर दबाव बढ़ता है कि वे किसी एक खेमे का समर्थन करें। वे कर्ज जाल, प्रतिबंध, राजनीतिक दबाव, और सामरिक प्रतिस्पर्धा के बीच फँस जाते हैं। दूसरा, वैश्विक स्थिरता का ऐसी कूटनीति में भरोसा कम होता है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6112

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | 1 | | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | | 1 | | |
| 1 | 6 | 3 | 9 | | | | | 8 |
| | 3 | | | | | 2 | | |
| | 5 | | 7 | | 2 | | 1 | |
| | | 6 | | | | | 3 | |
| 6 | | | | | 5 | 8 | 9 | 2 |
| | | 5 | | 2 | | | 6 | |
| 9 | | | | 8 | | | 4 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6111

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 7 | 3 | 4 | 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 1 | 6 | 9 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 2 | 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 5 | 9 | 7 | 6 | 4 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 3 | 9 | 4 | 2 | 6 | 8 | 5 |
| 9 | 2 | 8 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 5 | 4 | 6 | 3 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 |

## वर्ग पहेली 6112



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 2014 को कोइवों मोरालेस दोबारा इस दो के राष्ट्रपति चुने गए (4)
4. मक्के की एक इमारत जिसे मुस्लिम ईश्वर का घर मानते है (2)
5. हुल्लड़, धमा चौकड़ी (3)
6. अग्रीय, अग्रिक (3)
8. हमला, चढ़ाई, धावा, आक्रमण (4)
10. नासमझ, अनुभवहीन सरल (3)
12. मित्र, दोस्त, प्रेमपात्र (3)
15. गुणनफल, अपराध, आदि करने के लिए उपयुक्त अवसर (2)
16. मनोज कुमार-शर्मिला टैगोर अभिनीत 1966 की एक सफल फिल्म (6)
20. हिंदी के बारह महिनों में से एक (3)
21. लार, लुआबा (2)
23. पश्चिमी अफ्रीका का देश जिसकी राजधानी अकरा है (2)
24. प्रारंभ, आगाज, कार्य आरंभ (2)

**ऊपर से नीचे**

1. ज्ञान होना, प्रबुद्ध होना, सूझना (4)
2. दक्षिणी अमेरिका के प्रशांत तट पर स्थित देश पेरू की यह राजधानी है (2)
3. सम्मिश्रण, सम्मिलन, विलीनन (4)
4. पहले वाराणसी(बनारस) का नाम यह था (2)
6. पुरानी फिल्मों के दिवंगत हास्य अभिनेता (1937-89) निधन 30 अप्रैल 1992 को हुआ (2)
7. अनुसार, काव्य समस्या, कार्यविधि (3)
9. अंतिम अवसर, दशा, संयोग (3)
11. दानवों के गुरू होने के कारण शुक्राचार्य का एक नाम (5)
13. जमीन नापने की एक प्राचीन इकाई (2)
14. धनराज पिल्लै नाम इस खेल के साथ जुडा है (2)
16. पुरूषों के सिर का एक परिधान, पगड़ी (2)
17. महिला ईसाई पादरी को यह कहते है (2)
18. वंश, कुल, खानदान (3)
19. लकड़ी, भूसे आदि की दुकान (2)
22. बृहस्पति का नाम, कला सिखलाने वाला व्यक्ति (2)

### वर्ग पहेली 6111 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ने | पा | ल | | नौ | गां | व | |
| क | र | वा | | सा | व | न | |
| रा | | | शा | द | | ज | न |
| य | मु | ना | | र | फू | | ट |
| | का | ल | का | | ल | | ख |
| वा | द | | न | य | न | प | ट |
| द | म | | पु | | दे | र | |
| क | | मो | र | | वी | | |

## आज का राशिफल

### मेष
आज काम के मामले में दिन एकदम सुलझा हुआ रहेगा। आसपास भले ही कितनी भी हलचल मची हो, आप एकदम शांत रहेंगे। पैसों की बात करें तो आज बजट को एक बार दोबारा देख लें। फालतू के खर्चे काटकर बचत पर ध्यान देना ही आज की समझदारी है। अपने काम करने के पुराने तरीके पर ही टिके रहें, क्योंकि वही आपको आगे ले जाएगा।

### वृष
आज आपमें काम करने का गजब का जोश होगा। आप जो भी काम हाथ में लेंगे, उसे पूरा करने की जिद आपमें रहेगी। बस एक छोटी सी सलाह है पैसे के मामले में सुबह-सुबह ज्यादा हाथ न खोलें। कोई भी बड़ा निवेश करना हो, तो शाम तक रुक जाएं। ऑफिस में आप किसी को भी अपनी बात से सहमत कर सकते हैं।

### मिथुन
आज दिन बढ़ते-बढ़ते आपकी जेब की स्थिति बेहतर होती जाएगी। आज आप पूरे जोश में रहेंगे। बस आज पार्टनरशिप के कामों में थोड़ा ध्यान रखें, कागजों को दो बार चेक कर लें। आज काम को लेकर आपके मन में जो नए-नए आईडिया आ रहे हैं, उन्हें नोट कर लें।

### तुला
आज तो आपकी बातें लोगों को खूब पसंद आने वाली हैं। आपकी बुद्धि को एकदम पैना बना रहा है। आज मीडिया, लेखन या किसी को गाइड करने जैसे कामों में आपको बहुत नाम मिलेगा। ऑफिस में आज हर कोई आपसे सलाह लेना चाहेगा। आज एक साथ कई काम निपटाने की अपनी खूबी से सबको हैरान कर देंगे।

### वृश्चिक
आज का दिन अच्छा और शांतिपूर्वक ही रहेगा। पिछले काफी समय से काम का जो भारी बोझ आप ढो रहे थे, वो आज कम महसूस होगा। आज अपने मन की सुनें, क्योंकि आज आपकी छठी इंद्री आपको सही रास्ता दिखाएगी। पैसे के मामले में आज कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं, बस अपनी आंखों को खुला रखें। आज आपकी मेहनत ही है जो आपको ऊपर ले जाएगी।

### धनु
आज जेब पर जरा लगाम लगाकर रखें। किसी को भी आज पैसा उधार देना समझदारी नहीं होगी। काम की बात करें तो आज शोर कम मचाएं और चुपचाप अपने काम को गहराई से करें। आज आपकी मेहनत ही बोलेगी, आपको चिल्लाने की जरूरत नहीं है। बस अपने काम से काम रखें। आज आपकी एकाग्रता ही आपके बॉस की नजरों में आपको ऊपर उठाएगी।

### कर्क
आज अकेले दौड़कर आप मंजिल तक नहीं पहुंच पाएंगे। काम में अगर कोई रुकावट आ रही है, तो अपने साथियों से बात करें। आज के दिन टीम के साथ मिलकर काम करना आपको जीत दिलाएगा। पैसा उधार देने से आज बचें, वरना वापस आने में बहुत दिक्कत होगी। सुबह-सुबह काम का दबाव थोड़ा भारी लग सकता है।

### सिंह
आज दिमाग बहुत तेजी से दौड़ रहा है, लेकिन संभलकर! जल्दी अमीर बनने के चक्कर में आज कोई गलत कदम न उठाएं। आज अपना फोकस पेंडिंग फाइलों को निपटाने पर रखें। ऑफिस में आज आपकी काम करने की स्पीड देखकर सब दंग रह जाएंगे। अपने से छोटों को सिखाने का मौका मिले, तो जरूर करें, इससे आपकी साख बढ़ेगी।

### कन्या
आज आपसे अनुशासन मांग रहे हैं। आज काम में थोड़ा क्रिएटिव बनें, कुछ अलग करने की कोशिश करें। आज आप अपने काम में जो नयापन लाएंगे, लोग उसकी खूब सराहना करेंगे। घर और काम में आज तालमेल बनाकर चलें। दोपहर के बाद से आपको काम में अच्छे नतीजे मिलने शुरू हो जाएंगे। धैर्य के साथ अपनी योजनाओं पर काम करते रहें, सब ठीक होगा।

### मकर
आज का दिन नेटवर्किंग का है। जितने लोगों से मिलेंगे, काम के नए मौके उतने ही खुलेंगे। आज किसी दोस्त या सहयोगी के साथ बैठकर अपने करियर पर चर्चा करें, कोई न कोई नया रास्ता निकल ही आएगा। अपनी प्रोफाइल को आज अपडेट कर लें, कहीं से कोई अच्छा मौका आ सकता है। आज की कोई छोटी सी बातचीत भी आपके करियर में बहुत बड़ा बदलाव ला सकती है।

### कुंभ
आज का दिन थोड़ा गहरा सोचने का है। पैसे के मामले में आज कोई बड़ा फैसला न लें, शाम तक रुक जाएं। आज कुछ नया सीखने की इच्छा होगी, तो कोई बढ़िया कोर्स या ट्रेनिंग जॉइन कर लें। यह निवेश आपको भविष्य में बहुत काम आएगा। दफ्तर में आज बहस से दूर रहना ही आपके लिए सबसे अच्छा है। आज अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं, आपको सफलता जरूर मिलेगी।

### मीन
आज तो लक्ष्मी जी आप पर मेहरबान हैं। काम में अगर कोई प्रमोशन या तनख्वाह बढ़ने की बात चल रही थी, तो आज अपने बॉस से बात कर लें। आज का दिन अपनी बात मनवाने के लिए बहुत बढ़िया है। आज जो भी मेहनत करेंगे, उसका असर सीधा आपके बैंक बैलेंस पर दिखेगा। आज जो भी जिम्मेदारी आप लेंगे, वह आपको आने वाले समय में ऊंचे ओहदे तक ले जाएगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# सूर्यकुमार यादव का खराब फॉर्म जारी

## टी-20 मुंबई लीग में 11 गेंद पर 19 रन बनाकर आउट



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में खराब प्रदर्शन के बाद सूर्यकुमार यादव की फॉर्म में वापसी नहीं हुई है।

भारत के टी20 कप्तान का प्रदर्शन चिंता का कारण बना हुआ है। इस बीच वह टी20 मुंबई लीग में वह 11 गेंद पर सिर्फ 19 रन बनाकर आउट हो गए। उनकी टीम ट्रायंप नाइट्स को वानखेड़े स्टेडियम में नॉर्थ मुंबई पैंथर्स से 1 रन से हार का सामना करना पड़ा।

सूर्यकुमार यादव ने अच्छी शुरुआत की और युवा नूतन गोयल के साथ तीसरे विकेट के लिए 25 गेंदों में 37 रन जोड़े। नूतन गोयल ने 56 गेंदों में 93 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन सातवें ओवर में स्पिनर राहुल सावंत (चार ओवर में 32 रन देकर 2 विकेट) की गेंद पर डीप स्क्वायर लेग पर कैच आउट हो गए। सूर्यकुमार जून के अंत में भारत के लिए खेलते दिख सकते हैं।

### साधारण प्रदर्शन

189 रन का पीछा करते हुए ट्रायंफ नाइट्स आठ विकेट पर 188 रन पर ही सिमट गई। फरवरी-मार्च में सूर्या की कप्तानी में भारत टी20 विश्व कप जीता, लेकिन बल्ले से उनका प्रदर्शन काफी साधारण रहा। उन्होंने नौ मैचों में 30.25 के औसत से केवल 242 रन बनाए, जिसमें मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में पहले मैच में अमेरिका के खिलाफ नाबाद 84 रन का स्कोर शामिल है।

# भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ में नए सदस्य की एंट्री

## बहुतुले ने 20 साल के करियर में लिए थे 827 विकेट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम 6 जून से इंटरनेशनल ड्यूटी पर लौटेगी। अफगानिस्तान के खिलाफ न्यू चंडगढ़ में टेस्ट मैच खेलना है। इससे पहले गौतम गंभीर की अगुआई वाले कोचिंग स्टाफ में नए सदस्य की एंट्री हुई है। भारत के पूर्व लेग-स्पिनर साईराज बहुतुले पुरुष टीम के स्पिन गेंदबाजी कोच के तौर पर जुड़े हैं। 53 साल के साईराज व्हाइट-बॉल क्रिकेट में भी भारत के स्पिनरों के साथ काम करेंगे। बहुतुले का अंतरराष्ट्रीय करियर उतार-चढ़ाव वाला रहा। उन्होंने 1997 में भारत के लिए डेब्यू किया और 2003 में अपना आखिरी मैच खेला। इन सालों में उन्होंने सिर्फ दो टेस्ट और आठ वनडे खेले। हालांकि, उन्होंने घरेलू क्रिकेट में बहुत अच्छा खेला। उन्होंने लगभग 20 साल के करियर में 188 फर्स्ट-क्लास मैचों में 630 विकेट और अपनी लेग स्पिन से 143 लिस्ट ए मैचों में 197 विकेट लिए।

### भारतीय टीम में पहली बार स्पिन-गेंदबाजी कोच

भारतीय टीम के सपोर्ट स्टाफ में पहली बार कोई स्पिन-गेंदबाजी कोच शामिल हुआ है। इसमें हेड कोच गौतम गंभीर और सीतांशु कोटक (बल्लोजी), मोर्ने मोर्कल (तेज गेंदबाजी), टी दिलीप (फील्डिंग) और रयान टेन डोएशेट (सहायक कोच) पहले से हैं। बहुतुले इससे पहले आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स (PBKS) के स्पिन-बॉलिंग कोच के थे। वह केरल और बंगाल पुरुष टीमों के साथ काम कर चुके हैं।

# 'वर्ल्ड चैंपियन होने से बेहतर कुछ नहीं'

## फीफा वर्ल्ड कप 2026 से पहले बोले फ्रांस के हेड कोच डेसचैम्प्स



**पेरिस (एजेंसी)।** फ्रांस के हेड कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने फीफा वर्ल्ड कप जीतने को फुटबॉल की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया है। टीम की कमान संभालते हुए अपने चौथे वर्ल्ड कप और आखिरी टूर्नामेंट की तैयारी करते हुए डिडिएर ने कहा कि 'वर्ल्ड चैंपियन होने से बेहतर कुछ नहीं है'। विश्व कप 2026 से पहले 'फीफा' से बात करते हुए डेसचैम्प्स ने फ्रांस के साथ अपने शानदार सफर के बारे में बताया, जिसमें उन्होंने 1998 में कैप्टन और 2018 में कोच के तौर पर ट्रॉफी जीती थी। उन्होंने कहा, 'मैं क्लब लेवल, चैंपियंस लीग और भी बहुत कुछ जीतने के लिए काफी खुशकिस्मत रहा हूं, लेकिन वर्ल्ड चैंपियन होने से बढ़कर कुछ नहीं है। आपका नाम वहीं रहता है, लेकिन दो शब्द हमेशा के लिए जुड़ जाते हैं: 'वर्ल्ड चैंपियन।' 57 वर्षीय के डेसचैम्प्स फुटबॉल इतिहास के उन तीन लोगों में से एक हैं जिन्होंने प्लेयर और कोच दोनों के तौर पर वर्ल्ड कप जीता है। उनके अलावा यह कारनामा ब्राजील के मारियो जागालो और जर्मनी के फ्रांज बेकनबाउर ही कर सके हैं। अगर इस गर्मी में वह एक और खिताब जीत लेते हैं, तो यह उनकी विरासत को और मजबूत कर देगा। इससे वे ऐसे पहले कोच बन जाएंगे जिन्होंने खिलाड़ी और कोच दोनों रूप में वर्ल्ड कप ट्रॉफी जीती है, और बतौर कोच दो बार वर्ल्ड कप जीतने का रिकॉर्ड भी उनके नाम हो जाएगा। अपनी उपलब्धियों के बावजूद डेसचैम्प्स ने जोर देकर कहा कि वह अतीत के बारे में नहीं सोच रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा सिर्फ आज और कल के बारे में सोचता हूं; मैं बस ऐसा ही हूं। सच कहूं तो और कुछ मायने नहीं रखता। मैं आगे क्या होने वाला है, इस पर फोकस कर रहा हूं। 1998 और 2018 में जो हुआ, वह हमेशा मेरे साथ रहेगा, लेकिन जो बीत गया उसे कोई नहीं बदल सकता। अब मायने यह रखता है कि हम आगे क्या करते हैं।' फ्रांस 2018 में वर्ल्ड कप जीतने और 2022 में फाइनल में पहुंचने के बाद इस बार भी खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। हालांकि, डेसचैम्प्स ने चेतावनी दी कि सिर्फ प्रतिष्ठा से सफलता नहीं मिलेगी। 'हमने अपने नतीजों की वजह से उम्मीदें बनाई हैं। हमने 2018 में ट्रॉफी उठाई और 2022 में फाइनल में पहुंचे, इसलिए हमारे समर्थकों को उम्मीद है कि हम आखिर में फिर से वहां होंगे। हम उन 10 या 12 देशों में से एक हैं जो असल में वर्ल्ड चैंपियन बनने का सपना देख सकते हैं। हालांकि, विजेता सिर्फ एक ही होगा और कई निराश टीमें होंगी। खेल में बदला जैसी कोई चीज नहीं होती। यह अब इतिहास है। यह एक नया चैप्टर है।' फ्रांस फीफा वर्ल्ड कप 2026 में अपने अभियान की शुरुआत सेनेगल के खिलाफ करेगा, जिसके बाद ग्रुप स्टेज में नॉर्वे और इराक से टीम का सामना होगा। अपने आखिरी वर्ल्ड कप की तैयारी करते हुए डेसचैम्प्स ने माना कि उन्होंने फ्रांस के बाद की जिंदगी के बारे में ज्यादा नहीं सोचा है और उनका पूरा ध्यान खेल के सबसे बड़े अवार्ड को पाने के आखिरी मौके पर है- एक बार फिर वर्ल्ड चैंपियन बनना।

# टी20 वर्ल्ड कप से पहले किया सरेंडर इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैच की सीरीज गंवाई



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम ने वूमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 से ठीक पहले इंग्लैंड के सामने सरेंडर कर दिया और 3 मैचों की टी20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में भी भारत को 6 विकेट से हार मिली।

इस हार से साथ ही भारत ने इस टी20 सीरीज को 1-2 से गंवा दिया।

इस टी20 सीरीज के पहले मैच में भारत को जीत मिली थी, लेकिन फिर उसे इंग्लैंड की महिला टीम ने दूसरे और तीसरे मैच में हराते हुए सीरीज पर अपना कब्जा जमा लिया।

- **भारत की तैयारी का खुली पोल-** महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत 12 जून से इंग्लैंड में होगी और भारतीय महिला टीम इस आईसीसी टूर्नामेंट से ठीक पहले इंग्लैंड दौरे पर है। यहां पर भारत ने वर्ल्ड कप से शुरू होने से ठीक पर इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज खेली जिसे तैयारी की लिहाज से काफी अहम माना जा रहा था, लेकिन भारत ने इस सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ सरेंडर कर दिया और उसे हार का सामना करना पड़ा। अब भारत को इस सीरीज में मिली हार के बाद अपनी कमियों को दूर करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ मैदान पर उतरना होगा।
- **भारत को 6 विकेट से मिली हार-** इंग्लैंड के खिलाफ इस टी20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में पहले बैटिंग करते हुए कप्तान हरमनप्रीत कौर की 56 रन की अर्धशतकीय पारी साथ ही यास्तिका भाटिया और दिप्ती शर्मा की 32-32 रन की पारी के दम पर 20 ओवर में 5 विकेट पर 180 रन बनाए।

# ब्राजील के नाम सर्वाधिक 5 'फीफा वर्ल्ड कप' खिताब



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मेंस फीफा वर्ल्ड कप की शुरुआत साल 1930 में हुई थी, जिसके बाद से '22 बार' इसका आयोजन किया जा चुका है। द्वितीय विश्व युद्ध के चलते साल 1942 और 1946 में इसका आयोजन नहीं हो सका था। ब्राजील फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास की सबसे सफल टीम है, जिसने अब तक के सभी 22 संस्करण के लिए क्वालीफाई किया है। साल 1904 में फुटबॉल की अंतरराष्ट्रीय गवर्निंग बॉडी 'फीफा' (फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन) को स्थापित किया गया था, जिसने साल 1920 में ओलंपिक में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया, जिसे इंटर-कॉन्टिनेंटल प्रतियोगिता के रूप में मान्यता दी गई। इसके 10 साल बाद पहली बार फीफा वर्ल्ड कप का आयोजन किया गया। फीफा वर्ल्ड कप 1950 को नॉकआउट प्रारूप में नहीं खेला गया था। उस संस्करण में चैंपियन का फैसला चार टीमों के अंतिम राउंड-रॉबिन समूह से हुआ, जिसमें उरुग्वे शीर्ष पर रहकर विश्व विजेता बना। वहीं, 1974 और 1978 के वर्ल्ड कप में भी सेमीफाइनल का प्रावधान नहीं था। उन टूर्नामेंट्स में दूसरे समूह चरण के परिणामों के आधार पर टीमों ने सीधे फाइनल और तीसरे स्थान के मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया था।

ब्राजील इकलौता ऐसा देश है, जिसने सभी 22 संस्करणों में हिस्सा लिया। 8 बार सेमीफाइनल और 6 बार फाइनल खेलने वाले इस देश ने साल 1958, 1962, 1970, 1994 और 2002 में कुल 5 बार खिताब अपने नाम किया।

# WTC का हिस्सा नहीं होगा भारत व अफगान टेस्ट मैच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 समाप्त होने के बाद भारतीय टीम 6 जून को मैदान पर दिखेगी। अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच उसका 2026-27 सत्र शुरू होगा। न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर के महाराजा यादविन्द्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पहली बार टेस्ट मैच खेला जाएगा। हालांकि, यह टेस्ट मैच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र का हिस्सा नहीं होगा। यानी इसका डब्ल्यूटीसी रैंकिंग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। भारत-अफगानिस्तान टेस्ट मैच के डब्ल्यूटीसी का हिस्सा न होने का दो कारण है। पहला कारण यहा है कि अफगानिस्तान डब्ल्यूटीसी का हिस्सा नहीं है। दूसरा कारण यह है कि सीरीज में कम से कम दो मैच होने चाहिए। अफगानिस्तान इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल का फुल मेंबर है और उसे टेस्ट का दर्जा मिला हुआ है, लेकिन यह मौजूदा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल में हिस्सा लेने वाली नौ टीमों में से एक नहीं है। आईसीसी अभी सिर्फ टॉप नौ रैंक वाली टीमों को ही डब्ल्यूटीसी साइकल में हिस्सा लेने की इजाजत देता है। इसलिए, अफगानिस्तान से जुड़े किसी भी टेस्ट मैच में डब्ल्टीसी अंक नहीं मिलते। आईसीसी के डब्ल्यूटीसी में अभी सिर्फ 9 देश भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और वेस्टइंडीज शामिल हैं। तीन फुल मेंबर अफगानिस्तान, आयरलैंड और जिम्बाब्वे इसका हिस्सा नहीं हैं।

### कम से कम दो मैच होना जरूरी

फिलहाल आईसीसी नियमों के अनुसार एक टेस्ट मैच की सीरीज डब्ल्यूटीसी का हिस्सा नहीं होती। कम से कम 2 मैच होने पर ही कोई सीरीज डब्ल्यूटीसी का हिस्सा हो सकती है। ऐसे में न्यू चंडीगढ़ में भारत-अफगानिस्तान टेस्ट मैच डब्ल्यूटीसी का हिस्सा नहीं होगा।

**भारत-अफगानिस्तान के बीच दूसरी बार टेस्ट मैच-** भारत-अफगानिस्तान के बीच दूसरी बार टेस्ट मैच होगा। 2018 में पहली बार भारत पारी और 262 रन से जीता था। दूसरी बार भारत में टेस्ट मैच जून में होगा। पहली बार भी अफगानिस्तान के खिलाफ बेंगलुरु में टेस्ट मैच हुआ था।

- यशस्वी-राहुल ओपनर, पंत-नितिश भी शामिल

# अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट के लिए AI ने चुनी भारत की प्लेइंग 11



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और अफगानिस्तान के बीच 6 जून से न्यू चंडीगढ़ में एकमात्र मैच की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। इस मैदान पर पहली बार किसी टेस्ट मैच का आयोजन किया जा रहा है जिस पर सबकी नजर रहने वाली है। ये टेस्ट खास इस वजह से भी है कि टीम इंडिया के ज्यादातर खिलाड़ी अभी दो महीने तक आईपीएल खेलकर आए हैं।

### एआई ने गिल को कप्तान चुना

यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल/देवदत्त पडीक्कल, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा/गुरनूर बराबर

### यशस्वी-राहुल होंगे ओपनर

अफगानिस्तान को हराने के लिए इस टेस्ट मैच में भारत की सबसे बेहतरीन प्लेइंग इलेवन क्या हो सकती है इसका चयन एआई (गूगल जेमिनी) ने किया। एआई ने इस टेस्ट के लिए ओपनर के रूप में यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल का चयन किया। राहुल इस सीरीज के लिए टीम के उप-कप्तान भी हैं। वहीं तीसरे नंबर पर बैटिंग क्रम में साई सुदर्शन को रखा गया जबकि चौथे नंबर पर कप्तान शुभमन गिल हैं। ये सभी बैटर इस वक्त रन बनाकर आ रहे हैं और सबका बल्ला चल रहा है।

# पाकिस्तान दूसरा वनडे हारा

## बाबर का बल्ला रहा खामोश

## नाथन एलिस की घातक बॉलिंग, 4 विकेट लिए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का आयोजन किया जा रहा है जिसके दूसरे मुकाबले में शाहीन अफरीदी की टीम को 41 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस सीरीज के पहले मैच में कंगारू टीम को हार मिली थी, लेकिन दूसरे मैच में इस टीम ने वापसी करते हुए जीत हासिल की और सीरीज को 1-1 से बराबर कर लिया। ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाने में नाइन एलिस की घातक गेंदबाजी के साथ-साथ कैमरन ग्रीन और जोश इंग्लिस की अर्धशतकीय पारी का बड़ा योगदान रहा।

### 190 रन पर ही पाकिस्तान ध्वस्त

पाकिस्तान को जीत के लिए 232 रन का टारगेट मिला था, लेकिन इस टीम ने 44 ओवर में 190 रन के स्कोर पर अपने सारे विकेट गंवा दिए और उसे 41 रन से हार मिली। पाकिस्तान के लिए शाबाद खान ने सबसे बड़ी 71 रन की पारी खेली जबकि गाजी गोरी ने 37 रन तो वहीं अराफान मिन्हास ने 33 रन की पारी खेली।

### ग्रीन-जोश ने लगाए अर्धशतक

इस मैच में पाकिस्तान की टीम ने टॉस जीता था और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 231 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए तीसरे नंबर पर बैटिंग करने आए जोश इंग्लिश ने 51 रन की जोरदार पारी खेली जबकि कैमरन ग्रीन ने भी टीम के लिए 53 रन का अहम योगदान दिया। इसके अलावा मैट रेनशॉ ने 43 रन की पारी खेली जबकि ओलिवर पीक के बल्ले से 31 रन निकले। पाकिस्तान के लिए कप्तान शाहीन अफरीदी ने 3 जबकि हारिस रऊफ, अराफात मिन्हास और अबरार अहमद ने 2-2 विकेट लिए।

# हरमनप्रीत कौर पाकिस्तान के खिलाफ उतरते ही रचेंगी इतिहास



## रोहित शर्मा का रिकॉर्ड भी होगा ध्वस्त

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल खत्म हो चुका है और अब रोमांच शिफ्ट होने वाला है इंटरनेशनल क्रिकेट की ओर। पुरुष टीम जहां इसी साल टी20 चैंपियन बनकर आई है। वहीं नवंबर 2025 में इतिहास रचने वाली वनडे विश्व चैंपियन महिलाओं की नजरें अब टी20 के विश्व कप पर होंगी। 12 जून से इंग्लैंड की मेजबानी में महिला टी20 वर्ल्ड कप का आगाज होने वाला है। इस टूर्नामेंट के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो चुका है और भारतीय टीम विश्व विजेता कप्तान हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में उतरेगी।



### 14 जून को पाकिस्तान के साथ है मुकाबला

टीम इंडिया का पहला मैच 14 जून को बर्मिंघम में पाकिस्तान के खिलाफ होगा। टीम इंडिया के अभियान की शुरुआत हाईवोल्टेज मुकाबले से होगी। इस मैच में उतरते ही हरमनप्रीत कौर इतिहास रच देंगी। वह 2009 से लगातार हर टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय महिला टीम का हिस्सा रही हैं और यह उनका 10वां टी20 वर्ल्ड कप होगा। इस मामले में हरमनप्रीत कौर भारत के विश्व विजेता टी20 कप्तान रोहित शर्मा से आगे निकल जाएंगी। महिलाओं में तो हरमनप्रीत कौर पहले से ही सबसे ज्यादा टी20 वर्ल्ड कप खेलने वाली खिलाड़ी हैं।

## न्यूज बाइट्स

### विभिन्न कांड में लिप्त छह लोग गिरफ्तार, चार के घर कुर्की जब्ती

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** विगत रात्रि देवकुंड थाना द्वारा की गई कार्रवाई में ओरानी गाँव निवासी स्वर्गीय शिवदेव यादव के पुत्र एवं 01 एनबी वारंटी सुरेश यादव को गिरफ्तार किया गया है। जबकि अवैध शराब तस्करी कांड में वांछित एक अभियुक्त संजय शाह पिता स्वर्गीय अनिल प्रसाद शाह को ओबरा थाना के8 डिहरा लाख से गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी बारूण थाना से दी गई है। रसियप थाना के थाना प्रभारी ने बताया कि बताया रिसियप के भेलवा से 4 कुर्की वारंटी हुयी है।कुर्की जब्ती में मोहम्मद जफिर ,मोहम्मद मकसूद ,मोहम्मद ताहिर एवं मोहम्मद प्यारे शामिल हैं तथा इन्हें गिरफ्तार किया गया है । कुटुंबा थाना द्वारा विशेष समकालीन अभियान के तहत कुटुंबा थाना अंतर्गत ग्राम संडा से एक एनबी वारंटी राहुल शर्मा, पिता राजेन्द्र शर्मा को गिरफ्तार किया गया है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर चला स्वच्छ गांव-सुरक्षित जलवायु अभियान

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर रफीगंज प्रखंड की बलार ग्राम पंचायत में बुधवार को 'स्वच्छ गांव-सुरक्षित जलवायु अभियान' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्वच्छता पर्यवेक्षक बीना कुमारी ने किया। अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीना कुमारी ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के 4R सिद्धांत—रिड्यूस (कम करना), रीयूज (पुनः उपयोग), रीसायकिल (पुनर्चक्रण) और रिकवर (पुनर्प्राप्ति) की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाकर तथा उसके पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण को बढ़ावा देकर पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने जल संरक्षण, स्वच्छता और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए सामुदायिक भागीदारी की आवश्यकता पर भी बल दिया।

### मृत व्यक्ति पिछले कई दिनों से बीमार चल रहा था, इलाज कराने के लिए वह घर से निकला था

# ट्रेन से कटकर व्यक्ति की मौत

निज संवाददाता | जम्होर (औरंगाबाद)

जिले के जम्होर थाना क्षेत्र अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड पर शंकरपुर रेलवे ब्रिज के समीप एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक की पहचान अरवल जिले के परासी थाना क्षेत्र स्थित कामता गांव निवासी 44 वर्षीय इंद्रजीत मेहता के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक के पास एक शव पड़ा देखा, जिसके बाद


फाइल फोटो

इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के दौरान मृतक की जेब से एक मोबाइल फोन बरामद किया। मोबाइल के आधार पर उसकी पहचान की गई और परिजनों को घटना की सूचना दी गई।

परिजनों ने बताया कि इंद्रजीत मेहता पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। इलाज कराने के लिए वह घर से निकले थे और अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर गया की ओर जा रहे थे। इसी दौरान किसी कारणवश वह ट्रेन से नीचे गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। हालांकि घटना के वास्तविक कारणों का अभी स्पष्ट रूप से पता नहीं चल सका है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया जाएगा। जम्होर थाना अध्यक्ष ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गए हैं। परिवार के मुखिया की असामयिक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में भी शोक का माहौल बना हुआ है।

## राजकीय पॉलिटेक्निक के यांत्रिकी अभियंत्रण विभाग को मिली एनबीए मान्यता

**औरंगाबाद(एसवीवी. सं.)।** राजकीय पॉलिटेक्निक, औरंगाबाद के लिए गौरव का क्षण है कि संस्थान के यांत्रिकी अभियंत्रण विभाग को राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) द्वारा आगामी तीन वर्षों के लिए मान्यता प्रदान की गई है। यह मान्यता 1 जनवरी 2026 से 31 दिसंबर 2028 तक प्रभावी रहेगी। इस उपलब्धि को विभाग की शैक्षणिक गुणवत्ता, आधुनिक शिक्षण व्यवस्था, सुदृढ़ प्रयोगशालाओं और विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता का प्रमाण माना जा रहा है। संस्थान प्रशासन ने इस उपलब्धि का श्रेय प्राचार्य बीके सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व और निरंतर मार्गदर्शन को दिया है। वहीं यांत्रिकी अभियंत्रण विभाग के विभागाध्यक्ष रंजन कुमार के नेतृत्व, समर्पण और सतत प्रयासों ने विभाग को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. बी. के. सिंह ने कहा कि एनबीए मान्यता संस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान करने की दिशा में संस्थान की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि यह सफलता शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। साथ ही उन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, विभागीय अधिकारियों तथा राज्य प्रावैधिकी शिक्षा पार्षद के सहयोग और मार्गदर्शन के प्रति भी आभार व्यक्त किया। विभागाध्यक्ष रंजन कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि विभाग के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और संस्थान प्रशासन के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने इस सफलता के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में भी विभाग शैक्षणिक गुणवत्ता और तकनीकी उत्कृष्टता के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।

# बालिका सशक्तीकरण की दिशा में बीआरबीसीएल की पहल, जेम-2026 अभियान का शुभारंभ

### 50 चयनित बालिकाओं को मिलेगा व्यक्तित्व, शिक्षा एवं कौशल विकास का विशेष प्रशिक्षण

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगबाद)



भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड (बीआरबीसीएल) में बुधवार को बालिका सशक्तीकरण अभियान (जेम) 2026 का उद्घाटन समारोह उत्साह, उल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनटीपीसी लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्वी क्षेत्र-1) एल.के. बेहेरा तथा विशिष्ट अतिथि बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी उपस्थित रहे। समारोह में चयनित बालिकाओं, उनके अभिभावकों, बीआरबीसीएल के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया।

अपने स्वागत संबोधन में दीपक रंजन देहुरी ने अभियान के लिए चयनित 50 बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान उनकी सुरक्षा, देखभाल एवं समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने अभिभावकों को भरोसा दिलाया कि यह कार्यक्रम बालिकाओं के व्यक्तित्व विकास और भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। समारोह के दौरान आयोजित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। बालिका सशक्तीकरण अभियान 2024 एवं 2025 की प्रतिभागी बालिकाओं, बीआरबीसीएल टाउनशिप के बच्चों तथा संगिनी लेडीज क्लब की सदस्यों ने आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

मुख्य अतिथि एल.के. बेहेरा ने अपने संबोधन में कहा कि बालिका सशक्तीकरण अभियान एनटीपीसी की एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल है, जिसका उद्देश्य शिक्षा, आत्मविश्वास और कौशल विकास के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में प्रभावी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बालिकाओं को अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करने तथा जीवन में ऊंचे लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन केक कटिंग समारोह के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उद्घाटन समारोह ने आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण का निर्माण किया।

# उत्तर कोयल परियोजना के कार्यों में तेजी लाने की मांग, पूर्व सांसद ने जल शक्ति मंत्री से की मुलाकात

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात कर उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना के लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराने की मांग की। इस दौरान उन्होंने परियोजना की वर्तमान स्थिति और प्रगति पर विस्तार से चर्चा करते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा शेष कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराने का आग्रह किया। पूर्व सांसद ने मंत्री को अवगत कराया कि उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना क्षेत्र के लाखों किसानों की जीवनरेखा है। परियोजना के पूर्ण होने से औरंगाबाद सहित कई जिलों के किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। उन्होंने विशेष रूप से कुटकु डैम में गेट लगाने के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा करने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही कहा कि परियोजना से जुड़े अन्य शेष कार्यों को भी उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री सी.आर. पाटिल ने पूर्व सांसद द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और परियोजना की प्रगति की जानकारी साझा की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए प्रतिबद्ध है तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर कार्यों में और तेजी लाई जाएगी। मुलाकात के दौरान परियोजना से जुड़े विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर भी चर्चा हुई। पूर्व सांसद ने कहा कि परियोजना के पूरा होने के बाद क्षेत्र में कृषि विकास को नई दिशा मिलेगी और किसानों की आय बढ़ाने में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में संचालित विकास एवं सिंचाई परियोजनाओं को मिल रही गति की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना का शीघ्र पूर्ण होना क्षेत्र के किसानों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि साबित होगा।

# शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने को प्रशासन सक्रिय अतिक्रमण और अवैध पार्किंग पर होगी सख्त कार्रवाई

- रामाबांध बस स्टैंड के यात्री शेड और आसपास के क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने का निर्देश।
- अदरी नदी तट पर रिवर फ्रंट डेवलपमेंट एवं सौंदर्यीकरण कार्यों में तेजी लाने के लिए अतिक्रमण हटाने का फैसला।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित और सुगम बनाने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के प्रमुख मार्गों, बस स्टैंड, अतिक्रमण, अवैध पार्किंग और यातायात प्रबंधन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में रामाबांध बस स्टैंड क्षेत्र की स्थिति की समीक्षा करते हुए यात्री शेड के आसपास हुए अतिक्रमण को हटाने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि बस स्टैंड परिसर और आसपास के क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त बनाकर यात्रियों एवं आम लोगों के आवागमन को सुगम बनाया जाए।

अदरी नदी तट क्षेत्र में चल रहे रिवर फ्रंट डेवलपमेंट एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की भी समीक्षा की गई। विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए संबंधित क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने तथा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। शहर में बढ़ती अवैध पार्किंग की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नियमित जांच अभियान चलाने, नियम उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाने तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों को कहा गया कि सड़क किनारे अनियंत्रित पार्किंग पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाए।

बैठक में नगर परिषद को बस स्टैंड संचालन को व्यवस्थित करने, प्रमुख मार्गों पर आवश्यकतानुसार डिवाइडर निर्माण कराने तथा विभिन्न स्थानों पर नो-पार्किंग जोन चिह्नित करने की कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया गया। इससे शहर में यातायात दबाव कम करने और सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। बटाने नदी पुल निर्माण कार्य की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक डायवर्सन मार्ग के निर्माण और पुल निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया, ताकि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शहरवासियों को बेहतर, सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराना उसकी प्राथमिकता है। साथ ही सभी विकास योजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने पर विशेष जोर दिया गया।

# एनटीपीसी में बालिका सशक्तिकरण अभियान का शुभारंभ, 61 छात्राओं को मिलेगा नि:शुल्क प्रशिक्षण



निज संवाददाता | नवीनगर(औरंगाबाद)

एनटीपीसी नबीनगर में मंगलवार को बालिका सशक्तिकरण अभियान (जीईएम) 2026 का विधिवत शुभारंभ किया गया। नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत आयोजित इस वार्षिक पहल का उद्घाटन एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्वी क्षेत्र-1) एल.के. बेहेरा तथा सीआईएसएफ के महानिरीक्षक प्रबोध चंद्र ने संयुक्त रूप से किया। इस अभियान के तहत बारुण एवं नबीनगर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से चयनित 61 मेधावी छात्राओं को अगले चार सप्ताह तक निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाशाली बालिकाओं को शिक्षा, कौशल और व्यक्तित्व विकास के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान छात्राओं को गणित, हिंदी, अंग्रेजी जैसे शैक्षणिक विषयों के साथ-साथ कराटे, योग, कंप्यूटर शिक्षा और अन्य जीवनोपयोगी कौशलों का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त छात्राओं के लिए छात्रावास एवं पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की गई है, ताकि उनका समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

अभियान की एक विशेष उपलब्धि के रूप में प्रतिभागी छात्राओं में से छह बालिकाओं का चयन कर उन्हें एनटीपीसी के सहयोग से बाल भारती पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। इससे प्रतिभाशाली छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक एल.के. बेहेरा ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि यह पहल बालिकाओं के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है और उन्हें एक सशक्त एवं आत्मविश्वासी नागरिक के रूप में तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह कार्यक्रम बालिकाओं को अपने सपनों को साकार करने और जीवन में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा देगा। समारोह से पूर्व एल.के. बेहेरा ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बालिका सशक्तिकरण अभियान के कक्षाओं एवं छात्रावास परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कार्यक्रम में बीआरबीसीएल के परियोजना प्रमुख दीपक रंजन डिहुरी, स्वरा महिला संघ की अध्यक्षा आरती बेहेरा, महाप्रबंधक (परियोजना) राकेश शर्मा, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस) मनोरंजन पाणिग्रही, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ओंकार नाथ सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## नवीनगर में जल्द शुरू होगा आईटीआई

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** बिहार मंत्रिमंडल की बैठक में औरंगाबाद जिले के युवाओं के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कैबिनेट ने नवीनगर में निर्मित नए भवन में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के संचालन को मंजूरी दे दी है। इसके शुरू होने से क्षेत्र के सैकड़ों युवाओं को तकनीकी शिक्षा और रोजगारपरक प्रशिक्षण का लाभ मिल सकेगा। मंत्रिमंडल की स्वीकृति के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 से नवीनगर आईटीआई में पांच विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। संस्थान के सुचारू संचालन के लिए 38 नए पदों का सृजन किया गया है। साथ ही इसके संचालन और रखरखाव पर प्रतिवर्ष 2.11 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाएंगे। इस परियोजना की विशेष बात यह है कि बीआरबीसीएल द्वारा निर्मित भवन और अन्य आधारभूत सुविधाएं राज्य सरकार को निःशुल्क हस्तांतरित की जाएंगी। इससे सरकार पर अतिरिक्त निर्माण व्यय का बोझ नहीं पड़ेगा और संस्थान को शीघ्र शुरू करने का रास्ता साफ होगा।

# विधानसभा में आदित्य नगर का नाम बुलंद करने के लिए कुटुम्बा विधायक ललन राम को सौंपा गया ज्ञापन

निज संवाददाता | कुटुंगबा (औरंगाबाद)

जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था केशव लोकमंच द्वारा औरंगाबाद जिला का नाम परिवर्तन कर आदित्य नगर रखने के निमित कुटुम्बा विधानसभा के विधायक ललन राम को संस्था के सदस्यों ने ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन सौंपने के क्रम में संस्था के सदस्यों ने बताया कि संस्था द्वारा संवैधानिक तरीके से लगातार केंद्र से लेकर राज्य तक सभी सक्षम लोगों को नाम परिवर्तन से संबंधित पत्र प्रेषित किया गया है। इस संबंध में भारत सरकार, गृह मंत्रालय एवं प्रधानमंत्री कार्यालय से लेकर राज्य सरकार, मुख्यमंत्री कार्यालय एवं राज्यपाल के यहां भी पत्र भेजा गया है। पत्र का संज्ञान लेते हुए गृह मंत्रालय ने इस विषय पर जवाबी पत्र को भी प्रेषित किया।तत्पश्चात सदस्यों ने औरंगाबाद जिले के सभी जनप्रतिनिधियों से संपर्क स्थापित किया। स्थानीय से लेकर उच्च सदन तक के जन प्रतिनिधियों को लगातार अपना ज्ञापन सौंप रहे हैं, ताकि जनप्रतिनिधि बिहार विधानसभा में नाम परिवर्तन से संबंधित सत्र शुरू होते ही आवाज़ उठाएं,जिससे औरंगाबाद जिले का नाम आदित्य नगर रखा जाए। विदित हो कि औरंगाबाद जिला प्राचीन समय से आदित्य पूजा के लिए विख्यात रहा है। इसका प्रमाण भगवान आदित्य का विशाल मंदिर औरंगाबाद जिले में स्थापित है। इसी संदर्भ के निमित्त संस्थान के सदस्यों ने आदित्य नगर नाम रखने का निर्णय लिया।

## औरंगाबाद का नाम 'आदित्य नगर' करने की मांग का रामानुज पांडेय का समर्थन

**औरंगाबाद(एसवीवी.सं.)।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष, चाणक्य परिषद के संस्थापक अध्यक्ष एवं चर्चित वक्ता रामानुज पांडेय ने औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर 'आदित्य नगर' किए जाने की मांग का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि जिले की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को देखते हुए 'आदित्य नगर' नाम सबसे उपयुक्त एवं सार्थक होगा। श्री पांडेय ने कहा कि औरंगाबाद की पहचान भगवान आदित्य (सूर्य देव) की आराधना से जुड़ी हुई है और यह क्षेत्र पौराणिक काल से ही सूर्य उपासना के प्रमुख केंद्र के रूप में प्रसिद्ध रहा है। देश-विदेश में आयोजित होने वाले सूर्योपासना और छठ महापर्व के संदर्भ में भी इस क्षेत्र की विशेष पहचान रही है। ऐसे में जिले का नाम 'आदित्य नगर' रखे जाने से इसकी ऐतिहासिक गरिमा और सांस्कृतिक विरासत को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिले का नाम परिवर्तन कर आदित्य नगर किए जाने से उस पहचान को स्थायी स्वरूप मिलेगा।

